# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com भोपाल, बुधवार 12 नवंबर 2025


## लोकतंत्र की जननी ने रचा इतिहास महिलाओं का वोटिंग परसेंट 8.8 ज्यादा

बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में महिलाओं ने बंपर वोटिंग की है। पुरुषों के मुकाबले इनकी हिस्सेदारी 8.8 प्रतिशत अधिक रही है। महिलाओं ने 71 6% वोट कास्ट किया है, जबकि पुरुष का यह आंकड़ा 62.8% है। दूसरे फेज में महिलाओं का वोटिंग प्रतिशत 74.03 रहा, जबकि पुरुष वोटर की भागीदारी 64.01% रही। 1998 के चुनाव में महिलाओं की भागीदारी 73.86% थी, जबकि पुरुष ने 64.60% वोट किए थे। दोनों चरणों को मिलाकर करीब 66.90 फीसदी मतदान हुआ है।

**अंतिम व दूसरे चरण का मतदान**

## बिहार के 20 जिलों की 122 विधानसभा सीटों पर रिकॉर्डतोड़ वोटिंग

# 68.85% मतदान, आजादी के बाद पहली बार इतना मतदान

### किस जिले में कितना हुआ मतदान?

पश्चिम चंपारण में 69.02%, पूर्वी चंपारण में 69.31%, शिवहर में 67.31%, सीतामढ़ी में 65.29%, मधुबनी में 61.79%, सुपौल में 70.69%, अररिया में 67.79%, किशनगंज में सर्वाधिक 76.26%, पूर्णिया में 73.79%, कटिहार में 75.23%, भागलपुर में 66.03%, बांका में 68.91%, कैमूर (भभुआ) में 67.22%, रोहतास में 60.69%, अरवल में 63.06%, जहानाबाद में 64.36%, औरंगाबाद में 64.48%, गया में 67.50%, नवादा में सबसे कम 57.11% तथा जमुई में 67.81% मतदान हुआ

### सबसे अधिक वोटिंग पूर्णिया जिले के कस्बा में 81.18 फीसदी, सबसे कम नवादा में 57.11 फीसदी मतदान

एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे और अंतिम चरण के लिए मतदान पूरा हो गया। इस चरण में 3 करोड़ 70 लाख से अधिक मतदाता 122 सीटों पर 1302 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला ईवीएम में कैद कर चुके हैं। इनमें मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अगुवाई वाली सरकार के आधा दर्जन से अधिक मंत्री भी शामिल हैं। बिहार चुनाव के दूसरे चरण में 45,399 मतदान केंद्रों पर वोट डाले गए, जिनमें से 40,073 मतदान केंद्र ग्रामीण इलाकों में हैं। कुल मतदाताओं में 1.75 करोड़ महिलाएं हैं।

बिहार विधानसभा चुनाव में जहां पहले चरण में जबरदस्त वोटिंग हुई थी, वैसा ही उत्साह लोगों में दूसरे चरण के मतदान में भी दिख रहा है। दूसरे चरण में शाम 5 बजे तक ▶▶ शेष पेज 4 पर

### 2020 की तुलना में 10% से ज्यादा वोटिंग



जहानाबाद में लंबी कतारें नजर आईं, व्हील चेयर पर बुजुर्ग पहुंचीं

### भाजपा ने चुनाव आयोग से की शिकायत

दूसरे चरण की वोटिंग के बीच भाजपा ने चुनाव आयोग से शिकायत की है। भाजपा ने बिहार के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी से की शिकायत में कहा कि आरजेडी अपने सोशल मीडिया हैंडल से झूठ फैला रही है और आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन कर रही है। रोहतास जिले की चेनारी विधानसभा सीट के कोनकी गांव में बूथ नंबर 204 पर एक भी मतदाता वोट डालने नहीं पहुंचा। कोनकी गांव के ग्रामीण पंचायत भवन नहीं बनाए जाने से नाराज थे। मोतिहारी पुलिस ने फर्जी वोट डालने के आरोप में बड़ी कार्रवाई की है। ढाका के पचपकड़ी थाना क्षेत्र के बूथ संख्या 352 और 356 पर दूसरे के नाम पर बुर्का पहनकर वोट डालने आई तीन महिलाओं पांच युवकों को हिरासत में लिया गया। ▶▶ पढ़ें पेज 07 भी

## सभी एजेंसियों के एग्जिट पोल का 'अनुमान' सामने आया

### एनडीए को 130 से 209 तक सीटें...महागठबंधन 100 सीटों के नीचे ही



# बिहार में एनडीए की ही 'बहार'

*विपक्ष के वोट चोरी के मुद्दे के बीच बिहार में हुए चुनाव में महागठबंधन की कसावट की असलियत एग्जिट पोल के अनुमानों ने खोल दी है। एनडीए फिर महागठबंधन को बुरी तरह से पटखनी देता दिख रहा है*




विहार: कुल सीटें- 243 | बहुमत के लिए चाहिए: 122

| सर्वे एजेंसी | भाजपा+ | राजद+ | जनसुराज | अन्य |
|---|---|---|---|---|
| मैट्रीज आईएएनएस | 147-167 | 70-90 | - | 2-6 |
| पीपल्स पल्स | 133-159 | 75-101 | 0-5 | 2-8 |
| जेवीसी पोल | 135-150 | 88-103 | 0-1 | 3-6 |
| पीपल्स इनसाइट | 133-148 | 87-102 | 0-2 | 3-6 |
| चाणक्य स्ट्रैटजीज | 130-138 | 100-108 | - | 3-5 |
| पोलस्ट्रैट | 133-148 | 87-102 | - | 3-5 |
| पोल डायरी | 184-209 | 32-49 | - | 1-5 |
| प्रजा पोल एनालिटिक्स | 186 | 50 | - | 0-7 |
| टीआईएफ रिसर्च | 145-163 | 76-95 | - | 3-6 |
| पी-मार्क | 142-162 | 80-98 | 1-4 | 0-3 |

### एग्जिट पोल का मतलब साफ

- एनडीए की सरकार बनना तय
- सभी एग्जिट पोल में भाजपा-जेडीयू गठबंधन को बहुमत से आगे
- नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए को लगभग दो-तिहाई बहुमत
- तेजस्वी यादव के नेतृत्व में महागठबंधन को बड़ा झटका
- जन सुराज और अन्य दलों का असर सीमित रहेगा
- मतदाताओं ने विकास, स्थिरता और अनुभव पर भरोसा जताया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बिहार में लीजिए फिर एनडीए की बहार यानी नीतीश कुमार की फिर सरकार। 10 एग्जिट पोल के नतीजों ने यह साफ कर दिया है कि राज्य में एक बार फिर नीतीश कुमार की अगुवाई में एनडीए सरकार बन सकती है। एनडीए को बहुमत से कहीं ज्यादा सीटें मिलने का अनुमान है, जबकि महागठबंधन अबकी बार पिछड़ता दिख रहा है। सर्वे का 'औसत' साफ बताता है कि एनडीए को लगभग 145-165 सीटें मिल सकती हैं, जो 243 सदस्यीय विधानसभा में बहुमत के आंकड़े 122 से काफी आगे है। महागठबंधन (आरजेडी, कांग्रेस और वाम दल) को 70–100 सीटों के बीच तक सीमित बताया गया है। वहीं, प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी (जेएसपी) को सभी सर्वे में 0 से 5 सीटों के बीच का अनुमान है। अन्य श्रेणी में एआईएमआईएम, हम, और छोटे क्षेत्रीय दलों को मिलाकर 2 से 10 सीटें मिल सकती हैं।

### 65% महिलाओं ने एनडीए को वोट दिया

मैट्रीज एग्जिट पोल के अनुसार 65 प्रतिशत महिलाओं ने एनडीए को वोट दिया और 27 प्रतिशत महिलाओं ने महागठबंधन को मत दिया। वहीं 52 प्रतिशत पुरुषों ने एनडीए को वोट दिया और 36 पुरुषों ने महागठबंधन को वोट दिया। बिहार के ज्यादातर चुनावों में महिला वोटर नीतीश कुमार को अन्य दलों से ज्यादा पसंद करती रही हैं। टाइम्स नाउ और जेवीसी के एग्जिट पोल में एनडीए को 135-150 सीटों का अनुमान जताया गया है। राज्य में महागठबंधन को 88-103 सीटें मिल सकती हैं। इसके अलावा अन्य दलों को तीन से सात सीटें मिल सकती हैं। टीआईएफ के एग्जिट पोल सर्वे के अनुसार एनडीए को 184 से 209 और महागठबंधन को 76-95 सीटें मिल सकती हैं। जन सुराज को एक भी सीट नहीं मिलेगी। बिहार चुनाव 2025 के लिए कराए गए जेवीसी के एग्जिट पोल में एनडीए को 135 से 150 सीटें, ▶▶ शेष पेज 4 पर

### पिछले चुनावों में गलत साबित हुए थे एग्जिट पोल

बता दें पिछले 3 विधानसभा चुनावों (2010, 2015, 2020) के एग्जिट पोल्स गलत साबित हुए थे। 2015 में ज्यादातर एग्जिट पोल्स ने एनडीए यानी भाजपा+ को बढ़त दी थी, जबकि महागठबंधन ने स्पष्ट बहुमत हासिल किया। वहीं, 2020 में तस्वीर उलटी रही। 2020 में महागठबंधन की जीत का अनुमान लगाया, लेकिन परिणामों में एनडीए ने 125 सीटें जीतकर सरकार बनाई।

**अमेरिका से आई खुशखबर:** भारत पर लागू टैरिफ को कम करने के फिर संकेत दिए

# ट्रंप का बड़ा ऐलान-घटा देंगे भारत पर लगा टैरिफ

### ट्रंप ने कहा है वे भारत पर टैरिफ को आधा यानी 50% कम करेंगे | दावा- भारत ने रूस से तेल खरीदी कम कर दी है

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका से भारत के लिए एक बड़ी खुशखबरी आई है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है वे भारत पर टैरिफ को आधा यानी 50% कम करेंगे। ट्रंप की ओर से ये भी साफ किया गया कि रूसी तेल खरीद ही वो बड़ा कारण था, जिसे चलते भारत पर लगा टैरिफ बढ़ाकर डबल किया गया था। अब उन्होंने इस हाई टैरिफ को कम करने का ऐलान किया है।

डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि फिलहाल रूस के तेल की वजह से भारत पर टैरिफ बहुत ज्यादा है। लेकिन उन्होंने अब रशियन ऑयल की अपनी खरीदारी कम कर दी है। इससे पहले ट्रंप ने भारत के साथ व्यापार संबंधों में नरमी के संकेत देते हुए कहा था कि हम भारत के साथ ट्रेड डील के बेहद करीब है, ट्रंप ने यह टिप्पणी सर्जियो गोर के भारत में राजदूत के रूप में शपथ ग्रहण समारोह के दौरान की। इस दौरान ट्रंप ने ट्रेड डील के खास होने की बात कही है। उन्होंने कहा कि अभी वे मुझे पसंद नहीं करते, लेकिन वे हमें फिर से पसंद करेंगे। गौरतलब है कि डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर पहले 25 फीसदी का रेसिप्रोकल लगाया था, लेकिन इसे कुछ महीनों बाद अचानक इसे बढ़ाकर 50% कर दिया था।

### हम भारत के साथ ट्रेड डील के बेहद करीब



### ट्रंप ने कहा-पीएम मोदी के साथ बेहतरीन संबंध

पीएम मोदी के साथ संबंधों को लेकर ट्रंप ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के साथ हमारे बेहतरीन संबंध हैं और सर्जियो ने इसे और भी मजबूत किया है क्योंकि वे पहले से ही प्रधानमंत्री मोदी के साथ मित्रवत हो गए हैं। राजदूत के रूप में सर्जियो हमारे देश के संबंधों को मजबूत करने, प्रमुख अमेरिकी उद्योगों और तकनीकों में निवेश को बढ़ावा देने, अमेरिकी ऊर्जा निर्यात बढ़ाने और हमारे सुरक्षा सहयोग का विस्तार करने के लिए काम करेंगे।

### भारत के साथ कर रहे ट्रेड डील

दरअसल, ओवल ऑफिस में ट्रंप से सवाल किया गया कि भारत के साथ व्यापार समझौता कितना करीब है और क्या वह नई दिल्ली पर टैरिफ कम करने पर विचार करेंगे? इसका जवाब देते हुए ट्रंप ने कहा, हम भारत के साथ एक डील कर रहे हैं। ये डील पहले से बहुत अलग है। हमें एक उचित सौदा मिल रहा है। वे बहुत अच्छे वार्ताकार हैं, इसलिए सर्जियो आपको इस पर गौर करना होगा। मुझे लगता है कि हम एक ऐसे समझौते के बहुत करीब हैं जो सभी के लिए अच्छा है।


inh 24x7

छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें

TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


### अब बोत्सवाना से कूनो आएंगे 8 और चीते

श्योपुर। श्योपुर के कूनो नेशनल पार्क में चीतों का कुनबा एक बार फिर बढ़ने जा रहा है। दक्षिण अफ्रीका और नामीबिया के बाद अब एक ओर अफ्रीकी देश बोत्सवाना से चीते लाने के लिए भारत सरकार ने एमओयू किया है। बोत्सवाना से दिसंबर माह में 8 चीते भारत भेजे जाएंगे। उन्हें कूनो पार्क के बाड़ो में रखा जाएगा।

स्वास्थ्य, शिक्षा, आजीविका, प्रशासन पर विशेषज्ञ करेंगे चर्चा

## आज भोपाल में नेशनल कॉन्क्लेव का शुभारंभ करेंगे सीएम डॉ. यादव



कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर

***राज्यपाल मंगुभाई पटेल समापन सत्र के होंगे मुख्य अतिथि***

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव केंद्रीय जनजाति कार्य मंत्रालय और मध्यप्रदेश जनजाति कार्य विभाग द्वारा संयुक्त रूप से जनजाति कल्याण के लिए कार्य कर रहे अशासकीय संगठनो की नेशनल कॉन्क्लेव का भोपाल में बुधवार 12 नवंबर को शुभारंभ करेंगे। कॉन्क्लेव का आयोजन कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में किया गया है। इसमें देश के 500 से ज्यादा विषय विशेषज्ञ जनजातीय कल्याण से जुड़े विषयों पर चर्चा करेंगे। ▶▶ शेष पेज 4 पर

उज्जैन में 30 नवंबर को खरगोन की इशिता बनेंगी दुल्हन

## मुख्यमंत्री सामूहिक सम्मेलन में करेंगे बेटे अभिमन्यु का विवाह



फाइल फोटो

***सामूहिक विवाह सम्मेलन में शामिल होंगे 20 अन्य जोड़े***

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव अपने बेटे डॉ. अभिमन्यु यादव का विवाह सरकारी सामूहिक विवाह सम्मेलन में करने जा रहे हैं। यह 30 नवंबर को उज्जैन में आयोजित होने वाले सामूहिक विवाह सम्मेलन में संपन्न होगा, जिसमें विभिन्न समाजों के लगभग 20 जोड़े शामिल होंगे। खरगोन की रहने वाली इशिता की सगाई करीब 5 माह पहले अभिमन्यु के साथ सादगीपूर्ण ढंग से हुई थी। विवाह सम्मेलन में ▶▶ शेष पेज 4 पर

### रात का पारा आधा डिग्री गिरकर 8.3 डिग्री, यह सामान्य से 8 डिग्री कम

इंदौर, शहडोल, जबलपुर में भी सीवियर कोल्ड वेव से कड़ाके की सर्दी

## सर्दी ने तोड़े सभी रिकार्ड...कांपा भोपाल लगातार पांच दिन से सीवियर कोल्ड वेव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित चार जिलों में मंगलवार को भी तीव्र शीतलहर रही। भोपाल में अब तक के दर्ज आंकड़ों के अनुसार यह पहला मौका है, जबकि नवंबर के पहले हफ्ते में लगातार पांच दिन सीवियर कोल्ड वेव रही है।

साथ ही राजगढ़, सीहोर, शाजापुर, रीवा, मालाजखंड (बालाघाट), नौगांव में भी शीतलहर का असर रहने से तेज सर्दी का अहसास बना हुआ है। भोपाल में रात का पारा दशमलव 5 डिग्री गिरकर 8.3 डिग्री रहा, जो सामान्य से 8 डिग्री ▶▶ शेष पेज 4 पर




करोंद जेल रोड, शाम 5 :30 बजे

### अगले 2-3 दिन ऐसी ही रहेगी सीवियर कोल्ड वेव

मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार भोपाल के मौसम के इतिहास में यह दुर्लभ केस है, जब दर्ज आंकड़ों में नवंबर के पहले हफ्ते में ही लगातार पांच दिन सीवियर कोल्ड वेव रही है। नवंबर अभी रात का पारा 8 डिग्री है, जो 16 डिग्री के करीब होता है। इससे पहले हफ्ते में कोल्ड वेव नहीं होती। नवंबर के अंत में शीतलहर या तेज सर्दी शुरू होती है। इसलिए यह नया रिकॉर्ड बना है। अभी दो तीन ▶▶ शेष पेज 4 पर

### यह है ऑल टाइम रिकॉर्ड

मौसम केंद्र के अनुसार ऑल टाइम रिकॉर्ड के अनुसार 30 नवंबर 1941 को सबसे कम रात का पारा 6.1 डिग्री रहा है। इसी दौरान कुछ दिन तीव्र कोल्ड रही है। इस साल 7 नवंबर से भोपाल में सीवियर कोल्ड वेव लगातार जारी है। यह ऑल टाइम रिकार्ड के अनुसार पहला अवसर है। शहडोल 7.5, अमरकंटक (अनूपपुर) 7.8, शाजापुर 7.9, राजगढ़ 8 और भोपाल में न्यूनतम पारा 8.3 डिग्री रहा। इन जिलों में कड़ाके की सर्दी जारी है।


जो कहा
वह किया
नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री
लाड़ली बहनों को
अब से प्रतिमाह
₹1500
डॉ. मोहन यादव का
अभ्युदय
मध्यप्रदेश
मुख्यमंत्री
डॉ. मोहन यादव
द्वारा
"मध्यप्रदेश की महिलाएं आर्थिक, सामाजिक रूप से आत्मनिर्भर बन रही हैं अब बढ़ी हुई राशि बहनों के स्वावलंबन की नई राह खोलेगी।"
डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री
1.26 करोड़ लाड़ली बहनों को
₹1857 करोड़ का अंतरण
₹560 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण
12 नवम्बर 2025
दोपहर 12:00 बजे । सिवनी, मध्यप्रदेश
सीधा प्रसारण
Webcast.gov.in/mp/cmevents
@Cmmadhyapradesh
@jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhyapradesh
@jansamparkMP
JansamparkMP
मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी
D-11137/25
आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2025

भोपाल
बुधवार, 12 नवंबर 2025
अगहन मास कृष्ण पक्ष-08
वर्ष : 12, अंक : 222
पृष्ठ : 16 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 26
न्यून. 14

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

13 रणजी ट्रॉफी : 65 साल में पहली....



विचार पेज
06 दिल्ली ब्लास्ट हादसा या साजिश

## दिल्ली ब्लास्ट में मरने वालों की संख्या बढ़कर 13 हुई



विस्फोट वाले स्थल को कवर कर फोरेंसिक जांच की जा रही है

### इस धमाके का भी पुलवामा कनेक्शन निकला

# लाल किला ब्लास्ट फिदायीन हमला था कार में काला मास्क पहने बैठा था शख्स

- पुलवामा से डॉ. उमर का दोस्त डॉ. सज्जाद गिरफ्तार, भाई, मां-पिता हिरासत में
- फरीदाबाद से अरेस्ट डॉ. शाहीन जैश के महिला विंग की हेड
- शाहीन का काम भारत में महिलाओं की भर्ती ब्रेनवॉश और ऑपरेशन नेटवर्क तैयार करना था
- पाकिस्तान में आतंकी अजहर मसूद की बहन सादिया इसकी चीफ

*खुद को उड़ाने वाले उमर ने 3 बजकर 19 मिनट पर कार को पार्किंग में लगाया और 6 बजकर 48 मिनट पर पार्किंग से बाहर निकला था। जांच एजेंसियों का मानना है कि उमर ने फरीदाबाद टेरर मॉड्यूल के नेटवर्क के जरिए इस फिदायीन हमले को अंजाम दिया*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली में सोमवार शाम हुए कार धमाके की जांच करीब 20 घंटे बाद एनआईए को सौंप दी गई। इस बीच ब्लास्ट में मरने वालों की संख्या मंगलवार को बढ़कर 13 हो गई। इनमें 2 महिलाएं हैं। अब तक दो शवों की पहचान हो पाई है। बाकी की पहचान डीएनए टेस्ट से होगी। 20 घायलों का इलाज जारी है। लाल किला मेट्रो स्टेशन के गेट नंबर-1 के पास सोमवार शाम करीब 6.52 बजे हुए ब्लास्ट में जिस सफेद आई 20 कार का इस्तेमाल हुआ, उसका सीसीटीवी फुटेज मंगलवार को सामने आया। मेट्रो स्टेशन की पार्किंग से निकल रही कार में काला मास्क पहने एक शख्स बैठा दिखाई दिया। यानी, यह एक फिदायीन हमला माना जा रहा है। पुलिस के मुताबिक कार में बैठे शख्स का नाम ▶▶ शेष पेज 4 पर



डॉ. शाहीन शाहिद

**20 घंटे बाद एनआईए को सौंपी जांच**


**खुद को उड़ाने वाले के चीथड़ों की डीएनए जांच होगी**

### दिल्ली बम धमाके पर बोले पीएम मोदी
### साजिश करने वालों को छोड़ा नहीं जाएगा



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भूटान के थिंपू में बोलते हुए कहा कि इसके पीछे के षड्यंत्रकारियों को बख्शा नहीं जाएगा। सभी जिम्मेदार लोगों को न्याय के कठघरे में लाया जाएगा। प्रधानमंत्री राजा जिग्मे सिंग्ये वांगचुक के 70वें जन्मदिन समारोह में शामिल होने के लिए पड़ोसी देश ▶▶ शेष पेज 4 पर

### ब्लास्ट से पहले 3 घंटे तक कार में बैठा रहा उमर



डॉ. मोहम्मद उमर

जांच में सामने आया है कि डॉ. मोहम्मद उमर उर्फ उमर नबी, जो इस धमाके का मुख्य साजिशकर्ता माना जा रहा है, ब्लास्ट से पहले करीब तीन घंटे तक अपनी आई 20 कार में बैठा रहा। उमर ने 3 बजकर 19 मिनट पर कार को पार्किंग में लगाया था और 6 बजकर 48 मिनट पर पार्किंग से बाहर निकला। फुटेज में साफ दिखता है कि उमर एक बार ▶▶ शेष पेज 4 पर

### आज सीसीएस की अहम बैठक
## अब ऑपरेशन सिंदूर-2.0 पर हो सकता है फैसला

दिल्ली ब्लास्ट को लेकर बुधवार को कैबिनेट कमेटी ऑन सिक्योरिटी यानी सीसीएस की अहम बैठक बुलाई गई है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भी सीसीएस की मीटिंग बुलाई गई थी। इसमें तब पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों को मिट्टी में मिलाने का फैसला हुआ था। अब दिल्ली ब्लास्ट के बाद सीसीएस की बैठक होनी हैं। ऐसे में सवाल है कि क्या इसमें ऑपरेशन सिंदूर-पार्ट-2.0 को लेकर कोई बड़ा फैसला हो सकता है? पीएम मोदी की बैठक पर अब सबकी नजरें ▶▶ शेष पेज 4 पर

### गृह मंत्री अमित शाह ने की उच्च स्तरीय बैठक
### कहा- दिल्ली धमाके के दोषियों को नहीं बख्शेंगे



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को लाल किले के पास हुए विस्फोट के बाद राष्ट्रीय राजधानी और देश के अन्य हिस्सों में सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की। शाह ने दो अलग-अलग बैठकें कर अधिकारियों को अहम दिशा-निर्देश दिए। पहली बैठक में केंद्रीय गृह ▶▶ शेष पेज 4 पर

## खबर संक्षेप

### निठारी हत्याकांड में आरोपी सुरेंद्र कोली बरी

**नई दिल्ली।** निठारी कांड के सबसे चर्चित आरोपी सुरेंद्र कोली को सुप्रीम कोर्ट ने बड़ी राहत दी है।



सुप्रीम कोर्ट ने उनकी कर्वेटिव पिटीशन को स्वीकार करते हुए उनकी अंतिम सजा रद्द कर दी और उन्हें पूरी तरह बरी कर दिया। यह मामला 2005-2007 के बीच नोएडा के निठारी क्षेत्र में हुई बालिकाओं की सामूहिक हत्याओं से जुड़ा है।

### अस्पताल से रात दो बजे ड्यूटी डॉक्टर का अपहरण

**मुरैना।** कैलारस अस्पताल में रात्रि ड्यूटी कर रहे डॉक्टर बलबीर धाकड़ के साथ भाजपा नेता और



उसके परिजनों द्वारा दुर्व्यवहार का मामला सामने आया है। आरोप है कि रात दो बजे भाजपा नेता और उसके सहयोगी डॉक्टर को जबरन अस्पताल से उठाकर अपने घर ले गए। घटना के विरोध में डॉक्टरों ने थाने का घेराव कर आरोपी के खिलाफ अपहरण और शासकीय कार्य में बाधा का मामला दर्ज करने की मांग की है।

### स्कूल के वॉशरूम में फांसी लगाकर सुसाइड

**दतिया।** जिले में एक टीचर ने स्कूल परिसर में वॉशरूम में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।



पंडोखर थाना क्षेत्र के ग्राम सालोंन बी स्थित प्राइमरी स्कूल में घटना के समय स्कूल में बच्चे और अन्य शिक्षक भी थे। उदयभान सिहारे (50), लंबे समय से मानसिक तनाव में थे। हाल ही में उन्हें बीएलओ का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया था, जिससे वे परेशान चल रहे थे।

### ओंकारेश्वर घूमने आए दो दोस्त नर्मदा में डूबे

**खंडवा।** मथुरा से 6 दोस्त ओंकारेश्वर ज्योर्तिलिंग के दर्शन करने पहुंचे दो दोस्त नर्मदा नदी में डूब गए।



मंगलवार दोपहर के समय नर्मदा स्नान के दौरान एक दोस्त का चट्टानों पर पैर फिसला। दूसरा दोस्त उसे बचाने के लिए कूदा तो वह भी गहरे पानी में चला गया। करीब 9 घंटे बाद भी दोनों का कोई सुराग नहीं मिल पाया है। हादसा ब्रह्मपुरी घाट पर हुआ है।

### मुख्यमंत्री ने जंबूरी मैदान में सरपंच संयुक्त मोर्चा सम्मेलन को किया संबोधित

**सचिवों को दी साफ चेतावनी**

# सीएम ने किया ऐलान-सरपंच अब 25 लाख तक के करा सकेंगे काम



*सरपंचों की शिकायतों पर मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया कि यदि कोई सचिव काम में अड़ंगे लगाता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई करेंगे। इसमें कोई रियायत नहीं होगी।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि त्रिस्तरीय पंचायतराज व्यवस्था में सरपंच के पास पर्याप्त शक्तियां हैं। यदि कोई सचिव काम नहीं करेगा तो उसे हटा देंगे।

सरपंच के मामले में दिक्कत आएगी तो उसे ठीक करने का काम सरकार को है। उन्होंने कहा कि सरपंच अपनी पंचायत को नई ऊंचाइयों पर लेकर जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि पंचायतों को 25 लाख रुपए तक के कार्य करने का अधिकार दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने पंचायत ▶▶ शेष पेज 4 पर

**पंचायत प्रतिनिधियों को विकास कार्यों के लिए मिलेंगे 50-50 हजार रुपए**





मुख्यमंत्री ने पंचायत प्रतिनिधियों को विकास कार्यों के लिए राशि अंतरित किए जाने की घोषणा की

**वर्ष 2026 को कृषि आधारित उद्योग वर्ष के रूप में मनाया जाएगा**

**भोपाल में पंचायत प्रतिनिधियों की कॉन्फ्रेंस 24 से 26 नवंबर को**

▶▶ दिल्ली विस्फोट के मृतकों की आत्मा की शांति के लिए रखा गया दो मिनट का मौन

### नदियों के उद्गम स्थलों का बेहतर रखरखाव करें पंचायत प्रतिनिधिः मंत्री पटेल

पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रह्लाद पटेल ने ने कहा कि जिन पंचायतों में नदियां के उद्गम स्थल मौजूद हैं, वहां के सरपंच अपनी कार्य योजना में उद्गम स्थल के बेहतर रखरखाव संबंधी कार्यों को शामिल करें। ऐसी पंचायतें जहां की आबादी 5000 से अधिक होगी, वहां 2 सामुदायिक भवन स्वीकृत किए जाएंगे।

### पंचायतों को मिलेंगे कार्यालय और सामुदायिक भवन

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने तीनों स्तर के पंचायत संस्थान के लिए कार्यालय और गांवों के लिए सामुदायिक भवन की व्यवस्था करने का निर्णय लिया गया है। इस अनुक्रम में प्रदेश की पंचायतों के लिए 2472 अटल पंचायत भवन, 1037 सामुदायिक भवन, 106 जनपद पंचायत भवन तथा 5 जिला पंचायत भवन स्वीकृत किए हैं। गांव के शांति धाम भी व्यवस्थित रूप से विकसित हों, इस उद्देश्य से दिसम्बर 2026 तक सभी शांति धाम अतिक्रमण से मुक्त कर उनके पहुंच मार्ग बनाने और आवश्यक फेंसिंग और पौधरोपण कार्य के निर्देश दिए गए हैं।

### युवाओं को उद्यानिकी और खाद्य प्रसंस्करण का प्रशिक्षण

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में रोजगार आधारित उद्योग स्थापित किए जा रहे हैं। वर्ष-2026 को कृषि आधारित उद्योग वर्ष के रूप में घोषित किया जाएगा। किसानों की आय बढ़ाने के उद्देश्य से सब्जी और अन्य फसलों के लिए खाद्य प्रसंस्करण इकाइयां खोली जा रही हैं। युवाओं को उद्यानिकी और खाद्य प्रसंस्करण का प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है।

### अब तक मिल चुकी है 45 हजार करोड़ की राशि

# 1.26 करोड़ लाड़ली बहनों को आज मिलेंगे 1500 रु.

**लाड़ली बहनों ने अपने भैया मोहन के प्रति आभार जताते हुए कहा है कि वे ठीक उसी प्रकार हमारा ध्यान रख रहे हैं, जैसे भगवान श्रीकृष्ण ने अपनी बहन सुभद्रा का रखा था**



रक्षाबंधन के दौरान सीएम की तस्वीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र में लाड़ली बहनों से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का किया हुआ वादा बुधवार 12 नवंबर को पूरा होने जा रहा है। एक करोड़ 26 लाख से अधिक लाड़ली बहनों को सिवनी में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में बढ़ी हुई राशि उनके खाते में अंतरित की जाएगी। मुख्यमंत्री प्रत्येक लाड़ली बहना के खाते में 1500 रुपए देने की शुरूआत करेंगे। मुख्यमंत्री की इस पहल पर प्रदेश की लाड़ली बहनों ने अपने भैया मोहन के प्रति आभार जताते हुए कहा है कि वे ठीक उसी प्रकार हमारा ध्यान रख रहे हैं, जैसे भगवान श्रीकृष्ण ने अपनी बहन सुभद्रा का रखा था। प्रदेश की महिलाओं के आर्थिक और सामाजिक सशक्तिकरण की दिशा में चल रही मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना ने एक ऐतिहासिक उपलब्धि दर्ज की है। जून 2023 से अक्टूबर 2025 तक योजना के तहत लाभार्थी महिलाओं को कुल 29 किस्तों में नियमित आर्थिक सहायता राशि का अंतरण किया गया है। इसके साथ ही रक्षा बंधन पर अगस्त 2023, अगस्त 2024 और अगस्त 2025 में ▶▶ शेष पेज 4 पर

### योजना ने महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त किया

प्रदेश सरकार की ओर से संचालित महत्वाकांक्षी योजना ने महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने में अहम भूमिका निभाई है। योजना से महिलाएं न केवल अपनी छोटी-छोटी वित्तीय आवश्यकताओं को पूरा कर रही हैं, बल्कि बैंकिंग में प्रणाली से भी सीधे जुड़ रही हैं। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना में प्रदेशभर में महिलाओं को आर्थिक सशक्तिकरण का सीधा लाभ मिल रहा है। योजना की अब तक की प्रगति रिपोर्ट के अनुसार, मप्र के सभी 55 जिलों ▶▶ शेष पेज 4 पर

### पति की मौत की झूठी खबर पर फूटा अभिनेत्री हेमा मालिनी का गुस्सा- ये बेहद अपमानजनक

## धर्मेंद्र की हालत स्थिर, कहा हमारे परिवार और निजता का पूरी तरह से सम्मान करें



एजेंसी ▶▶ मुंबई

वेटरन एक्टर धर्मेंद्र को लेकर इस वक्त चर्चाओं का बाजार काफी गर्म है। सोमवार देर रात हिंदी सिनेमा के ही-मैन के निधन की झूठी खबर आग की तरह फैली। कई न्यूज चैनलों ने इसका प्रसारण भी कर दिया। जिसका खंडन पहले धर्मेंद्र की बेटी और एक्ट्रेस ईशा देओल ने किया और अब इस मामले को लेकर सांसद-अभिनेत्री हेमा मालिनी ने अपनी ▶▶ शेष पेज 4 पर



हेमा मालिनी

**सनी देओल ने बताया- वे रिकवर कर रहे हैं और इलाज का असर हो रहा है**

### ये जो भी हो रहा है वह अक्षम्य

सोमवार से अभिनेता धर्मेंद्र मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में भर्ती हैं। उनकी हालत स्थिर बनी हुई है, जिसको लेकर सनी देओल ने ही अपडेट दिया है। 11 नवंबर की सुबह धर्मेंद्र की मौत की झूठी खबर तेजी से फैली, जिसको तुरंत ही ईशा देओल ने फेक बताकर खारिज किया और हेमा मालिनी ने भी इस मामले पर आपत्ति जताई है। हेमा ने अपने ऑफिशियल एक्स हैंडल पर एक लेटेस्ट ट्वीट किया है और लिखा है कि ये जो भी हो रहा है वह अक्षम्य है। जिम्मेदार चैनल ऐसे शख्स के बारे में झूठी खबर कैसे फैला सकते हैं, जिसका इलाज की प्रक्रिया ठीक रही है और उसमें असर भी नजर आ रहा है। ये सच में बेहद अपमानजनक और गैरजिम्मेदाराना है। सनी देओल ने पिता धर्मेंद्र की हेल्थ अपडेट दिया है। उनकी टीम ने बयान जारी कर कहा कि वे रिकवर कर रहे हैं और इलाज का असर हो रहा है। हम सब उनके अच्छे स्वास्थ्य और लंबी उम्र के लिए प्रार्थना करें।

### मानहानि केस में गिरफ्तारी वारंट को दी चुनौती
## मप्र हाईकोर्ट की शरण में ममता बेनर्जी का भतीजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर



मंत्री विजयवर्गीय के बेटे आकाश को गुंडा कहा था

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी के भतीजे और तृणमूल कांग्रेस के सांसद अभिषेक बेनर्जी ने अपने खिलाफ जारी गिरफ्तारी वारंट को चुनौती देते हुए मध्य प्रदेश हाई कोर्ट में याचिका दायर की है। मामला नवंबर 2020 में कोलकाता में आयोजित एक सभा में दिए गए बयान से जुड़ा है। अभिषेक बनर्जी ने उस दौरान ▶▶ शेष पेज 4 पर

### बालाघाट में प्रेम प्रसंग में खौफनाक अंत
## युवक ने चौराहे पर युवती को गला रेतकर मार डाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालाघाट



लोग रोकने के बजाए वीडियो बनाते रहे

जिले में मंगलवार को प्रेम प्रसंग के चलते एक युवक ने दिनदहाड़े बीच चौराहे पर युवती की बेरहमी से हत्या कर दी। यह घटना बैहर थाना क्षेत्र के आमगांव गांव की है, जहां सुबह करीब 10 बजे लोगों के सामने यह सनसनीखेज घटना घटी। जानकारी के अनुसार मृतका का नाम शीतल उर्फ रितु भंडारकर बताया जा ▶▶ शेष पेज 4 पर

### खंडवा जिला न्यायाधीश ने भेजा था पत्र
## जबलपुर हाईकोर्ट ने नाबालिग के गर्भपात की दी अनुमति

**इंदौर मेडिकल कॉलेज की असिस्टेंट प्रोफेसर को लगी फटकार**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर



इंदौर के एमजीएम अस्पताल की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉक्टर पूजा गांधी को हाईकोर्ट ने सुनवाई के दौरान जमकर फटकार लगाई। दुष्कर्म से गर्भवती हुई दिव्यांग और मानसिक रूप से विक्षिप्त महिला के गर्भपात से जुड़े मामले को लेकर चार दिन पहले लिंक भेजी गई थी। बावजूद इसके पूजा गांधी उसमें शामिल नहीं हुईं। जिस पर हाईकोर्ट ने नाराजगी ▶▶ शेष पेज 4 पर

### इंदौर के रहने वाले रिटायर्ड इंजीनियर की जनहित याचिका पर सुनवाई

**मांग-सड़कों पर गड्ढे होने पर जवाबदेही तय की जाए**

## जर्जर सड़कों को लेकर मप्र हाईकोर्ट ने केंद्र और राज्य सरकार से 4 हफ्ते में मांगा जवाब

**अगली सुनवाई अब 15 दिसंबर को तय की गई**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

मध्यप्रदेश की खराब सड़क और उससे हो रहे हादसों को हाईकोर्ट ने संज्ञान में लिया है।

इंदौर के रहने वाले रिटायर्ड इंजीनियर राजेंद्र सिंह की जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए चीफ जस्टिस की डिवीजन बेंच ने केंद्र और राज्य सरकार सहित एनएचएआई, एमपीआरडीसी, नगरीय प्रशासन विभाग को नोटिस देते हुए चार सप्ताह में जबाव मांगा है। याचिकाकर्ता ने कोर्ट से मांग की है कि सड़कों पर गड्ढे होने पर जवाबदेही तय की जाए। इसके साथ ही राजेंद्र सिंह ने गड्ढेदार सड़कों से हुए हादसों और मौत के भी आंकड़े दिए हैं। याचिकाकर्ता का यह भी कहना है कि सड़क हादसों में होने वाली मौतों पर मध्यप्रदेश देश में दूसरे स्थान पर है। हाईकोर्ट में दायर की गई जनहित याचिका में बताया गया कि प्रदेश की सड़कों पर 2023 में 5840 हादसे हुए थे जिसमें की 2161 मौतें भी हुईं। यह आंकड़े 2022 के मुकाबले 31.4 फीसदी ज्यादा हैं। इन हादसों के ▶▶ शेष पेज 4 पर



जबलपुर हाईकोर्ट

**सड़क हादसों में होने वाली मौतों पर मप्र देश में दूसरे स्थान पर**

**एक साल में 5840 हादसे, 2161 मौतें हुईं**

### इन विभागों से मांगा गया जवाब

- केंद्र सरकार
- मध्य प्रदेश सरकार
- भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण
- मध्य प्रदेश सड़क विकास निगम
- नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग

# सरदार पटेल ने देश की विविधता को एकता के सूत्र में पिरोया: सीएम डॉ. यादव

## आधुनिक भारत के निर्माण में सरदार पटेल की भूमिका महत्वपूर्ण

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि आधुनिक भारत के निर्माण में लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की सबसे महत्वपूर्ण भूमिका रही। उन्होंने अनेक रियासतों को एक करते हुए अखंड भारत की नींव रखी। उन्होंने देश की विविधता को एकता के सूत्र में पिरोया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत आज दुनिया के सामने जिस मजबूती के साथ खड़ा है, उसमें सबसे बड़ी भूमिका सरदार पटेल की रही है। सरदार पटेल की 150वीं जयंती से उनके गौरवशाली कार्यों का स्मरण करने के लिए प्रदेश में यूनिटी मार्च का आयोजन किया जा रहा है। डॉ. यादव सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती पर 'एक भारत-आत्मनिर्भर भारत' के लक्ष्य के साथ भोपाल- सीहोर लोकसभा क्षेत्र में निकाले जा रहे यूनिटी मार्च को वल्लभ भवन के सरदार पटेल पार्क में संबोधित कर रहे थे।

1. सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर यूनिटी मार्च का शुभारंभ
2. सरदार पटेल पार्क से यूनिटी मार्च में बड़ी संख्या में युवा हुए शामिल



सीएम, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष, सांसद, विधायक, जिलाध्यक्ष समेत जनप्रतिनिधियों ने सरदार पटेल का स्मरण किया

### मुख्यमंत्री ने रौपे कटहल और आम के पौधे

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करने के बाद 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान में कटहल और आम के पौधे रोपे। मुख्यमंत्री ने पुलिस बैंड द्वारा बजाई जा रही देशभक्ति गीतों की धुनों के बीच आसमान में तिरंगे बैलून छोड़े। सामूहिक समवेत स्वर में वंदे मातरम का गान हुआ। डॉ यादव ने झंडी दिखाकर यूनिटी मार्च को रवाना किया। यूनिटी मार्च में 2 हजार से अधिक युवाओं ने भाग लिया।

## अखंड भारत के लक्ष्य से युवा पीढ़ी को अवगत कराने गतिविधियां जारी: हेमंत

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल ने देश को एक करने का काम किया। सरदार पटेल के हाथों में नेतृत्व होता तो शायद हम आजादी के बाद चीन-अमेरिका के समकक्ष होते। सरदार पटेल ऐसी शख्सियत थे, जिन्होंने देश को एक करने का काम किया और 500 से ज्यादा रियासतों को देश में मिलाया। अगर सरदार पटेल के हाथों में उस दौर में देश का नेतृत्व होता तो देश बहुत तरक्की करता। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश की अर्थव्यवस्था को 11वें से चौथे नंबर पर लेकर आए हैं। हमें पटेल के विचारों को इस अभियान के माध्यम से आगे बढ़ाने का अवसर मिला है और हमें युवा पीढ़ी तक इसे लेकर जाना है।

### रियासतों का विलय कर अखंड भारत की नींव रखी: आलोक


पदयात्रा में शामिल जनप्रतिनिधि व युवा

*भाजपा सांसद आलोक शर्मा ने कहा कि लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर देशभर के प्रत्येक संसदीय क्षेत्र में 3 दिवसीय यूनिटी मार्च (पदयात्रा) का आयोजन किया जा रहा है। सरदार पटेल ने 562 रियासतों का विलय कर अखंड भारत की नींव रखी। भारत 1947 में अंग्रेजों की गुलामी से आजाद हो गया था, लेकिन भोपाल सहित जूनागढ़ और हैदराबाद जैसी कई रियासतों ने भारत में शामिल होने से इनकार किया। इसके बाद इन रियासतों को अखंड भारत का हिस्सा बनाने में सरदार पटेल की अहम भूमिका रहीं। कार्यक्रम में भोपाल महापौर मालती राय, विधायक भगवानदास सबनानी, पूर्व सांसद आलोक संजर, पूर्व विधायक ध्रुव नारायण सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष रवींद्र यति, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में युवा उपस्थित थे।*

## पूर्व सीएम सुंदरलाल पटवा का जीवन जनसेवा और उच्च आदर्शों को समर्पित रहा: डॉ. मोहन


विस में स्व. पटवा को पुष्पांजलि दी गई

मुख्यमंत्री, विधानसभा अध्यक्ष एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने विधानसभा में सुंदरलाल पटवा की जयंती पर अर्पित की पुष्पांजलि

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, मप्र विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर एवं भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने मंगलवार को विधानसभा में पूर्व मुख्यमंत्री, पद्म विभूषण सुंदरलाल पटवा की जयंती पर पुष्पांजलि कर उनके कृतित्व एवं व्यक्तित्व को याद किया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि सुंदरलाल पटवा ने अपना संपूर्ण जीवन जनसेवा, संगठन के विस्तार और उच्च आदर्शों को समर्पित कर दिया।

## खबर संक्षेप

### आयुष पाठ्यक्रम में प्रवेश नियमों में संशोधन

**भोपाल।** आयुष विभाग ने प्रदेश के आयुष चिकित्सा महाविद्यालयों में संचालित स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के प्रवेश नियमों में महत्वपूर्ण संशोधन किया है। विभाग ने पूर्व अधिसूचना (10 सितंबर 2024) के बिंदु क्रमांक 16.4 स्ट्रे वेकेंसी राउंड में बदलाव कर नई व्यवस्था लागू की है। संशोधन के अनुसार अब स्ट्रे वेकेंसी राउंड की प्रक्रिया अधिक पारदर्शी, सुव्यवस्थित और न्यायसंगत होगी, जिससे रिक्त सीटों का समुचित उपयोग हो सकेगा। इसका उद्देश्य अंतिम चरण में छात्रों को समान अवसर प्रदान करना और प्रवेश प्रक्रिया को सहज बनाना है। नीमा छात्र संघ के अध्यक्ष डॉ. हरेंद्र सिंह भदौरिया ने कहा कि यह संशोधन आयुष शिक्षा व्यवस्था में सराहनीय कदम है। इससे छात्रों को प्रवेश के अंतिम चरण में राहत मिलेगी और संस्थानों की रिक्त सीटें भर सकेंगी। उन्होंने इसे सरकार की पारदर्शी एवं छात्र हितैषी नीति का प्रतीक बताते हुए इस पहल का स्वागत किया।

### तीन वर्षों में करोड़ों खर्च आदिवासियों को लाभ नहीं

**भोपाल।** सैलाना के विधायक कमलेश्वर डोडियार ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र लिखकर आदिवासी उप योजना (टीएसपी) के अंतर्गत व्यय की गई 1.25 लाख करोड़ राशि की समीक्षा और जांच कराए जाने की मांग की है। डोडियार ने मुख्यमंत्री को लिखकर पत्र में बताया कि पिछले तीन वर्षों में राज्य सरकार द्वारा टीएसपी योजना के अंतर्गत लगभग 1.25 लाख करोड़ रुपए खर्च किए गए, किंतु इस राशि का बड़ा भाग जनजातीय कार्य विभाग के माध्यम से न होकर राज्य के अन्य 42 विभागों द्वारा अपने-अपने कार्य एवं परियोजनाओं में उपयोग किया गया। डोडियार ने बताया कि 148 लाख करोड़ रुपए के कुल प्रावधान में से 125 लाख करोड़ रुपए का वास्तविक उपयोग हुआ, जिसमें ऊर्जा, कृषि और ग्रामीण विकास विभागों ने सर्वाधिक खर्च किया। वहीं रोजगार, उद्योग, पर्यटन और नव ऊर्जा विभागों में उपयोग शून्य रहा। डोडियार ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि पिछले तीन वर्षों समीक्षा रिपोर्ट तैयार कराई जाए और जिन विभागों ने राशि का उपयोग अन्य मदों में किया है, उनकी जवाबदेही तय की जाए।

### स्व. पं. रामलखन दुबे की पुष्पांजलि सभा आज

**भोपाल।** मप्र विधानसभा में अवर सचिव रविंद्र दुबे के पिता एवं प्रख्यात शिक्षाविद् पं. रामलखन दुबे (निरालाजी) का देव लोक गमन रीवा जिले के गृह ग्राम दुबगवां में पिछले दिनों हो गया था। विंध्य परिवार की ओर से बुधवार को विधायक विश्राम गृह खंड क्रमांक दो के सभा भवन में दिवंगत के सम्मान में पुष्पांजलि सभा का आयोजन किया जाएगा।



## उद्योग प्रोत्साहन और निवेश अनुकूल वातावरण तैयार करने राज्य सरकार कर रही निरंतर प्रयास

# मप्र चार बिजनेस सेंट्रिक रिफॉर्म क्षेत्रों में टॉप एचीवर्स स्टेट के रूप में सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मप्र उद्योगों को प्रोत्साहित करने और निवेश-अनुकूल वातावरण तैयार करने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। केंद्र सरकार ने औद्योगिक विकास को नई दिशा दी है और सभी राज्यों को नवीन उद्योगों की स्थापना के लिए प्रेरित किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को नई दिल्ली में सुषमा स्वराज भवन में आयोजित 'उद्योग समागम' को संबोधित कर रहे थे।

कार्यक्रम में मप्र को बिजनेस रिफार्म एक्शन प्लान के तहत चार बिजनेस सेंट्रिक रिफॉर्म क्षेत्रों में 'टॉप एचीवर स्टेट' के रूप में सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री ने यह पुरस्कार केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री गोयल से प्राप्त किया। यह सम्मान राज्य की पारदर्शी औद्योगिक नीतियों और निवेशकों में विश्वास के वातावरण का प्रतीक है। कार्यक्रम को एमएसएमई मंत्री चैतन्य कुमार काश्यप ने संबोधित किया।

**खास बातें**

- मुख्यमंत्री ने नई दिल्ली के उद्योग समागम में प्रदेश के नवाचारों को किया साझा
- केंद्रीय मंत्री गोयल ने की मप्र की औद्योगिक प्रगति की सराहना


मुख्यमंत्री डॉ. यादव और मंत्री काश्यप को पुरस्कार प्रदान करते केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री गोयल

### अधिनियम से कानूनों की जटिलताओं को सरल बनाया

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार ने जनविश्वास अधिनियम से कानूनों की जटिलताओं को सरल बनाया है और निवेशकों में भरोसे का वातावरण स्थापित किया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में एमपी ई सेवा पोर्टल से 56 विभागों की 1700 से अधिक सेवाएं एक मंच पर उपलब्ध कराई गई हैं, जिससे निवेशकों को पारदर्शी, तीव्र और सुगम प्रक्रिया का लाभ मिल रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मप्र ने अपने नवाचारों, डिजिटल सेवाओं और निवेश-अनुकूल दृष्टिकोण से एक आदर्श स्थापित किया है।*

### रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव से स्थानीय उद्यमिता को मिला बल: मुख्यमंत्री डॉ. मोहन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मप्र ने ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को केवल नीतिगत सुधारों तक सीमित नहीं रखा, बल्कि उसे स्पीड, स्केल और स्कील ऑफ डूईंग में बदल दिया है। उन्होंने ने कहा कि प्रदेश की इंडस्ट्रियल ग्रोथ रेट उल्लेखनीय रूप से बढ़ी है। राज्य के सभी क्षेत्रों में रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव आयोजित किए गए हैं, जिससे स्थानीय उद्यमिता को बल मिला है। उन्होंने बताया कि पहली बार ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का सफल आयोजन राजधानी भोपाल में किया गया, जिससे मप्र की औद्योगिक पहचान को राष्ट्रीय स्तर पर सशक्त किया।

### भारत की औद्योगिक प्रगति केंद्र और राज्यों के समन्वित प्रयासों का परिणाम: केंद्रीय मंत्री गोयल

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि प्रदेश में एमएसएमई क्षेत्र तेजी से विस्तार कर रहा है और आईटी सहित सभी औद्योगिक क्षेत्रों को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार ठोस कदम उठा रही है। मुख्यमंत्री ने उद्योग समागम के आयोजन और सभी राज्यों को उद्योगों को प्रोत्साहित करने की दिशा में प्रेरित करने के लिए केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल का आभार माना। केंद्रीय मंत्री गोयल ने 'उद्योग समागम' में राज्यों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि भारत की औद्योगिक प्रगति केंद्र और राज्यों के समन्वित प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने कहा कि यह केवल सुधारों का दस्तावेज नहीं, बल्कि 'गुड गवर्नेंस और विश्वास आधारित नीति-निर्माण' का उदाहरण है।

#### इन्वेस्ट एमपी पोर्टल और एकल-विंडो प्रणाली

प्रदेश का इन्वेस्ट एमपी पोर्टल, एकल-विंडो प्रणाली, ऑनलाइन मंजूरी और डिजिटल सुविधा सेवाएं प्रदान करती है। राज्य ने 2,600 से अधिक अनुपालनों को युक्तिसंगत या डिजिटाइज किया है और 925 पुराने कानूनी प्रावधानों को निरस्त किया है। इसके अलावा 26 अधिनियमों में 108 प्रावधानों को अपराधमुक्त किया गया है, जो दंडात्मक अनुपालन प्रवर्तन से सुविधा-आधारित दृष्टिकोण में बदलाव को दर्शाता है। इन सुधारों का उद्देश्य नियामक प्रक्रियाओं को सरल बनाना, पारदर्शिता बढ़ाना और उत्तरदायित्व को बढ़ावा देना है, जिससे मप्र निवेशकों और उद्योगों के लिए एक आकर्षक गंतव्य बन जाए।

#### सरकार 'उद्योग एवं रोजगार वर्ष' के रूप में मना रही: मंत्री काश्यप

एमएसएमई मंत्री काश्यप ने कहा कि मप्र उद्योग और रोजगार के क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति कर रहा है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2025 को राज्य सरकार 'उद्योग एवं रोजगार वर्ष' के रूप में मना रही है। उन्होंने कहा कि जनविश्वास बिल 2024 के तहत पांच विभागों के आठ अधिनियमों की 64 धाराओं में संशोधन कर प्रक्रियाओं को सरल बनाया गया है। कॉन्फ्रेंस में बीआरएपी 2026 गाइड बुक का विमोचन किया गया।

## मुख्यमंत्री ने मंत्रालय के सिचुएशन रूम से कानून व सुरक्षा व्यवस्था की पड़ताल की



कानून व्यवस्था की समीक्षा करते मुख्यमंत्री डॉ. मोहन

### भीड़ भरे इलाकों, धार्मिक स्थलों और संवेदनशील स्थानों पर चौकसी बढ़ाई जाए, संदिग्धों पर नजर रखें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार को दिल्ली में हुए विस्फोट के संदर्भ में मंगलवार को मंत्रालय के सिचुएशन रूम से जिला कलेक्टरों से कानून व्यवस्था की स्थिति की जानकारी प्राप्त की।

उन्होंने सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए प्रदेश में सतर्कता बनाए रखने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में सभी सार्वजनिक स्थलों, भीड़ भरे इलाकों, धार्मिक स्थलों और अन्य संवेदनशील स्थानों पर चौकसी बढ़ाई जाए। संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने के लिए विशेष सावधानी बरती जाए। साथ ही यह ध्यान भी रखा जाए कि आमजन और सामान्य जीवन प्रभावित न हो। पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना ने सोमवार को दिल्ली में हुए विस्फोट के बाद प्रदेश में किए गए सतर्कता के उपायों और सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में जानकारी दी। सिचुएशन रूम में मुख्य सचिव अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव गृह शिव शेखर शुक्ला और वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## धान और सोयाबीन की फसलें बर्बाद, मुआवजे की मांग की

## बंजारा बांध पहुंचे कांग्रेस विधायक जंडेल नदी में खड़े होकर किया जल सत्याग्रह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश में इस बार अति बारिश और खराब मौसम के कारण कई इलाकों में धान और सोयाबीन की फसल बर्बाद हुई हैं।

श्योपुर के विधायक बाबू जंडेल ने जल सत्याग्रह किया। वे बंजारा डैम के बीच पहुंच गए और नदी के पानी में खड़े होकर धान का मुआवजा मांगा। गौरतलब है कि धान की फसल खराब हो जाने से श्योपुर में किसानों को खासा नुकसान हुआ है। परेशानी से बचाने के लिए उन्हें उचित मुआवजा देने की मांग की जा रही है। उन्होंने पानी में ही योग मुद्राओं का अभ्यास किया। श्योपुर के कांग्रेस विधायक बाबू जंडेल ने शहर के बंजारा डैम में सीप नदी पर जल सत्याग्रह किया। वे कुछ अन्य कांग्रेसियों के साथ बांध के बीच में गए और पानी में ही कुछ योग मुद्राओं का भी अभ्यास किया। बीच बांध में जल सत्याग्रह के दौरान विधायक बाबू जंडेल ने अन्य कांग्रेसी कार्यकर्ताओं के साथ धान किसानों के लिए मुआवजा के लिए आवाज बुलंद की। बंजारा डैम में कांग्रेसियों ने प्रदर्शन करते हुए तुरंत मुआवजा दिए जाने की मांग की।

## डीएफओ का आदेश निरस्त करने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन को लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश कर्मचारी मंच के प्रदेशाध्यक्ष अशोक पांडे ने मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव को पत्र लिखकर डीएफओ सामान्य वन मंडल अनूपपुर के आदेश को निरस्त करने की मांग की है। पांडे ने पत्र में बताया कि शासन या वन मुख्यालय भोपाल ने ऐसा कोई निर्देश जारी नहीं कर है कि उच्चतर पद पर प्रभारी के रूप में पूर्व से पदस्थ वन कर्मचारियों को पदावनत किया जाए, लेकिन डीएफओ अनूपपुर ने निर्देश के विपरीत उच्चतर पद पर कार्यवाहक के रूप में पदस्थ वन कर्मचारियों को पदावनत करने का आदेश जारी किया।

## अब मंडल और ब्लॉक स्तर पर होंगे प्रशिक्षण : जीतू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि कांग्रेस नवसृजन प्रशिक्षण शिविर में संगठन की कार्यशैली और नई रणनीति पर मंथन हुआ है। अब मंडल और ब्लॉक स्तर पर प्रशिक्षण किए जाएंगे। संगठन को नई दिशा देने के लिए सोच और शैली दोनों में बदलाव आवश्यक है।

उन्होंने कहा कि भाजपा का संगठन चाहे जितना विस्तार करे, लेकिन जनता के बीच बढ़ता विरोध साफ दिखाई दे रहा है। कांग्रेस एकजुट होकर मिशन 2028 की तैयारी कर रही है और गुटबाजी खत्म करने की दिशा में ठोस प्रशिक्षण हो रहा है। कांग्रेस 2028 में प्रदेश में सरकार बनाएगी। केरवा डैम विवाद पर पटवारी ने कहा कि भ्रष्टाचार चरम पर है और पारदर्शिता नाम की कोई चीज नहीं बची। उन्होंने एसआईआर पर कहा कि कांग्रेस अपनी जिम्मेदारियों का पूरी तरह निर्वहन करेगी। जनता के अधिकारों व संवैधानिक संस्थाओं की रक्षा ही कांग्रेस का धर्म है।

## जल संरक्षण में खरगोन जिले को पूर्वी क्षेत्र के सर्वश्रेष्ठ जिले का पुरस्कार, जल संचय-जन भागीदारी में भी मध्यप्रदेश का अग्रणी स्थान

# 6वें राष्ट्रीय जल पुरस्कारों की घोषणा, मप्र को दो श्रेणियों में मिले पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र ने जल संरक्षण में एक बार फिर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई है। नई दिल्ली में मंगलवार को जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल ने 6वें राष्ट्रीय जल पुरस्कारों की घोषणा की। मप्र को दो श्रेणियों में सम्मान प्राप्त हुआ। प्रदेश के खरगोन जिले को पूर्वी क्षेत्र के सर्वश्रेष्ठ जिले का पुरस्कार मिला है, जबकि खंडवा जिले की ग्राम पंचायत कावेश्वर ने सर्वश्रेष्ठ ग्राम पंचायत श्रेणी में संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 18 नवंबर को पुरस्कार प्रदान करेंगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पुरस्कृत जिलों को बधाई दी है।

जल संचय-जन भागीदारी पहल में भी वेस्टर्न-जोन की श्रेणी एक में पहला पुरस्कार ईस्ट निमाड़ को मिला। श्रेष्ठ 50 शहरी निकायों में गुना जिले को प्रथम रैंक मिला। ज़िलों में श्रेणी तीन में गुना, बैतूल, धार, देवास, सिवनी और खरगौन का चयन हुआ है।

### *खंडवा जिले की ग्राम पंचायत कावेश्वर ने सर्वश्रेष्ठ ग्राम पंचायत श्रेणी में संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान प्राप्त किया*

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 18 नवंबर को प्रदान करेंगी पुरस्कार


फाइल फोटो

#### राष्ट्रीय जल पुरस्कारों की शुरुआत वर्ष 2018 में की गई

इसी उद्देश्य से लोगों में जल के महत्व के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने और उन्हें जल उपयोग के सर्वोत्तम तौर तरीकों को अपनाने में प्रेरित करने के लिए राष्ट्रीय जल पुरस्कारों की शुरुआत वर्ष 2018 में की गई थी। वर्ष 2024 के लिए 6वें राष्ट्रीय जल पुरस्कार का शुभारंभ 23 अक्टूबर 2024 को गृह मंत्रालय के राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल पर किया गया था। कुल 751 आवेदन प्राप्त हुए थे।

#### पुनर्भरण संरचनाएं बनाने के लिए प्रेरित किया

शहरी जल संरक्षण प्रयासों को सशक्त करने के लिए, आवास और शहरी कार्य मंत्रालय ने जल शक्ति मंत्रालय के साथ साझेदारी की है। नगरीय निकायों को कम-से-कम 2,000 पुनर्भरण संरचनाएं बनाने के लिए प्रेरित किया गया। इस वर्ष कुल 100 पुरस्कारों की घोषणा की गई है, जिनमें तीन सर्वश्रेष्ठ राज्य, 67 जिले, छह नगर निगम, एक नगरीय स्थानीय निकाय, दो सहयोगी मंत्रालय, विभाग, दो उद्योग, तीन गैर-सरकारी संगठन, दो परोपकारी व्यक्ति और 14 नोडल अधिकारी शामिल हैं।

#### *6वें राष्ट्रीय जल पुरस्कारों के तहत 46 विजेताओं की घोषणा*

*उल्लेखनीय है कि जल शक्ति मंत्रालय के अंतर्गत जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग ने वर्ष 2024 के लिए 6वें राष्ट्रीय जल पुरस्कारों के तहत 46 विजेताओं (संयुक्त विजेताओं सहित) की घोषणा की। ये पुरस्कार 10 श्रेणियों में दिए जा रहे हैं। सर्वश्रेष्ठ राज्य, सर्वश्रेष्ठ जिला, सर्वश्रेष्ठ ग्राम पंचायत, सर्वश्रेष्ठ शहरी स्थानीय निकाय, सर्वश्रेष्ठ स्कूल या कॉलेज, सर्वश्रेष्ठ उद्योग, सर्वश्रेष्ठ जल उपयोक्ता संघ, सर्वश्रेष्ठ संस्था (स्कूल या कॉलेज के अतिरिक्त), सर्वश्रेष्ठ सिविल सोसाइटी और जल क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए सर्वश्रेष्ठ व्यक्ति। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में जल शक्ति मंत्रालय राष्ट्रीय स्तर पर जल प्रबंधन और जल संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए एक व्यापक अभियान चला रहा है।*

#### *जल संचय जन भागीदारी पहल में भी अग्रणी मप्र*

***जल संचय जन भागीदारी पुरस्कार :** कैच द रेन के अंतर्गत साउथ जोन की श्रेणी एक में पहला पुरस्कार ईस्ट निमाड़ जिले को तथा श्रेष्ठ 50 शहरी निकायों में गुना को, जिलों में श्रेणी तीन में दूसरी रैंक में गुना, बैतूल, धार, देवास, सिवनी और खरगौन का चयन हुआ है। इस पहल के तहत राज्यों को पांच जोन में बांटा गया है। जिलों को न्यूनतम 10,000 कृत्रिम भू-जल पुनर्भरण एवं संचयन संरचनाएं बनाने के लिए प्रोत्साहित किया गया है। पूर्वोत्तर और पर्वतीय राज्यों के जिलों के लिए यह लक्ष्य 3,000 संरचनाएं है, जबकि देशभर के नगर निगमों के लिए यह संख्या 10,000 निर्धारित की गई है। इन संरचनाओं में वर्षा जल संचयन (रूफटॉप रेनवॉटर हार्वेस्टिंग) के अलावा झीलों, तालाबों और बावड़ियों का पुनर्जीवन भी शामिल है।*

हरिभूमि
# भोपाल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, बुधवार 12 नवंबर 2025



केरवा डैम के ब्रिज के ऊपर बना सीमेंट क्रांक्रीट का 20 फिट लंबा स्लैब गिर गया।



इस तरह दो हिस्सों में बंट गया ब्रिज।

विभाग तर्क - सिर्फ एक स्पान में आंशिक क्षति हकीकत - बांध के गेटों को हुआ नुकसान

# केरवा डैम के 50 साल पुराने ब्रिज के गेट नंबर 8 पर बना 20 फीट का स्लैब ढहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी के केरवा डैम के ब्रिज के ऊपर बना सीमेंट क्रांक्रीट का 20 फिट लंबा स्लैब गिर गया। यह गेट नंबर 8 के ऊपर बना था। हालांकि, इससे कोई जनहानि नहीं हुई है, लेकिन सुरक्षा को देखते हुए आने-जाने वालों को रोक दिया गया है। मंगलवार की सुबह यह हादसा हुआ। केरवा डैम को खोलने वाले गेटों को भी नुकसान हुआ है।

केरवा डैम साल 1965 में बना था। इस हिसाब से करीब 50 साल पुराना बताया जा रहा है। केरवा डैम से भोपाल के कोलार इलाके में पानी की सप्लाई होती है। वहीं जल संसाधन विभाग तर्क दे रहा है कि सिर्फ एक स्पान में आंशिक क्षति हुई है। प्रत्यक्षदर्शी आसिफ खान ने बताया कि सुबह करीब 9 बजे मैं ब्रिज (गेट के ऊपर बना स्लैब) के ऊपर से गुजर रहा था। कुछ दूर पहुंचा ही था कि अचानक एक हिस्सा भरभराकर गिर गया। आसिफ में बताया कि इसी ब्रिज के ऊपर आसपास के गांव के लोग भी गुजरते हैं। वे कुछ देर पहले ही निकले थे। गनीमत रही कि ये हादसा उस समय नहीं हुआ। जलसंसाधन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि आवाजाही बंद की गई है। काफी पुराना होने की वजह वह धंस गया था। ब्रिज के नीचे बांध के गेट लगे हुए हैं। उन्हें भी नुकसान पहुंचा है।

*कुछ देर पहले ही निकले थे आसपास के गांव के लोग*

*सुबह 9 बजे निकला एक व्यक्ति, तभी यह ब्रिज गिरा*

*घटना में कोई जनहानि या अन्य नुकसान की सूचना नहीं*

### 70 मीटर लंबा ब्रिज कई जगहों से हो रहा क्षतिग्रस्त



बारिश में पूरा न भर पाने के कारण जलभराव क्षेत्र में पानी घास से भी नीचे चला गया है।

इस मामले में जल संसाधन विभाग ने अजीब तर्क दिया है। विभाग के अनुसार, केरवां बांध के दायें पार्श्व पर स्थित लगभग 70 मीटर लंबे फुट ब्रिज के 4 स्पान में से एक स्पान (लगभग 17.5 मीटर) में 11 नवंबर को आंशिक क्षति की सूचना प्राप्त हुई है। यह संरचना वर्ष 1980 में बांध निर्माण के समय निर्मित की गई थी। विभाग के अनुसार घटना में किसी प्रकार की जनहानि या अन्य नुकसान की सूचना नहीं है। विभाग द्वारा इस फुट ब्रिज पर सामान्य आवागमन पहले से ही प्रतिबंधित था तथा इसे केवल निरीक्षण कार्य हेतु सीमित उपयोग में लिया जाता था। जबकि हकीकत ये है कि कई लोग अभी भी इस ब्रिज का इस्तेमाल इधर से उधर आने- जाने में कर रहे थे। दूसरी ओर, बढ़ा हिस्सा टूटा है। ब्रिज कई जगहों से क्षतिग्रस्त भी हो रहा है।

**इस बार डैम पूरा नहीं भराया**

*बता दें कि इस बार डैम पूरा नहीं भरा है। कोलार, भदभदा और कलियासोत डैम के गेट कई बार खुल चुके थे, लेकिन केरवा के गेट एक बार भी नहीं खोले गए। ब्रिज का एक हिस्सा टूटने के बावजूद लोगों का यहां आना-जाना बना हुआ है। इन्हें रोकने वाला कोई नहीं है। सुबह जल संसाधन विभाग के अधिकारी जरूर पहुंचे थे, लेकिन बाद में कोई नहीं पहुंचा।*

12 सौ से ज्यादा विनियमित भी होंगे नियमित

# नगर निगम के 12 हजार से ज्यादा 29 दिवसीय कर्मचारी होंगे विनियमित

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

लंबे समय से उम्मीद लगाए निगम के 12 हजार से ज्यादा दैवेभो कर्मचारियों के लिए यह अच्छी खबर है कि दिसंबर माह में होने वाली निगम परिषद की बैठक में उन्हें विनियमित करने का प्रस्ताव परिषद में लाया जाएगा। यह मांग लंबे समय से ये कर्मचारी करते रहे हैं। दस-पंद्रह साल से वे लगातार सेवाएं दे रहे हैं, लेकिन उन्हें विनियमित नहीं किया जा रहा।

हाल ही में जब उक्त कर्मचारियों को आधे माह का वेतन मिला तो विरोध प्रदर्शन के दौरान भी यह मांग की गई थी। निगम परिषद ने इसके लिए तैयारी शुरू कर दी है। इसके अलावा 1200 से ज्यादा विनियमित कर्मचारियों को नियमित करने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। 30 दिसंबर को होने वाली निगम परिषद की बैठक में यह प्रस्ताव रखा जाएगा। परिषद की मंजूरी के बाद शासन से मंजूरी ली जाएगी।

नगर निगम ने आठ साल पहले 89 दिवसीय 1 हजार 215 कर्मचारियों को विनियिमित किया था। विनियमितिकरण न्यायालय के आदेश पर किया गया था। विनियिमितिकरण का लाभ मिलने के बाद इन कर्मचारियों ने नियमित करने की मांग शुरू कर दी थी। लंबे समय से दैवेभो विनियमित करने की मांग कर रहे थे।

### 29 दिवसीय के रूप में काम कर रहे हैं 12 हजार से ज्यादा दैनिक वेतन भोगी

नगर निगम में 12 हजार से ज्यादा कर्मचारी 29 दिवसीय के रूप में काम कर रहे हैं। किसी को 15 साल तो किसी को निगम में काम करते हुए 10 साल हो गए फिर भी उन्हें निगम ने स्थाई कर्मचारी नहीं माना, लेकिन अब निगम परिषद की पहल पर उम्मीद जगी है कि उन्हें विनियमितिकरण का लाभ मिल सकता है।

### शासन को प्रस्ताव भेजेंगे

निगम के दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को विनयमित करने का प्रस्ताव निगम परिषद की बैठक में लाया जाएगा। मंजूरी के बाद शासन को भेजेंगे। हमारा पूरा प्रयास है कि दैवेभो कर्मचारियों को विनियमित का लाभ मिलना चाहिए। इसी तरह विनियमित कर्मचारियों को नियमित करने के लिए प्रयास हो रहे हैं।

**किशन सूर्यवंशी, अध्यक्ष, नगर निगम परिषद**

*बस स्टैंड पर भी यात्री सुरक्षा के लिए कोई इंतजाम नहीं*

# बैगेज स्कैनर से लगेज जांच, मेटल डिटेक्टर पर बिना जांच स्टेशन में प्रवेश कर रहे यात्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

दिल्ली लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास तेज धमाका के बाद भोपाल में अलर्ट है। लेकिन राजधानी के मुख्य रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की सुरक्षा को लेकर विशेष इंतजाम देखने को नहीं मिल रहे हैं। रेलवे प्रशासन की ओर से जहां यात्री सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम को लेकर दावे किए जाते हैं। संदिग्ध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए विशेष कदम उठाए जाने की बात कहीं गई। लेकिन जमीनी हकीकत इन दावों के विपरीत तस्वीर पेश कर रही है। भोपाल रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा व्यवस्था में लापरवाही साफ दिखाई दे रही है। प्लेटफार्म नंबर एक पर यात्रियों के लिए लगाई गई बैगेज स्कैनर मशीन पर तो कर्मचारी लगेज की जांच कर रहे हैं। लेकिन मेटल डिटेक्टर मशीन पर जांच बंद है। बिना जांच के स्टेशन में यात्री प्रवेश कर रहे हैं। स्टेशन के ब्रिज पर लगाई गई मेटल डिटेक्टर मशीन पर दिल्ली में हुए इतने बड़े हादसे के बाद कई भी सुरक्षा जवान तैनात नजर नहीं आया। आने वाले दिनों में जहां 'इज्तिमा' का आयोजन होने जा रहा है। इसमें लाखों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचेंगे। लेकिन भोपाल स्टेशन पर सुरक्षा व्यवस्था नाकाफी है।

### भोपाल स्टेशन पर रोजाना आते हैं 30 हजार से अधिक यात्री



मेटल डिटेक्टर के पास से गुजरते यात्री।

भोपाल रेलवे स्टेशन पर रोजाना 230 ट्रेनें आती-जाती है। इस दौरान लगभग 25 से 30 हजार यात्री रोजाना भोपाल रेलवे स्टेशन से सफर करते हैं। प्लेटफार्म छह की ओर से लगभग 15 से 20 हजार यात्री, वहीं प्लेटफार्म एक ही और से लगभग 10 हजार यात्री आते हैं।

### बस स्टैंड पर नहीं हो रही जांच

इसी तरह राजधानी के नादरा बस स्टैंड से सहित अन्य बस स्टैंडों पर यात्रियों की सुरक्षा के लिए कोई भी इंतजाम नहीं हैं। न ही किसी तरह की चेकिंग की जा रही है। यहां पर यात्री की सुरक्षा व्यवस्था राम भरोसे है।



बस स्टैंड पर भी लोग बेरोकटोक घूमते रहे।

नए वोटर्स की मैपिंग में भी हुआ 20% काम


# एसआईआर के काम में पिछड़ा भोपाल, आठ दिन में 30 फीसदी पुराने वोटर्स की मैपिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

प्रदेश सहित भोपाल में 4 नवंबर से शुरु हुए स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) के काम में भोपाल प्रदेश में सबसे नीचे चल रहा है। दरअसल यहां के बीएलओ ने एसआईआर शुरु होने के पहले टेबल टॉप पर कोई काम नहीं किया है, जिससे यहां के वर्ष-2003 के वोटर्स और उनके बच्चों की मैपिंग का काम नहीं किया गया है। ऐसे में आठ दिन गुजरने के बाद भी भोपाल में पुराने वोटर्स में तीस और नए वोटर्स में 20 फीसद ही मैपिंग कर पाया है।

भोपाल में बैरसिया, नरेला, उत्तर, मध्य, दक्षिण पश्चिम, गोविंदपुरा और हुजूर विधानसभा में से पीछे 2003 की वोटर लिस्ट के आधार पर मैपिंग काम नरेला विधानसभा में चल रहा है। सबसे आगे बैरसिया है। यही वजह है कि रविवार को भोपाल की स्थिति सबसे खराब होने के बाद खुद मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी भोपाल की विधानसभा सीटों नरेला और हुजूर की समीक्षा करने के लिए पहुंचे थे। हालांकि कलेक्टर भी रोजाना फील्ड पहुंचकर बीएलओ द्वारा किए जा रहे कामों को देख रहे हैं। जिन बीएलओ को परेशानी आ रही है। उनकी दोबारा ट्रेनिंग दिलाकर काम कराया जा रहा है।

### सात दिन बाद दिए बीएलओ को गणना पत्रक



करोद के देवकी नगर में एसआईआर का काम चला।

*वर्तमान में एसआईआर का काम नरेला विधानसभा में सबसे पीछे है, जहां 2003 की स्थिति में सिर्फ 18 फीसद और उसके बाद के वोटर्स में 10 फीसद की ही मैपिंग हुई है। वहीं बैरसिया विधानसभा ने 2003 की स्थिति में 80 और उसके बाद वाले वोटर्स में 62 प्रतिशत काम पूरा कर लिया है।*

### टेबल लगाकर बीएलओ बांट रहे फार्म

बीएलओ को गणना पत्रक मिलने में देरी होने से शुरुआत में बीएलओ अपने पोलिंग बूथ एरिया में जाकर टेबल कुर्सी लगाकर लोगों को वोटर कार्ड के आधार पर गणना पत्रक दे रहे हैं। जिससे इन जगहों पर भीड़ लगने लगी है। बीएलओ का कहना है कि शुरुआत में फार्म देने के बाद जिन लोगों के फार्म नहीं जाएंगे, उनके घरों पर जाकर फार्म दिए जाएंगे।

### डिप्टी डीईओ ने देखा एसआईआर का काम

*जिले की शहरी विधानसभाओं में लगातार काम पिछड़ने के बाद मंगलवार को उपजिला निर्वाचन अधिकारी भुवन गुप्ता ने फील्ड में उतरकर काम देखा। उन्होंने बीएलओ को प्रत्येक मतदाता के घर तीन तीन बार जाने की हिदायत दी। इस मौके पर उन्होंने मतदाताओं को वर्ष-2003 की जानकारी गणना पत्रक में भरने की बात कही।*



### फैक्ट फाइल

- कुल मतदाता - 21 लाख 25 हजार 908
- बीएलओ - 2 हजार 29
- सातों विस में बांटे फार्म - 15 लाख 10 हजार 242 (71.04%)


# अपने पुराने बैंक खाते में पैसे जमा करके भूल गए?



जो आपका है उसे वापस दिलाने में आरबीआई आपकी मदद करेगा।

आपके बैंक के निष्क्रिय खाते (2 वर्ष से ज़्यादा और 10 वर्ष तक असक्रिय) में जमा पैसे / दावा न की गई जमा राशि (10 वर्ष से अधिक) को आरबीआई के डीईए फंड में ट्रांसफर कर दिया जाता है। आप या आपके क़ानूनी वारिस उसे कभी भी वापस ले सकते हैं।

## आपके पैसे वापस पाने के 3 आसान चरण

1. आपके बैंक की किसी भी शाखा में जाएं, भले ही वो आपकी नियमित शाखा न हो।
2. केवाईसी दस्तावेजों (आधार, पासपोर्ट, मतदाता पहचान पत्र या ड्राइविंग लाइसेंस) के साथ फॉर्म जमा करें।
3. सत्यापन के बाद ब्याज समेत, यदि है तो, अपने पैसे वापस पाएं।

दावा न की गई संपत्ति के संबंध में आयोजित विशेष शिविरों में जाएं, जिसे देशभर के सभी ज़िलों में अक्तूबर से दिसंबर 2025 के बीच लगाए जाएँगे।




## आपके दावा न किए गए पैसे के बारे में जानने के लिए

आपके बैंक की वेबसाइट पर खोजें या आरबीआई के UDGAM पोर्टल (https://udgam.rbi.org.in) पर देखें, जिसमें फ़िलहाल 30 बैंक शामिल हैं।

अधिक जानकारी के लिए https://rbikehtahai.rbi.org.in देखिए
प्रतिक्रिया के लिए rbikehtahai@rbi.org.in पर लिखिए
क्यूआर कोड स्कैन कीजिए
आधिकारिक व्हॉट्सऐप नंबर 99990 41935

जनहित में जारी
भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
www.rbi.org.in

## जैकेट का शेष....

### 68.85 % मतदान...

67.14 प्रतिशत मतदान हो चुका है। बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण में पूर्णिया जिले कस्बा में सबसे ज्यादा 81.18 फीसदी मतदान हुआ है। वहीं, नवादा में शाम 5 बजे तक सबसे कम 57.11% मतदान हुआ। पिछले साल 2020 में 57 फीसदी वोटिंग हुई थी। इस लिहाज से इस बार 10% ज्यादा वोटिंग हुई है। वहीं, 1998 के लोकसभा चुनाव में 64.6 फीसदी वोटिंग हुई थी। कुल मिलाकर देखें तो इस बिहार में सबसे अधिक वोटिंग का रिकॉर्ड 1998 के लोकसभा चुनाव का है। भागलपुर से एक सुखद तस्वीर सामने आई, जहां एक शख्स, जो ऑक्सीजन सपोर्ट के जरिए अपना जीवन गुजार रहे हैं, वे भी अपनी पत्नी के साथ बूथ तक पहुंचे और मताधिकार का प्रयोग किया।

### 65% महिलाओं ने ...

महागठबंधन को 88 से 133 सीटें और प्रशांत किशोर की जन सुराज को 0 से 1 सीट मिलने का अनुमान जताया गया है।

### आज भोपाल में नेशनल...

कॉन्क्लेव में विषय विशेषज्ञ स्वैच्छिक संस्थाओं एवं प्रयासों के माध्यम से जनजातीय समुदाय के सशक्तिकरण से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर चर्चा करेंगे। जनजाति समुदाय की शिक्षा, स्वास्थ्य, आजीविका, वन अधिकार, शासन, प्रशासन से जुड़े मुद्दों पर विशेषज्ञ अपने-अपने विचार रखेंगे। राज्यपाल मंगुभाई पटेल नेशनल कॉन्क्लेव के समापन सत्र के मुख्य अतिथि होंगे।

### मुख्यमंत्री सामूहिक...

सीएम अपने सुपुत्र और होने वाली बहू सहित सभी जोड़ों को उपहार भेंट करेंगे। डॉ. अभिमन्यु ने भोपाल में रहते हुए अपनी एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी की, किंतु कभी सीएम हाउस में नहीं रहते हुए कॉलेज हॉस्टल में ही रहे। डॉ. यादव प्रारंभ से दिखावटी ताम-झाम से दूर रहते आए और सादगी व सरल जीवन यापन के लिए जाने जाते रहे हैं। यही कारण है कि अपने बेटे का विवाह भी वे सामूहिक विवाह में कर रहे हैं, जो फिजूलखर्च और दिखावा करने वाले नेताओं के लिए एक सीख होगी।

### सर्दी ने तोड़े सभी रिकार्ड...

कम है। प्रदेश में छह जिलों में मंगलवार को भी रात का पारा 9 डिग्री से कम रहा है। मौसम केंद्र के अनुसार भोपाल, राजगढ़, इंदौर, सतना, शहडोल, जबलपुर जिलों में बुधवार को भी तीव्र शीतलहर का असर रहने का अलर्ट है।

साथ ही सीहोर, देवास, शाजापुर, रीवा, मऊगंज, उमरिया, छिंदवाड़ा, सिवनी, मंडला, छतरपुर, मैहर जिलों में शीतलहर रह सकती है। बालाघाट जिले में कुछ जगह कोल्ड-डे भी रहेगा।

### अगले 2-3 दिन ऐसी ही ...

दिन और ऐसा रहने की उम्मीद है, जिससे इस साल मौसम के कुछ नए रिकार्ड भी बन सकते हैं। शुक्ला के अनुसार अभी पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय है।

पहाड़ों पर बर्फबारी हो रही है। भोपाल में हवाएं उत्तर-पश्चिमी और उत्तरी हैं, जिससे बर्फीली हवाएं असर कर रही हैं।

## ग्वालियर में रिटायर्ड अधिकारी से साइबर ठगी

# बिना कॉल और ओटीपी के खाते से निकले तीन लाख

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ग्वालियर

फरियादी को न कभी कोई ओटीपी आया और नहीं किसी से कोई पासवर्ड और ओटीपी शेयर किया। इसके बाद भी 3 लाख रुपए खाते से पार हो गए। बड़ी बात तो ये है कि इस साइबर क्राइम लूट की शुरुआत ही महज 1 रुपए 20 पैसे से हुई थी। जब तक पीड़िता को पता चला तब तक उनके खाते से 3 लाख तक की रकम खाते से उड़ाई जा चुकी थी। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। पीड़ित हर्षा आहूजा ने बताया कि वे रिटायर्ड आबकारी अफसर हैं। उन्होंने बताया कि वे किसी भी तरह का यूपीआई उपयोग नहीं करती है। ना ही उन्होंने कोई ऐसा फोन रिसीव किया जिससे किसी तरह का कोई बैंकिंग की बात हुई हो। इसके अलावा किसी के साथ किसी भी तरह का ओटीपी शेयर नहीं किया है। इसके बाद भी उनके खाते से 3 लाख रुपए की रकम निकाली गई है। इतना ही नहीं पीड़ित महिला रिटायर अधिकारी को साइबर ठगी की जानकारी तब हुई जब बैंक से लो बैलेंस का कॉल आया। जब बैंक से बात की तब ठगी का पता चला। साइबर ठगों ने 16 दिन यानी 25 सितंबर से लेकर 10 अक्टूबर के बीच ठगी की वारदात को अंजाम दिया। उन्होंने छोटी रकम से शुरूआत करते हुए बड़ी रकम निकाल कर खाता खाली कर दिया। इस दौरान उनके पति की तबीयत खराब थी तो उन्हें लेकर हॉस्पिटल गई थी। इसी दौरान वारदात हुई।


**कार्यालय थाना प्रभारी थाना हनुमानगंज भोपाल**

फोन नं. 7587601742 E-mail pshanumanganj@gmall.com

क्रं./थाप्र/हनुमानगंज/गुमइंसान क्रं.33/25 दिनांक 03/11/2025

// जाहिर सूचना //



सर्वसधारण को सूचित किया जाता है कि थाना हनुमानगंज भोपाल में गुमइंसान क्र. 33/25 में गुमशुदा मो. यूनुस उर्फ बली साहब पिता मो. इस्माईल उम्र 75 साल निवासी म.न. 184 गली क्र. 03 काजी कैंप हनुमानगंज भोपाल जो गली क्र. 03 नन्ही बी मस्जिद के सामने से बिना बताए कही चला गया है जो अभी तक घर नहीं आया है जिसका हुलिया कद 06 फिट चेहरा लम्बा, रंग गेहुआ, शरीर दुबला पतला, दिमागी संतुलन ठीक नहीं है के संबंध में कोई जानकारी प्राप्त होती है तो थाना हनुमानगंज भोपाल के दूरभाष क्रं.7587601742 व जांचकर्ता प्रआर 242 जगदीश दांगी के मो. नं. 7049104359 पर सूचित करे।

थाना प्रभारी
थाना हनुमानगंज भोपाल

G-21307/25 " स्वच्छता ही सेवा "


## पेज एक का शेष....

### लाल किला ब्लास्ट....

डॉ. मोहम्मद उमर नबी है। वह पुलवामा का रहने वाला है। उसने विस्फोटकों से खुद को उड़ा लिया था। उसके डीएनए टेस्ट के लिए जम्मू-कश्मीर पुलिस ने पुलवामा में उसके माता-पिता और दो भाइयों समेत को हिरासत में लिया है। पुलवामा से ही उमर के दोस्त डॉ. सज्जाद को भी हिरासत में लिया गया। उसकी एक दिन पहले ही शादी हुई है। इधर, हरियाणा के फरीदाबाद से एक महिला डॉ. शाहीन शाहिद की गिरफ्तारी हुई है। पुलिस के मुताबिक शाहीन भारत में जैश-ए-मोहम्मद की महिला विंग 'जमात-उल-मोमीनात' की हेड थी। पाकिस्तान में आतंकी अजहर मसूद की बहन सादिया इसकी चीफ है।

**परिवार ने कहा: यकीन नहीं होता उमर आतंकी हो सकता है:**

पुलवामा। डॉ. उमर नबी के परिवार ने कहा है कि उन्हें यकीन नहीं होता कि वह किसी आतंकी गतिविधि में शामिल हो सकता है। डॉ. उमर की भाभी मुजम्मिला अख्तर ने बताया कि वह बचपन से ही संकोची और पढ़ाई में ध्यान देने वाले व्यक्ति थे। वह फरीदाबाद के एक कॉलेज में फैकल्टी के तौर पर काम कर रहे थे। शुक्रवार को उन्होंने फोन कर कहा था कि परीक्षा के कारण व्यस्त हैं और तीन दिन बाद घर लौटेंगे।

### साजिश करने वालों ....

की दो दिवसीय यात्रा पर मंगलवार को थिंपू पहुंचे। मोदी ने कहा कि मैं यहां पर बहुत ही भारी मन से आया हूं। कल शाम दिल्ली में हुई भयावह घटना ने सभी के मन को व्यथित कर दिया है। मैं पीड़ित परिवारों का दुख समझता हूं। आज पूरा देश उनके साथ खड़ा है। मैं रात भर इस घटना की जांच में जुटी हुई सभी एजेंसियों के साथ, सभी महत्वपूर्ण लोगों के साथ संपर्क में था। उन सभी के साथ विचार विमर्श चल रहा था। जानकारियों के तार जोड़े जा रहे थे। हमारी एजेंसिया इस षड्यंत्र की तह तक जाएंगी। इसके पीछे के षड्यंत्रकारियों को बख्शा नहीं जाएगा।

### अब ऑपरेशन सिंदूर-....

टिकी हैं। दरअसल, पहलगाम आतंकी हमले के बाद ऑपरेशन सिंदूर से पाकिस्तान में बैठे आतंक के आकाओं के ठिकानों को भारतीय सेना ने मिट्टी में मिला दिया था। भारत ने दहशतगर्दों को घर में घुसकर मारा था। अब पहलगाम आतंकी हमले के बाद दिल्ली में एक बड़ा कार ब्लास्ट हुआ है। हमले की मॉडसऑपरेडी आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद से मैच होती है, क्योंकि फिदायीन हमला और कार ब्लास्ट जैश-ए-मोहम्मद के हमले का तरीका है। पहलगाम हमले के बाद हिंदुस्तान ने ऑपरेशन सिंदूर से बदला लिया था। तब प्रधानमंत्री मोदी ने यही कहा था कि ऑपरेशन सिंदूर जारी है। एक बार फिर दिल्ली को दहलाने वालों के तार पाकिस्तान से जुड़ रहे हैं और दिल्ली से दूर भूटान की धरती से प्रधानमंत्री मोदी ने ऐलान कर दिया है कि आतंक के खिलाफ कुछ बड़ा करने वाले हैं।

### ब्लास्ट से पहले ....

भी कार से बाहर नहीं आया। वह लगातार कार के भीतर ही बैठा रहा। उमर एक कश्मीरी डॉक्टर था जो फरीदाबाद के अल-फलाह मेडिकल कॉलेज में काम करता था। वह हाल ही में गिरफ्तार हुए आदिल अहमद राठर का करीबी साथी था जो अनंतनाग के जीएमसी मेडिकल कॉलेज में सीनियर रेजिडेंट डॉक्टर रह चुका है। जांच एजेंसियों का मानना है कि उमर ने फरीदाबाद टेरर मॉड्यूल के नेटवर्क के जरिए यह फिदायीन हमला अंजाम दिया।

### कहा- दिल्ली धमाके ....

सचिव गोविंद मोहन, खुफिया ब्यूरो के निदेशक तपन डेका, दिल्ली पुलिस आयुक्त सतीश गोलचा और राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) के महानिदेशक सदानंद वसंत दाते भी शामिल हुए। जम्मू-कश्मीर के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) नलिन प्रभात वर्चुअल माध्यम से इस बैठक में शामिल हुए।

### सीएम ने किया...

प्रतिनिधियों को विकास कार्यों के लिए 50-50 हजार रुपए की राशि अंतरित किए जाने की घोषणा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को जंबूरी मैदान पर आयोजित सरपंच संयुक्त मोर्चा सम्मेलन में बोल रहे थे। मुख्यमंत्री का कार्यक्रम स्थल पर भव्य स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री को सरपंच संघों के प्रतिनिधियों ने ज्ञापन भी सौंपा। सरपंचों की शिकायतों पर मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया कि यदि कोई सचिव काम में अड़ंगे लगाता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई करेंगे। इसमें कोई रियायत नहीं होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरपंचों के माध्यम से ही प्रदेश में ग्राम विकास का कारवां चल रहा है। नगरीय निकायों के समान पंचायतों में भी विकास योजनाएं बनाने और उन्हें क्रियान्वित करने की व्यवस्था सुनिश्चित करने की जरूरत है। पंचायतों को गांव के विकास की योजना बनाने के लिए सक्षम बनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि भोपाल में पंचायत प्रतिनिधियों की कॉन्फ्रेंस आगामी 24 से 26 नंवबर को होने वाली है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दिल्ली में हुए कार विस्फोट को अत्यंत दुःखद बताया। उन्होंने मृतकों की आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन धारण किया। सम्मेलन में पंचायत प्रतिनिधियों के विभिन्न संगठनों के अध्यक्ष और प्रतिनिधि मौजूद थे।

### 1.26 करोड़ लाड़ली ....

लाभार्थी महिलाओं को 250 रुपए की विशेष सहायता राशि तीन बार प्रदान की गई। इस प्रकार योजना के आरंभ से अब तक 44,917.92 करोड़ रु.की राशि का सीधा अंतरण लाभार्थी महिलाओं के खातों में किया जा चुका है।

**महिलाओं ने लाड़ली योजना राशि से छोटा व्यापार शुरु किया:** मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना ने प्रदेश की महिलाओं के जीवन में आर्थिक आत्मनिर्भरता और सामाजिक सम्मान की भावना को सशक्त किया है। महिलाओं ने इस राशि का उपयोग अपनी दैनिक आवश्यकताओं, बच्चों की शिक्षा, और छोटे व्यापार के लिए पूंजी के रूप में किया है। लाड़ली बहना योजना न केवल महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत बना रही है बल्कि परिवारिक निर्णयों में भी उनकी भूमिका को भी सुदृढ़ कर रही है। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना का व्यापक प्रभाव अब प्रदेश के हर कोने में देखा जा सकता है। गाँवों से लेकर शहरों तक महिलाएं आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के निर्माण में अपनी सशक्त भूमिका निभा रही हैं।

### योजना ने महिलाओं ...

में कुल 1,26,36,250 (एक करोड़ 26 लाख 36 हजार 250) महिलाओं को योजना का लाभ प्राप्त हुआ है।

### धर्मेंद्र की हालत...

नाराजगी जताई है। उन्होंने सोशल मीडिया पर ऐसा करने वालों को आड़े हाथों लिया है। उन्होंने कहा है कि यह बेहद अपमानजनक है। हमारे परिवार और उसकी निजता का सम्मान किया जाना चाहिए। मीडिया ने यह नहीं किया।

### मप्र हाईकोर्ट की...

भाजपा के वरिष्ठ नेता कैलाश विजयवर्गीय के बेटे आकाश विजयवर्गीय को गुंडा कहा था। इस बयान को लेकर आकाश विजयवर्गीय ने 2021 में मानहानि का मामला दर्ज कराया था। एक मई, 2021 से इस प्रकरण की सुनवाई भोपाल की एमपीएमएलए कोर्ट में चल रही है, लेकिन बताया गया है कि अभिषेक बनर्जी अब तक किसी भी पेशी में हाजिर नहीं हुए। इसे गंभीरता से लेते हुए अदालत के न्यायिक मजिस्ट्रेट तथागत याग्निक ने अभिषेक बनर्जी के खिलाफ 11 अगस्त और 26 अगस्त 2025 की तारीखों के लिए गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। अभिषेक बेनर्जी ने इस गिरफ्तारी वारंट को चुनौती देते हुए मध्य प्रदेश हाईकोर्ट में याचिका दायर की। जस्टिस प्रमोद कुमार अग्रवाल की एकलपीठ ने अंतरिम राहत के मुद्दे पर सुनवाई पूरी कर आदेश सुरक्षित कर लिया।

### युवक ने चौराहे...

रहा है, जिसकी उम्र करीब 22 साल थी और वह आमगांव की ही रहने वाली थी। शीतल बैहर की एक इलेक्ट्रॉनिक दुकान में काम करती थी। रोज की तरह वह सोमवार को भी काम के लिए घर से निकली थी, लेकिन जैसे ही वह गांव के चौराहे पर पहुंची, वहां पहले से मौजूद आरोपी रोशन सार्वे से उसकी किसी बात को लेकर बहस हो गई। बहस के कुछ ही मिनटों में स्थिति बिगड़ गई और आरोपी युवक ने तेज धारदार चाकू से शीतल का गला रेत दिया। वारदात के बाद आरोपी ने मृतका का सिर अपने पैरों पर रखकर कुछ देर तक वहीं बैठा रहा। यह दृश्य देखकर गांव में दहशत फैल गई और लोग मौके पर इकट्ठा हो गए, लेकिन तब तक शीतल की मौत हो चुकी थी। लोग रोकने के बजाय वीडियो बनाते रहे। बैहर पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को तुरंत गिरफ्तार कर लिया। आरोपी से पूछताछ की जा रही है और मामले की जांच जारी है।

### जबलपुर हाईकोर्ट ने ...

जाहिर की। इसके साथ ही कोर्ट ने को गर्भपात की इजाजत दे दी है। हाई कोर्ट ने खंडवा के सरकारी मेडिकल कॉलेज में इस प्रक्रिया को पूरा करने के निर्देश दिए हैं। बेंच ने शासकीय अधिवक्ता सुमित रघुवंशी को कहा है कि वह इस आदेश की प्रति सभी संबंधितों को भेजे जिससे कि पीड़िता का गर्भपात सुनिश्चित हो सके। दरअसल, खंडवा जिले के पूर्व निमाड़ के प्रधान जिला सत्र न्यायाधीश ने एक रेप पीड़िता नाबालिग के 30 सप्ताह का गर्भपात करने की अनुमति प्रदान करने के लिए हाईकोर्ट में पत्र भेजा था। हाईकोर्ट ने इसकी सुनवाई याचिका के रूप में की। 4 दिन पहले हुई सुनवाई में रेप से गर्भवती हुई एक किशोरी के गर्भपात से जुड़े मामले में कोर्ट ने क्लर्क द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग लिंक भेजे जाने के बावजूद वह सुनवाई में शामिल नहीं हुईं। बेंच ने आदेश दिया कि डॉ. पूजा गांधी सोमवार सुबह 10:30 बजे आवश्यक रिकॉर्ड के साथ अदालत में हाजिर हों अन्यथा उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### जर्जर सड़कों को...

लिए सड़कों पर मौजूद गड्ढों को जिम्मेदार बताया गया है। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा और जस्टिस विनय सराफ की डिवीजन बेंच ने नोटिस जारी करते हुए चार सप्ताह में जब वापस करने के निर्देश दिए हैं।


**कार्यालय नगर पालिक निगम भोपाल**

**यांत्रिक विभाग जोन क्र 16**

// निविदा आमंत्रण सूचना //

क्र. 550/यां/वि/16/2025 भोपाल, दिनांक - 10.11.2025

निम्न कार्य हेतु म.प्र. लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण Website http://www.mptenders.gov.in पर है।

| क्र. | निविदा क्र. | कार्य का संक्षिप्त विवरण | अनुमानित लागत | निविदा क्र. करने की अंतिम दिनांक | समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_UAD_461587_1 | CONSTRUCTION OF CC ROAD AND RCC DRAIN AT KAILASH NAGAR PHASE-IV WARD -74, ZONE- 16 | 8,61,862/- | 24.11.2025 | 17:30 PM |

नोट - संशोधन केवल वेबसाईट पर ही देखे जा सकेंगे, समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं होंगे।

सहायक यंत्री (सिविल)
जोन क्रमांक 16
नगर निगम भोपाल

नि.क्र. : 2646/025/026

**M.P. HOUSING & INFRASTRUCTURE DEV. BOARD**

**NOTICE INVITING TENDER No. 0205/2025/0002/NIT/ (1st Call)**

Online Percentage Rate Bids for the following work is/are invited from Registered Contractors and Firms of Repute fulfilling Registration criteria:-

| S. No. | System Tender No. | Name of Work | Probable Amount of Contract | Amount of E.M. / Cost of Bid Form Including @18% GST | Completion Period (Months) | Date of Submission of Tenders | Date of opening of Tenders |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2025_MPHID_459654 | RENOVATION OF D2 SERVANT QUARTER, WATER PROOFING OF AUDITORIUM AND CONSTRUCTION OF COMPOUND WALL IN FRONT OF D2 STAFF QUARTER AT ITI GOVINDPURA BHOPAL. | Rs.16.58 Lakhs | Rs. 33160.00 / Rs.2360.00 i/c GST | 02 Month i/c Rainy Season | Dt. 12.11.2025 17:00 Hrs. upto 24.11.2025 17:00 Hrs. | Envelop-A and C on Dt 25.11.2025 (15:00 Hrs.) |

**Note :-** (1). Interested bidders can view the detailed NIT on **https://mptenders.gov.in.** (2). The bid documents can be purchased online only as per schedule: 12.11.2025 to 24.11.2025 up to 17:00 Hrs. (3). Amendments to NIT if any would be published on **https://mptenders.gov.in.**

**Visit us . www.mphousing.in**
**E-mail : eedn5hbbpl@mp.gov.in**
M.P. Madhyam/122951/2025

/mphidb
/mphidb

(Pradeep Hedau, E.E.)
Dn.-5. Bhopal
Mob. 9406912100

आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन

हरिभूमि क्लासीफाइड संपर्क सूत्र : 9407279644 9977912473



हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी **भोपाल बाजार** विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो.9977912473

**प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर**

साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल मो. 7772079910

हरिभूमि रनिंग क्लासीफाइड उठावना, शोक संदेश, जन्मदिन, आम सूचना/कोर्ट नोटिस

**Medical Help Line**

विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644



नये दागों का आना तुरन्त बंद

**सफेद दाग गारंटेड इलाज**

Timing 10:30 am to 8:00 pm

Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC

कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें। M : 9425006131, 9827249409

5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंजिल पुरानी कजियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल




**नाम परिवर्तन**

मैं बैनी प्रसाद पुत्र श्री हलके सिंह आयु वयस्क निवासी-गोंदा खेडा, रायसेन, भारकच्छ, म.प्र.। मेरी पुत्री के शासकीय व अशासकीय दस्तावेजो में उसका अंग्रेजी व हिन्दी मे नाम व सरनेम प्रतीक्षा मेहरा (PRATIKSHA MEHRA) पुत्री बैनी प्रसाद (BAINI PRASAD) दर्ज है जो सही एवं सत्य है। मेरी पुत्री के आधार कार्ड मे उसका नाम त्रुटिवश प्रतिभा मेहरा (PRATIBHA MEHRA) पुत्री बैनी प्रसाद (BAINI PRASAD) दर्ज हो गया है। अतः भविष्य में सभी शासकीय/ अशासकीय दस्तावेजो मे मेरी पुत्री को प्रतीक्षा मेहरा (PRATIKSHA MEHRA) पुत्री बैनी प्रसाद (BAINI PRASAD)के नाम से जाना व पहचाना जावे ।

**नाम परिवर्तन**

मैं सावित्री बाई मालवीय पत्नि श्री राजमल मालवीय आयु 57 वर्ष निवासी वार्ड न. 85. भोजपुर रोड, दीपडी, जिला-भोपाल म.प्र. । मेरे शासकीय अशासकीय दस्तावेजी में मेरा नाम व सरनेम सावित्री बाई मालवीय (SAVITRI BAI MALVIYA) पत्नि श्री राजमल मालवीय (RAJMAL MALVIYA) दर्ज है जो सही एवं सत्य है। मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम त्रुटिवश सुमित्रा बाई मालवीय (SUMITRA BAI MALVIYA) पत्नि श्री राजमल मालवीय (RAJMAL MALVIYA) दर्ज हो गया है। अतः भविष्य में सभी शासकीय/ अशासकीय दस्तावेजो मे मेरा नाम सावित्री बाई मालवीय (SAVITRI BAI MALVIYA) पत्नि श्री राजमल मालवीय (RAJMAL MALVIYA) के नाम से जाना व पहचाना जावे। शपथ पत्र क्रमांक CZ 152947


## शब्द पहेली - 6045



**बाएँ से दाएँ**
1.नेमत,वर,ईष्टकृपा -4
3.उद्देश्य, ध्येय-4
8.सयाना,चतुर-4,3
10.मनुष्य-3
11.मोल,दाम-3
13.बैठने का स्थान-3
15.दौड़ना (अंग्रेजी-2)
17.पराजित-2
18.वध,कत्ल-2
19.काव्यकार,शायर-2
21.राशिचक्र की दसवीं राशि-3
25.आक्रमण,प्रहार-3
26.पालतू जानवर-3
27.ईश्वर,भगवान-7
30.ईश्वरीय कृपा-4
31.भयभीत होना, डरना-4

**ऊपर से नीचे**
2.असुर,दैत्य-3
4.गागर,घड़ा-3
5.मन की करना-4
6.प्रार्थना,ईश वंदना-4
7.चरित्र,ईमान-3
8.कार्यविधि-3
9.रेखा,लाईन-3
12.माला का मोती-3
13.राहत,विश्राम-3
14.कैनाल,उपनदी-3
16.नगद राशि-3
20.रुदन -3
22.पक्षियों का शोर-4
23.मध्यांग, कटि-3
24.12 राशियों का समूह-4
25.महल,बड़ा भवन-3
28.सांभर जैसा खाद्य पदार्थ-3
29.अदृश्य, जो दिखाई न दे-3

**शब्द पहेली- 6044 का हल**



## सूडोकु नवताल - 6055

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | | | | | 1 | 8 |
| | | | 6 | 7 | | | | 2 |
| | | | 8 | | | | | |
| | 8 | 5 | | | | | | |
| | 2 | | | 1 | | | 7 | |
| | | | | | | 3 | 5 | |
| | | | | | 5 | | | |
| 1 | | | | 4 | 7 | | | |
| 9 | 6 | | | | | | | 4 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 6054 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 2 | 3 | 5 |
| 4 | 5 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 6 | 8 |
| 2 | 6 | 8 | 7 | 3 | 5 | 9 | 1 | 4 |
| 5 | 3 | 1 | 2 | 7 | 9 | 4 | 8 | 6 |
| 9 | 2 | 4 | 8 | 6 | 1 | 5 | 7 | 3 |
| 7 | 8 | 6 | 5 | 4 | 3 | 1 | 9 | 2 |
| 3 | 4 | 9 | 6 | 2 | 7 | 8 | 5 | 1 |
| 6 | 7 | 2 | 1 | 5 | 8 | 3 | 4 | 9 |
| 8 | 1 | 5 | 3 | 9 | 4 | 6 | 2 | 7 |

## राशिफल

**मेष** मन प्रसन्न रहेगा। नौकरी के लिए परीक्षा एवं साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**वृष** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। नौकरी में कार्यक्षेत्र में सुधार होगा, परन्तु परिश्रम अधिक रहेगा।आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति रहेगी।

**मिथुन** आत्मविश्वास में कमी रहेगी। परिवार का साथ मिलेगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। वस्त्रों पर खर्च बढ़ सकते हैं। मन अशान्त रहेगा।

**कर्क** परिश्रम अधिक रहेगा। सेहत का ध्यान रखें। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। भाइयों के सहयोग से कारोबार को गति मिल सकती है।

**सिंह** व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें।वस्त्रों आदि पर खर्च बढ़ सकते हैं। आय की स्थिति में सुधार होगा। सेहत का ध्यान रखें। सन्तान सुख में वृद्धि होगी।

**कन्या** क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। परिवार में शान्ति एवं सद्भाव बनाये रखने के लिए प्रयास करें। नौकरी में उच्च पद की प्राप्ति होगी।

**तुला** स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। सम्पत्ति में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** कार्यक्षेत्र का विस्तार होगा। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। मानसिक शान्ति बनाये रखें। माता का सानिध्य मिलेगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।

**धनु** मित्रों के साथ धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं। घर-परिवार में धार्मिक-मांगलिक कार्य होंगे। भवन की साज-सज्जा पर खर्च अधिक रहेंगे।

**मकर** आलस्य में वृद्धि हो सकती है। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा, लेकनि परिणाम संदिग्ध हैं। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं।

**कुंभ** खर्च बढ़ेंगे। आय के साधन बन सकते हैं। नौकरी में इच्छा-विरुद्ध कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। परिश्रम की अधिकता रहेगी।

**मीन** कारोबार में सुधार के लिए भाई-बहनों का सहयोग मिल सकता है। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। रहन-सहन कष्टदायी होगा। तनाव से बचें।

**खबर संक्षेप**

## जॉनसन बेबी ने किया नई ब्रांडिंग का अनावरण

**मुंबई।** जॉनसन बेबी ने उन्नत त्वचा-विज्ञान आधारित फॉर्मूलेशन और नई टिकाऊ पैकेजिंग के साथ अपनी रेंज को अपग्रेड किया है। अनमोल चीजों की रक्षा करें के अपने वादे को निभाते हुए, जॉनसन बेबी ने अनिल और सोनम कपूर के साथ अपने 'इट्स प्योर लव' कैंपेन का भी अनावरण किया, जो बॉन्डिंग के इन अनमोल क्षणों का जश्न मनाता है। इस कैंपेन को लेकर ब्रांड एंबेसडर अनिल कपूर ने कहाकि जॉनसन बेबी के साथ 'इट्स प्योर लव' कैंपेन का हिस्सा बनना मेरे लिए बेहद खास रहा है।

## शेरा एनर्जी के लाभ में 62 फीसदी की वृद्धि

**मुंबई।** शेरा एनर्जी लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2026 की पहली छमाही के लिए अप्रकाशित (अन-ऑडिटेड) वित्तीय परिणामों की घोषणा की है। वित्त वर्ष 2026 की पहली छमाही में कंपनी की कुल आय 782.64 करोड़ रुपए, एबिटडा 41.41 करोड़ रुपए रही। ट्ठकर पूर्व लाभ 21.12 करोड़ रुपए दर्ज हुआ। कंपनी का शुद्ध लाभ 15.21 करोड़ रुपए पहुंच गया। जबकि वित्त वर्ष 2026 की पहली छमाही में कंपनी की कुल आय 508.13 करोड़, एबिटडा 18.42 करोड़,कर पूर्व लाभ 7.76 करोड़ और शुद्ध लाभ 5.76 करोड़ रुपए दर्ज हुअ।

## बर्जर पेंट्स को 6,028.3 करोड़ का राजस्व प्राप्त

**मुंबई।** बर्जर पेंट्स ने 30 सितंबर 2025 को समाप्त तिमाही के वित्तीय परिणाम जारी किए। कंपनी को 2,827.5 करोड़ रुपए का राजस्व हुआ। जबकि पिछले वर्ष की समान तिमाही में यह 2,774.6 करोड़ रुपए था। यह पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 1.9 फीसदी की वृद्धि को दर्शाता है। ईबीआईटीडीए 352.3 करोड़ रुपए रहा, शुद्ध लाभ 206.4 करोड़ रुपए रहा, जबकि पिछले वर्ष की समान तिमाही में यह 269.9 करोड़ रुपये था। इसके अलावा 30 सितंबर 2025 को समाप्त छमाही में 6,028.3 करोड़ का राजस्व हासिल किया। कंपनी का ईबीआईटीडीए 880.7 करोड़ रुपए रहा , शुद्ध लाभ 521.4 करोड़ रुपए रहा।

## कनेक्ट सर्विसेज के संस्थापक ने दी नई दिशा

**नई दिल्ली।** कनेक्ट मीडिया सर्विसेज के संस्थापक संगीत कुमार एक ऐसे दूरदर्शी उद्यमी और इनोवेटर हैं जिन्होंने आधुनिक बिजनेस की परिभाषा को मीडिया और मार्केटिंग के नए आयामों के साथ जोड़ा है। उनके लिए मार्केटिंग केवल अभियानों और दृश्यता का माध्यम नहीं, बल्कि मीनिंगफुल कनेक्शन, विश्वास और ब्रांड वैल्यू को सशक्त बनाने का जरिया है। संगीत के अनुसार हर अभियान को केवल ध्यान आकर्षित करने वाला नहीं, बल्कि प्रेरणादायक और एंगेजिंग होना चाहिए। उनका मानना है कि मार्केटिंग की असली ताकत सुनने में निहित है यह समझना कि ग्राहक क्या देखना, सुनना या महसूस करना चाहते हैं।

## सथलोकहर के मुनाफे में 70 फीसदी की वृद्धि

**चेन्नई।** अग्रणी ईपीसी कंपनी सथलोकहर सिनर्जीज ईएंडसी ग्लोबल लिमिटेड ने वित्त वर्ष की पहली छमाही के अनऑडिटेड वित्तीय परिणाम घोषित किए हैं। कंपनी की कुल आय 250.21 करोड़ रुपए, एबिटडा 38.99 करोड़ रुपए, कर पश्चात लाभ 27.98 करोड़ रुपए दर्ज हुआ। कंपनी ने वर्तमान 1367.71 करोड़ रुपए के ऑर्डर बुक किए।

## कहानी 'द बंगाल फाइल्स' का प्रीमियर 21 को

**मुंबई।** बहुचर्चित थिएटर रिलीज के बाद 'द बंगाल फाइल्स' जो कि विवेक अग्निहोत्री द्वारा लिखित और निर्देशित एक बहुप्रतीक्षित ऐतिहासिक ड्रामा है, तथा अभिषेक अग्रवाल आर्ट्स और आई एम बुद्धा प्रोडक्शन्स द्वारा निर्मित है अब 21 नवंबर 2025 से जी5 पर अपने विश्व डिजिटल प्रीमियर के लिए तैयार है। फिल्म में अनुपम खेर, पल्लवी जोशी, मिथुन चक्रवर्ती, दर्शन कुमार, सिमरत कौर और सस्वता चटर्जी के दमदार अभिनय देखने को मिलेंगे।

# गुजरात के खावड़ा में बनेगी देश की सबसे बड़ी बैटरी ऊर्जा भंडारण परियोजना

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अडाणी ग्रुप ने मंगलवार को बैटरी बैटरी ऊर्जा भंडारण क्षेत्र में कदम रखने की घोषणा की है। समूह गुजरात के खावड़ा में 1,126 मेगावॉट / 3,530 मेगावॉट-घंटा क्षमता वाला बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम (बीईएसएस) स्थापित करेगा। यह परियोजना न केवल भारत की सबसे बड़ी, बल्कि दुनिया के सबसे बड़े एकल-स्थान ऊर्जा भंडारण प्रोजेक्ट्स में से एक होगी।

कंपनी के अनुसार इस अत्याधुनिक सुविधा में 700 से अधिक बैटरी कंटेनर लगाए जाएंगे और इसे मार्च 2026 तक चालू करने का लक्ष्य रखा गया है। यह यूनिट खावड़ा में बन रहे दुनिया के सबसे बड़े अक्षय ऊर्जा कॉम्प्लेक्स का हिस्सा होगी।

▶▶ **अडाणी समूह ने किया ऐलान**

**इसे मार्च 2026 तक चालू करने का लक्ष्य रखा गया है**




बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम

### नवीकरणीय ऊर्जा को स्थिर बनाएगा बीईएसएस सिस्टम

बैटरी स्टोरेज सिस्टम का उद्देश्य सौर और पवन जैसी नवीकरणीय ऊर्जा को अधिक विश्वसनीय बनाना है। यह तकनीक बिजली को तब उपयोग के लिए सहेजती है, जब उत्पादन कम या न के बराबर हो, जैसे रात के समय या कम हवा वाले दिनों में। इससे ग्रिड स्थिरता बढ़ती है, बिजली बिल घटते हैं और जीवाश्म ईंधनों पर निर्भरता कम होती है।

### उन्नत लिथियम-आयन तकनीक का इस्तेमाल

*अडाणीसमूह ने बताया कि यह प्रोजेक्ट उन्नत लिथियम-आयन बैटरी तकनीक और एनर्जी मैनेजमेंट सिस्टम के साथ तैयार किया जा रहा है, ताकि बेहतर प्रदर्शन और दक्षता सुनिश्चित हो सके। परियोजना की क्षमता ऐसी होगी कि यह 1,126 मेगावॉट बिजली को लगभग तीन घंटे तक स्टोर और सप्लाई कर सकेगी। अडाणी समूह के अध्यक्ष गौतम अडाणी ने कहा कि ऊर्जा भंडारण, नवीकरणीय ऊर्जा आधारित भविष्य की आधारशिला है। इस ऐतिहासिक परियोजना के माध्यम से हम न केवल वैश्विक मानक स्थापित कर रहे हैं, बल्कि भारत की ऊर्जा आत्मनिर्भरता और स्थिरता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता भी दोहरा रहे हैं।*

### 2030 तक 50 जीडब्ल्यूएच भंडारण क्षमता का लक्ष्य

समूह ने बताया कि वह अपनी स्टोरेज क्षमता को 2027 तक 15 जीडब्ल्यूएस और अगले पांच वर्षों में 50 जीडब्ल्यूएस तक बढ़ाने की योजना बना रहा है। कंपनी का यह निवेश भारत को बड़े पैमाने पर स्वच्छ ऊर्जा अवसंरचना में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है।

### बीमा लोकपाल भोपाल केंद्र ने मनाया स्थापना दिवस

# मप्र-छग से आईं 4047 शिकायतें 2971 शिकायतों का हुआ निपटारा

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

बीमा लोकपाल भोपाल केंद्र जो मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ के बीमाधारकों की शिकायतों का निवारण करता है को वर्ष 2024-25 में कुल 4047 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 2971 शिकायतों का निपटारा किया गया। इस प्रकार कुल निपटान प्रतिशत 73.41 फीसदी रहा।

कुल निपटाए गए मामलों में से 41.91 फीसदी शिकायतों का समाधान मध्यस्थता के माध्यम से किया गया। उक्त जानकारी बीमा लोकपाल संस्थान भोपाल केंद्र के बीमा लोकपाल अजय कुमार आयोजित बीमा लोकपाल के स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में दी। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में संजय चौधरी, डिप्टी सेक्रेटरी एसपी प्रतिभा प्रमुख रुप से मौजूद रहे। बीमा लोकपाल अजय कुमार ने बताया कि बीमा लोकपाल दिवस प्रत्येक वर्ष 11 नवंबर को मनाया जाता है, ताकि बीमा लोकपाल संस्थान' की स्थापना दिवस के रूप में इसे चिह्नित किया जा सके। वर्ष 1998 में इसी दिन भारत सरकार ने 'लोक शिकायत निवारण नियम' अधिसूचित किए थे। बीमा लोकपाल एक अर्थ न्यायिक शिकायत निवारण संस्था है, जो जीवन बीमा एवं सामान्य बीमा कंपनियों के विरुद्ध बीमित व्यक्तियों की शिकायतों का निपटारा करती है।




प्रेसवार्ता

### शिकायतों का निपटारा निःशुल्क

*इसका मुख्य उद्देश्य शिकायतों का निपटारा निःशुल्क, दक्षता एवं निष्पक्षता के साथ करना है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2017 में भारत सरकार ने 'बीमा लोकपाल नियम, 2017' अधिसूचित किए। इसके पश्चात इन नियमों में संशोधन कर 'बीमा लोकपाल (संशोधन) नियम, 2021' को 2 मार्च 2021 को अधिसूचित किया गया। इन नियमों का उद्देश्य यह है कि बीमा कंपनियों, उनके एजेंटों एवं मध्यस्थों से संबंधित सभी व्यक्तिगत बीमा, समूह वीमा, एकल स्वामित्व तथा सूक्ष्म उद्यमों की शिकायतों का निवारण निःशुल्क एवं निष्पक्ष तरीके से किया जा सके। बीमा लोकपाल नियम, 2017 (संशोधित रूप में) के अनुसार 'कार्यकारी बीमाकर्ता परिषद' , जिसे पहले 'बीमा परिषद की शासक संस्था' कहा जाता था, का नाम बदलकर 'बीमा लोकपाल परिषद' कर दिया गया है।*

### ऑनलाइन पंजीकरण शुरू होने से शिकायत संख्या में हुई उल्लेखनीय वृद्धि

उन्होंने बताया कि ऑनलाइन शिकायत पंजीकरण प्रणाली फरवरी 2021 से प्रारंभ की गई, जिसके माध्यम से कोई भी शिकायतकर्ता कभी भी, कहीं से भी अपनी शिकायत दर्ज कर सकता है और बीमा लोकपाल कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से आने की आवश्यकता नहीं है। इस प्रणाली से शिकायतों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। ऑनलाइन शिकायत पंजीकरण के लिए हमारी वेबसाइट **www.cioins.co.in** पर जानकारी उपलब्ध है। बीमा लोकपाल बीमा क्षेत्र से संबंधित शिकायतों के समाधान के लिए एक वैकल्पिक शिकायत निवारण मंच है।

### देशभर में 18 बीमा लोकपाल कार्यरत

*उन्होंने बतायाकि वर्तमान में देशभर में 18 बीमा लोकपाल कार्यालय कार्यरत हैं, जो अहमदाबाद, बेंगलुरु, भोपाल, भुवनेश्वर, चंडीगढ़, चेन्नई, दिल्ली, एर्नाकुलम, गुवाहाटी, हैदराबाद, जयपुर, कोलकाता, लखनऊ, मुंबई, नोएडा, पटना, पुणे और ठाणे मे है। बीमा लोकपाल कार्यालय किसी भी शिकायत के निवारण के लिए कोई शुल्क नहीं लेता है। यह जीवन बीमा, सामान्य बीमा, स्वास्थ्य बीमा कंपनियों तथा बीमा दलालों से संबंधित शिकायतों का निपटारा करता है।*

### ट्रांसपोर्ट उद्योग करेगा सुरक्षा एजेंसियों के कार्य में पूरा सहयोग

# ट्रांसपोर्ट संगठनों ने वाहन मालिकों और चालकों से की सतर्कता बरतने की अपील

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

ऑल इंडिया मोटर एंड गुड्स ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन अध्यक्ष राजेन्द्र कपूर ने कहाकि देश की राजधानी दिल्ली में हुई विस्फोट की गंभीर घटना के बाद सुरक्षा स्वरूप ट्रांसपोर्ट उद्योग सुरक्षा एजेंसियों एवं सरकार के कार्य में पूरा सहयोग करने का तत्पर है।



राजेंद्र कपूर

उन्होंने ट्रांसपोर्ट व्यवसाय से जुड़े ट्रांसपोर्टरों, वाहन मालिकों और वाहन चालकों से अपील है कि सतर्कता और सावधानी बरते। कपूर ने कहाकि किसी भी प्रकार की अफवाहों या अनावश्यक भय का वातावरण उत्पन्न करना सुरक्षा एजेंसियों और सरकार के कार्य में बाधा पहुंचा सकता है। हमें अपनी सरकार, पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों पर पूर्ण विश्वास है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह के नेतृत्व में दोषी चाहे वे आतंकी हों या कोई अन्य अपराधी किसी



भी परिस्थिति में उन्हें नही बख्शेंगे। उन्होंने समस्त ट्रांसपोर्ट व्यवसाय से जुड़े लोगों की ओर से कहाकि हम सभी ट्रांसपोर्टर, ट्रक ऑपरेटर और लॉजिस्टिक्स कम्पनियां यह विश्वास दिलाते हैं कि हमारे सभी कार्यालय, गोदाम और कार्य स्थल पूर्ण रूप से खुले रहेंगे तथा हम कानून व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन को हर संभव सहयोग देंगे। उन्होंने कि हम देश की सुरक्षा में योगदान देने वाली सभी एजेंसियों के साथ हैं और सभी ट्रांसपोर्ट भाइयों से अपील करते हैं कि वे शांति, सतर्कता और जिम्मेदारी के साथ अपना कार्य जारी रखें।

### परिवहन में लगे वाहनों को कभी भी बिना निगरानी के न छोड़ें



ठाकुरलाल राजपूत



राजेंद्र सिंह बग्गा

भोपाल ट्रांसपोर्ट कंपनीज एसोसिएशन के अध्यक्ष ठाकुरलाल राजपूत और राजेन्द्र सिंह बग्गा ने कहाकि विस्फोट जैसी घटना के बाद ट्रांसपोर्टरों और वाहन मालिकों से सतर्कता बरतने और सावधानी रखने की अपील की जा रही है ताकि भविष्य में किसी भी अप्रिय घटना घटित नही हो। उन्होंने कहाकि यह सुनिश्चित करें कि विस्फोटक सामग्री ले जाने वाले या सामान्य परिवहन में लगे वाहनों को कभी भी बिना निगरानी के न छोड़ें। वाहन चालकों की गतिविधियों पर प्रभावी ढंग से नजर रखें ताकि वे अजनबियों को न बिठाएं, निर्धारित मार्ग से न भटकें, या किसी भी संदिग्ध गतिविधि में शामिल न हों। ऐसी किसी भी गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। कर्मचारियों और सामान की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए, विशेष रूप से रात के दौरान उपयोग की जाने वाली कैब या ट्रकों में जीपीएस सिस्टम स्थापित करें।


**बिजनेस न्यूज**

## केनरा बैंक ऑफिसर्स एसो. की 'द मास्टर स्टिच' नामक पुस्तक का विमोचन



**भोपाल।** केनरा बैंक ऑफिसर्स एसोसिएशन का 20वां त्रिवार्षिक राष्ट्रीय सम्मेलन विशाखापत्तनम में संपन्न हुआ। समारोह में केनरा बैंक के प्रबंध निदेशक और सीईओ के.सत्यनारायण राजू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस मौके पर सत्यनारायण राजू ने केनरा बैंक के विकास में केनरा बैंक ऑफिसर्स एसोसिएशन की भूमिका की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि युवा महासचिव के रविकुमार के नेतृत्व में देशभर के सभी बैंक अधिकारियों द्वारा प्रदान की गई बैंकिंग सेवाएं देश की प्रगति में बहुत योगदान दे रही हैं। एमडी ने कहा कि जब वह बैंक अधिकारियों के कल्याण और बैंक के विकास के लिए रविकुमार के प्रयासों, कड़ी मेहनत, दूरदर्शिता और विचारों को देखते हैं, तो खुद को आईने में देखते हैं। इस कार्यक्रम में, एसोसिएशन ने द मास्टर स्टिच नामक एक पुस्तक का विमोचन किया। रविकुमार ने एसोसिएशन की मांगों को पूरा करने और केनरा बैंक अधिकारियों के कल्याण, प्रगति और विकास में योगदान देने के लिए एमडी सत्यनारायण राजू को धन्यवाद दिया। दूसरे दिन विभिन्न राज्यों के प्रतिनिधियों को मंच पर आमंत्रित किया गया। उन्होंने बैंक विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की और 100 प्रस्ताव पेश किए और उन्हें मंजूरी दी। कार्यक्रम में नई केंद्रीय समिति का चुनाव किया गया। जिसमें के.रविकुमार को फिर से महासचिव, राजीव निगम को अध्यक्ष, पी जैकब चेयरमैन और राम प्रसाद को वरिष्ठ उपाध्यक्ष के रूप में चुना गया। भोपाल से संजय गोयल (वाइस चेयरमैन),केके त्रिपाठी को ऑल इंडिया (वाइस प्रसिडेंट) , विभू जोशी (सीसी मेंबर) टीएन वेंडिया (डीजीएस )तथा मनीष चतुर्वेदी (एजीएस), भोपाल से चुने गए। उन्होंने देशभर से एसोसिएशन के प्रतिनिधियों और अधिकारियों की बड़ी भागीदारी और सम्मेलन को सफल बनाने की सराहना की।

## एलएन आयुर्वेद कॉलेज और एबीवीपी ने किए एमओयू पर हस्ताक्षर



**भोपाल।** समाज सेवा और शैक्षणिक सहयोग की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए एलएन आयुर्वेद कॉलेज, भोपाल एवं अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के बीच को समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इस समझौते का उद्देश्य रक्तदान जागरूकता, युवाओं के स्वास्थ्य सेवाओं तथा ज्ञान विनिमय कार्यक्रमों को सशक्त बनाना है। इस सहयोग के अंतर्गत दोनों संस्थाएं संयुक्त रूप से नियमित रक्तदान शिविर, रुतूमती अभियान,स्वास्थ्य जागरूकता अभियान तथा ज्ञान-साझा सत्रों का आयोजन करेंगी, जिससे विद्यार्थियों में सामाजिक दायित्व की भावना विकसित हो सके।इस अवसर पर एलएन आयुर्वेद कॉलेज के प्राचार्य, डॉ .सपन जैन ने कहा कि यह समझौता संस्था की समुदाय के स्वास्थ्य और समग्र शिक्षा के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है।एबीवीपी के प्रतिनिधियों ने भी कॉलेज के सेवा और शिक्षा के समन्वय की सराहना की तथा भविष्य में भी ऐसे स्वास्थ्य और सामाजिक कार्यक्रमों में निरंतर सहयोग देने का आश्वासन दिया।इस अवसर पर डायरेक्टर विशाल शिवहरे ,डॉ वृषाली दोडके, डॉ.पंकज निगम उपस्थित थे। कार्यक्रम का समापन इस संकल्प के साथ हुआ कि विद्यार्थी समाज सेवा और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएँगे।

## सिंबायोसिस नेशनल एप्टीट्यूड टेस्ट 2025 का रजिस्ट्रेशन 20 को होगा बंद

**नई दिल्ली।** सिंबायोसिस इंटरनेशनल (डीम्ड यूनिवर्सिटी) ने सिंबायोसिस नेशनल एप्टीट्यूड टेस्ट 2025 का रजिस्ट्रेशन विंडो 20 नवंबर 2025 को बंद करने की घोषणा की है। यह एमबीए के उम्मीदवारों के लिए राष्ट्रीय स्तर की प्रवेश परीक्षा है। पांच दशकों की अकादमिक उत्कृष्टता के साथ सिंबायोसिस उन छात्रों के लिए टॉप चॉइस है जो विश्व स्तर पर प्रासंगिक, उद्योग जगत के अनुरूप और अकादमिक रूप से दृढ़ प्रबन्धन शिक्षा पाना चाहते हैं। आवेदन के लिए अंतिम दिनांक को और आगे नहीं बढ़ाया जाएगा। सिंबायोसिस नेशनल एप्टीट्यूड टेस्ट 2025 के लिए एडमिट कार्ड हर परीक्षा की दिनांक के आधार पर चरणों में जारी किए जाएंगे। एसएनएपी टेस्ट 01 के लिए एडमिट कार्ड 28 नवंबर को उपलब्ध होंगे और परीक्षा 6 दिसंबर को होगी। इसी तरह एसएनएपी टेस्ट 02 के लिए एडमिट कार्ड 8 दिसंबर से डाउनलोड किए जा सकते हैं, यह परीक्षा 14 दिसंर को होगी। एसएनएपी टेस्ट 3 के एडमिट कार्ड 15 दिसंबर 2025 से उपलब्ध होंगे तथा परीक्षा 20 दिसंबर को होगी।

## एक मुट्ठी कैलिफोर्निया बादाम करता है ब्लड शुगर नियंत्रण में मदद

**नई दिल्ली।** वर्ल्ड डायबिटीज डे हर साल 14 नवंबर को मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य डायबिटीज के बारे में जागरूकता बढ़ाना और सभी के लिए उपचार को सुलभ बनाना है। इस साल की थीम डायबिटीज इन द वर्कप्लेस" है, जो कामकाजी लोगों के लिए मधुमेह को समझने और उसे सही तरीके से संभालने के महत्व पर जोर देती है। इंडियन कौंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च के एक हालिया अध्ययन के मुताबिक देश में 101 मिलियन लोग डायबिटीज से ग्रस्त हैं और 136 मिलियन लोग प्री-डायबिटिक हैं। नई दिल्ली स्थित फोर्टिस सी-डॉक सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर डायबिटीज, मेटाबॉलिक डिजीजेज एंड एंडोक्रिनोलॉजी के प्रोफेसर और चेयरमैन डॉ. अनूप मिश्रा के नेतृत्व में किए गए हालिया अध्ययन में पाया गया कि भोजन से पहले बादाम का सेवन प्री-डायबिटीज और मोटापे से ग्रस्त एशियाई भारतीयों में ब्लड शुगर नियंत्रण को उल्लेखनीय रूप से बेहतर बनाता है।

## रेहान ने पेश किया 'एक्वाटिका' और 'ऑब्सिडियन' के साथ अनूठा संगम

**मुंबई।** रेहान के नए फ्रेगरेंस कलेक्शन 'एक्वाटिका' और 'ऑब्सिडियन' की लाचिंग अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा ने दुबई में किया। यह विशेष आयोजन दुबई वर्ल्ड ट्रेड सेंटर में आयोजित हुआ, जो ब्यूटीवल्ड मिडल ईस्ट 2025 का हिस्सा था। इस क्षेत्र का सबसे प्रतिष्ठित ब्यूटी शोकेस माना जाने वाला यह आयोजन रेहान के लिए वैश्विक मंच बन गया। दोनों फ्रेगरेंस अपने अलग मूड और अंदाज को खूबसूरती से अभिव्यक्त करते हैं। 'एक्वाटिका' समुद्र की ठंडी लहरों और उसकी सुकूनभरी खूबसूरती से प्रेरित है।

### गोदरेज और मप्र सरकार का मलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम

# नए डिजिटल प्लेटफॉर्म किए गए लांच, फैमिली हेल्थ इंडिया से जुड़े एनजीओ, शिक्षक और आशा कार्यकर्ता

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश सरकार, गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड और फैमिली हेल्थ इंडिया के सहयोग से 2015 में मलेरिया उन्मूलन फ्रेमवर्क शुरू किया गया था। इस कार्यक्रम ने राज्य को राष्ट्रीय मलेरिया उन्मूलन फ्रेमवर्क में उच्च मलेरिया संचरण (श्रेणी 3) से कम संचरण (श्रेणी 1) की ओर बढ़ने में मदद की है। अब तक 3,047 से अधिक गांव और बस्तियां मलेरिया मुक्त हो चुकी हैं।

आयोजित कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला, डॉ. हिमांशु जायसवार, उप संचालक स्वास्थ्य सेवाएं मप्र सुधीर सितापती, एमडी और सीईओ, गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड और पकजन दस्तूर, हेड, सस्टेनेबिलिटी एंड सीएसआर, गोदरेज इंडस्ट्रीज ग्रुप, सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों और सभी अग्रिम पंक्ति के योगदानकर्ताओं की उपस्थिति थी। कार्यक्रम में फैमिली हेल्थ इंडिया से जुड़े एनजीओ, शिक्षकों और आशा कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया, जिन्होंने दूरस्थ जंगलों और गांवों तक पहुंचकर परिवारों को रोग मुक्त जीवन जीने के लिए जागरूक किया।



कार्यक्रम

### 2030 तक देश को मलेरिया मुक्त बनाना लक्ष्य : शुक्ल

*इस मौके पर मप्र के उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला ने कहाकि भारत के राष्ट्रीय मलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत हमारा लक्ष्य 2030 तक देश को मलेरिया-मुक्त बनाना है। मैं इस महत्वपूर्ण मिशन में सहयोग करने के लिए गोदरेज द्वारा किए गए कार्य की सराहना करता हूं। मध्य प्रदेश ने पिछले दस वर्षों में मलेरिया के मामलों में 97 फीसदी की कमी हासिल की है। यह सफलता हमारे स्वास्थ्य विभाग, गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स और फैमिली हेल्थ ऑर्गनाइजेशन के बीच मजबूत साझेदारी के माध्यम से मिली है।*

## भारत की फिनटेक लीडरशिप में शुरू हुआ एक नया अध्याय

**नई दिल्ली।** मलेशिया की यात्रा करने वाले भारतीय बहुत जल्द अब पेमेंट के लिए यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस का इस्तेमाल कर पाएंगे। 'रेजरपे' की ओर से यह घोषणा भारत के डिजिटल पेमेंट इनोवेशन को वैश्विक स्तर पर ले जाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप के रूप में की गई। रेजरपे ने सोशल प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, इनोवेशन की कोई सीमा नहीं होती। भारत की फिनटेक लीडरशिप में एक नया अध्याय शुरू हो रहा है। कंपनी द्वारा दी गई आधिकारिक जानकारी के अनुसार रेजरपे की मलेशियाई सब्सिडियरी कर्लेक और एनपीसीआई इंटरनेशनल पेमेंट्स लिमिटेड के बीच एक साझेदारी हुई है। इस एग्रीमेंट को 7 से 9 अक्टूबर तक चले ग्लोबल फिनटेक फेस्ट 2025 के दौरान फाइनल किया गया।

## केंद्रीय सतर्कता आयुक्त ने किया पीएनबी का दौरा

**नई दिल्ली।** बैंक पंजाब नेशनल बैंक ने कॉर्पोरेट कार्यालय में केंद्रीय सतर्कता आयुक्त प्रवीण कुमार श्रीवास्तव के दौरे के साथ बढ़ी हुई सतर्कता और पारदर्शिता की दिशा में, अपनी यात्रा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की। इस कार्यक्रम के तहत, पीएनबी की विजिलेंस मैनुअल 2025 का 5वां संस्करण और त्रैमासिक पत्रिका पीएनबी विजिल का सितंबर 2025 के अंक का अनावरण किया गया। इस अवसर पर एमडी एवं सीईओ अशोक चंद्र, कार्यपालक निदेशक बिभु प्रसाद महापात्र, सीवीओ राघवेंद्र कुमार, और बैंक के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। बैंक ने कई प्रमुख पहलों का शुभारंभ किया, जिनमें कर्मचारी जवाबदेही पोर्टल का संपूर्ण डिजिटलीकरण, आचरण जोखिम ढांचा और पीएम स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि के लिए डिजिटल समाधान शामिल हैं।

**केनफिन होम्स लिमिटेड**
Can Fin Homes Ltd (Sponsor: CANARA BANK) HOME LOANS • DEPOSITS Translating Dreams into Reality
शाखा: बी-202, प्रथम तल, इन्द्रा नगर, मंडीदीप- 462046 फोन : 07480 – 401340, 7625079225
Email: mandideep@canfinhomes.com, CIN No -L85110KA1987PLC008699

**कब्जा सूचना (अचल संपत्ति हेतु) [नियम 8 (1)]**

सेक्यूरिटाइजेशन एण्ड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फाईनानशियल एसेट्स एण्ड इनफोर्समेंट ऑफ सिक्यूरिटी इंटरेस्ट एक्ट 2002 के तहत प्रदत्त अधिकारों के प्रयोग के तहत **केनफिन होम्स लिमिटेड** के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में अधोहस्ताक्षरी ने निम्न वर्णित दिनांक को निम्न वर्णित उधारकर्ताओं/जमानतदारों को मांग सूचना में दर्शायी गई निम्न वर्णित राशि एवं उस पर संविदात्मक दर से देय ब्याज उक्त नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर अदा करने के लिए जारी किया गया है।
उधारकर्ता ऋण चुकाने में असफल रहे है, अतः उधारकर्ताओं एवं जनसामान्य को यह सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियम 8 के साथ पठित एक्ट के धारा 13 (4) के तहत उन्हें प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए, यहाँ नीचे वर्णित प्रत्येक उधारकर्ताओं की संपत्ति का कब्जा निम्न वर्णित दिनांक को ले लिया है।

| क्र. | ऋणी एवं जमानतदार का नाम | बंधक संपत्ति का विवरण | मांग सूचना दिनांक | बकाया राशि | कब्जा दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | ऋणी : **श्री राजकुमार पंडोले** | **फ्लैट संख्या- 104, प्रथम तल, 'किंग्स पैराडाइज', प्लॉट नं. 06, बेतवा कॉलोनी, मंडीदीप, तहसील- गोहरगंज, जिला- रायसेन, सुपर बिल्टअप क्षेत्रफल- 484 वर्गफीट चर्तुसीमाएँ:** उत्तर-फ्लैट संख्या- 103, दक्षिण- शीतल सिटी कॉलोनी, पूर्व-अन्य भूमि, पश्चिम-फ्लैट संख्या- 105 | 21/08/2025 | ₹ 3,66,997/- +ब्याज एवं अन्य खर्चे | 06.11.2025 |
| 2. | ऋणी : **श्रीमती रिनी मैथ्यू** एवं **श्री नेल्सन मैथ्यू** | **फ्लैट संख्या 405, मैजेस्टी ब्लॉक, चौथी मंजिल, किंग पार्क सिटी, पिपलियागंज, तहसील गोहरगंज, मंडीदीप, जिला- रायसेन, सुपर बिल्ट एरिया 559.52 वर्गफुट चर्तुसीमाएं:** उत्तर-कॉलोनी रोड, दक्षिण- फ्लैट संख्या 406, पूर्व-कॉलोनी रोड, पश्चिम- कॉमन एरिया | 21/08/2025 | ₹ 9,97,969/- +ब्याज एवं अन्य खर्चे | 06.11.2025 |
| 3. | ऋणी : **श्रीमती सुनीता मालविया** एवं **श्री प्रताप मालवी** | **फ्लैट संख्या 502, मैजेस्टी ब्लॉक, पांचवी मंजिल, किंग पार्क सिटी, पिपलियागंज, वार्ड नं. 24, तहसील गोहरगंज, मंडीदीप, जिला- रायसेन, सुपर बिल्ट एरिया 559.52 वर्गफुट चर्तुसीमाएं:** उत्तर-फ्लैट संख्या 503, दक्षिण- फ्लैट संख्या 501, पूर्व-कॉमन एरिया, पश्चिम- कालोनी रोड | 21/08/2025 | ₹ 10,49,570/- +ब्याज एवं अन्य खर्चे | 06.11.2025 |

ऋणी एवं जमानतदारों का ध्यान सुरक्षित परिसंपत्तियों को उपलब्ध समय में छुड़ाने (**redeem** कराने) के संबंध में अधिनियम की धारा (13) एवं उपधारा 8 के प्रावधानों के तहत आकर्षित किया जाता है। उधारकर्ताओं को विशिष्टतया और सर्वसाधारण को सामान्यतः एतद् द्वारा निम्नलिखित संपत्तियों के साथ कोई व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और संपत्तियों के साथ कोई व्यवहार निम्न खाते के सामने वर्णित राशि एवं उस पर ब्याज के लिए **केनफिन होम्स लिमिटेड (CFHL)** के अधीन होगा।

**दिनांक: 11.11.2025**
**स्थान: मंडीदीप**

हस्ता./-
प्राधिकृत अधिकारी
केनफिन होम्स लि., भोपाल

## चिंतन

# आतंकी किसी भी तरह से दहशत फैलाने पर आमादा

जैसे-जैसे जांच आगे बढ़ रही है, साफ होता जा रहा है कि देश की राजधानी दिल्ली को दहलाने की नापाक साजिश के पीछे आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद का हाथ है और इसके तार कश्मीर घाटी से जुड़े हुए हैं। कश्मीर में सुरक्षा व्यवस्था अत्यंत कड़ी होने के कारण आतंकी वहां कोई हरकत करने में कामयाब नहीं हो पा रहे थे तो इन्होंने उत्तर भारत में दहशतगर्दी को अंजाम की साजिश रची। हालांकि हमारे सुरक्षा सुरक्षा बलों ने फरीदाबाद, सहारनपुर में छापे मारकर भारी मात्रा में विस्फोटक बरामद कर लिया था और पूरे नेटवर्क का पर्दाफाश करने के करीब थे तभी आतंकी आकाओं ने दिल्ली में धमाके को अंजाम दे दिया। जांच में पता चला है कि धमाके में अमोनियम नाइट्रेट का इस्तेमाल किया गया। इससे पहले जांच एजेंसियों ने फरीदाबाद से तीन क्विंटल अमोनियम नाइट्रेट बरामद किया था। माना जा रहा है कि दिल्ली विस्फोट के तार भी फरीदाबाद के आतंकी मॉड्यूल से जुड़े हैं। फरीदाबाद में कई जगह से भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री की बरामदगी और फिर दिल्ली में धमाके का एक दिन होना, निस्संदेह किसी बड़ी साजिश की आशंका की ओर इशारा कर रहा है। आतंकी हर संभव प्रयास कर रहे हैं कि किसी भी तरह से भारत की शांति को भंग किया जाए। इसके लिए तरह-तरह के हथकंडे अपना रहे हैं और ये धमाके फरीदाबाद मॉड्यूल का ही कारनामा है। इसमें कई डॉक्टरों के शामिल होने की वजह से इसे 'व्हाइट कॉलर टेरर मॉड्यूल' भी कहा जा रहा है। अब ऐसी रिपोर्ट सामने आई है कि मॉड्यूल का असली मास्टरमाइंड मौलवी इरफान अहमद है, जो कि जम्मू और कश्मीर के शोपियां का रहने वाला है। इस आतंकी मॉड्यूल में जितने भी डॉक्टर शामिल हैं, उन सबको मौलवी इरफान ने ही कट्टरपंथी बनाया है। वह श्रीनगर के गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज में पैरामेडिकल था और सभी स्टूडेंट्स से लगातार संपर्क में था। वह नौगाम मस्जिद का इमाम भी था। कहा जा रहा है कि वह जैश-ए-मोहम्मद से प्रेरित है और छात्रों को उसके वीडियो दिखाता रहता था। वह अफगानिस्तान में किसी से वीओआईपी पर बातें भी करता था।' जानकारी के उसका काम यह सुनिश्चित करना था कि छात्र कट्टर बनें और डॉक्टर मुजम्मिल शकील और डॉक्टर मोहम्मद उमर, इरफान के इसी काम को आगे बढ़ाने में लगे हुए थे। जिसे अब फरीदाबाद मॉड्यूल कहा जा रहा है, उसकी जांच 27 अक्टूबर को श्रीनगर के नौगाम में आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के समर्थन वाले पोस्टर सामने आने के साथ शुरू हुई थी। इस मामले में पहले तीन ग्राउंड वर्कर धरे गए थे, जो एक जमाने में श्रीनगर में पत्थरबाजी का काम करते थे। उन्होंने ही पुलिस को मौलवी इरफान अहमद तक पहुंचाया। मौलवी से मिली जानकारी के आधार पर पुलिस ने डॉ. अदील अहमद राथर और जमीर अहनगर को गिरफ्तार किया। हालांकि अभी जांच एजेंसियों ने कोई खुलासा नहीं किया है। वे हर कड़ी को जोड़ने के काम में लगी हैं। इतना तो साफ है कि दहशतगर्दों का इरादा भारत में अशांति फैलाने का है। हम सबसे इसे लेकर सतर्क रहने की जरूरत है। सुरक्षा बल तो अपना काम कर रहे हैं। देश का हर नागरिक अगर सतर्क होगा तो आतंकी मनसूबे कामयाब नहीं हो पाएंगे।



वारदात
डॉ. रमेश ठाकुर

# दिल्ली ब्लास्ट हादसा या साजिश

दिल्ली जैसा राज्य जो अति सुरक्षित हो, चप्पे-चप्पे पर चौबीसों घंटे चौकसी रहती हो? जहां केंद्र सरकार से लेकर खुफिया एजेंसियों का ठिकाना हो, वहां घटित ऐसे हादसे को सीधे-सीधे हुकूमत की नाकामी और सुरक्षा तंत्र की घोर विफलता ही कहा जाएगा। विस्फोट का खौफजदा मंजर न सिर्फ भयभीत करने जैसा था, बल्कि डरावना भी? सीसीटीवी फुटेज में कार घटना के कुछ घंटे पहले पास के एक मस्जिद परिसर में खड़ी देखी गई। क्या प्लानिंग पहले से की गई थी या फिर आरडीएक्स के शेष हिस्से को ब्लास्ट के जरिए दफन करना था। हालांकि, घटना के बाद जांच चौकसी को बढ़ाते हुए हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश महाराष्ट्र जैसे कई राज्यों में हाई अलर्ट किया गया है।

ब्लास्ट होने के महज कुछ घंटों पहले दिल्ली से सटे 47 किलोमीटर दूर फरीदाबाद में संदिग्धों के घरों से हथियारों का भारी मात्रा में जखीरा मिलना और सैकड़ों किलो आरडीएक्स की बरामदगी घटना से संबंध जुड़ने की ओर इशारा करती है? बेशक घटना को अभी आतंकी या फिदायीन हरकत करार न दी गई हो? पर, हमले का मॉड्यूल बहुत कुछ कहता है। हालांकि, केंद्रीय जांच एजेंसियां, एनआईए और एनएसजी फिलहाल हर एंगल से कड़ियों को जोड़ने में लगी है। खुदा-ना-खास्ता अगर ये आतंकियों की हरकतें निकली, तो समझ लेना चाहिए कि अब उन्होंने अपने मंसूबों को अंजाम देने वाले तरीकों में बदलाव कर लिया है। दिन में आतंकी नेटवर्क का पकड़ा जाना और देर शाम को धमाका हो जाने की थ्योरी पर सभी अचंभित हैं। दिल्ली जैसा राज्य जो अति सुरक्षित हो, चप्पे-चप्पे पर चौबीसों घंटे चौकसी रहती हो? जहां केंद्र सरकार से लेकर खुफिया एजेंसियों का ठिकाना हो, वहां घटित ऐसे हादसे को सीधे-सीधे हुकूमत की नाकामी और सुरक्षा तंत्र की घोर विफलता ही कहा जाएगा। विस्फोट का खौफजदा मंजर न सिर्फ भयभीत करने जैसा था, बल्कि डरावना भी?

घटना के समय चारों तरफ भगदड़ मचना, चीख-पुकार का तेज शोर व विस्फोटक चिंगारियों से मेट्रो स्टेशन के शीशों का चटाचट टूटना और ब्लास्ट वाली कार का एक गेट करीब 90 मीटर दूर जाकर गिरने के मंजर को देखकर प्रत्यक्षदर्शी, राहगीर और दुकानदार सहम से गए। लोग दुकानों में छिप गए, गाड़ियों की आड़ लेकर बैठ गए। ब्लास्ट वाली जगह पर चौबीसों घंटे लोगों की चहल-पहल रहती है। एशिया का सबसे बड़ा बाजार भी वहीं है, इसलिए उसे व्यस्तम इलाकों में गिना जाता है। लालकिले के बाहरी हिस्से में लाखों लोगों की प्रतिदिन आवाजाही रहती है। गनीमत ये रही कि सोमवार का दिन था, अमूमन दुकानें बंद रहती हैं। वरना, इस भयभीत मंजर में भगदड़ मचने से और भी बड़ी घटना हो सकती थी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक जैसे अचानक से धरती फट गई हो और आसमान पूरा लाल हो गया हो? लोगों ने बताया कि घटनास्थल पर किसी का हाथ पड़ा था तो किसी की कटी हुई गर्दन? जलते मांस के टुकड़ों से आती गंध ने और ज्यादा मंजर डरावना कर दिया। कुछ मिनट तक लोग समझ ही नहीं पाए कि आखिर हुआ क्या है? दिल्ली सत्ता का केंद्र ही नहीं, बल्कि सुरक्षा के लिहाज से प्रतीक भी माना जाता है।

बहरहाल, फिदायीन हमले की आशंका है जिसको मद्देनजर रखकर ही एनआईए और एनएसजी जांच में जुटी है। क्योंकि ऐसे हमलों की खुफिया जानकारियां उन्हें पूर्व से प्राप्त हैं। तकरीबन इस तरह के हमले विस्फोटक पदार्थों से ही किए जाते हैं जिसका पुलवामा कांड सबसे बड़ा उदाहरण है। इंटेलिजेंस को अगस्त से ही इनपुट मिल चुके थे कि जम्मू के रास्ते कुछ आतंकी देश में प्रवेश कर चुके हैं जो कहीं न कहीं बड़ी घटनाओं को अंजाम देने की फिराक में हैं। उन्हें डिटेन करने में तमाम खुफिया एजेंसी सक्रिय थीं। लेकिन सटीक जानकारियों का अभाव रहा। हालांकि, हथियार और आरडीएक्स को बरामद करने में सफलता जरूर मिली। पर, कौन से आतंकी संगठन शामिल हैं और उनका घटनाई मॉड्यूल क्या है? आदि की जानकारी से हाथ खाली रहा। मौजूदा



घटना के तह तक जाने की जरूरत है। देशवासियों को इसलिए बताना चाहिए, ताकि नागरिक खुद से भी सतर्क हो सकें। ऐसी घटनाओं पर समय रहते अगर प्रतिबंध नहीं हुआ, तो आतंकियों के हौसले और बुलंद हो जाएंगे। घटना में हरियाणा की एचआर-26, 7624 नंबर की आई-20 जो कार प्रयुक्त हुई है उसकी पहचान जांच एजेंसियों ने कर ली है। कार का मालिक फरीदाबाद निवासी कोई मोहम्मद सलमान नाम का है जिसे हिरासत में लेकर पूछताछ जारी है। कुछ महीने पहले उसने उस कार को सेकंड हैंड किसी से खरीदी थी।

निश्चित रूप कार के जरिए बहुत कुछ हासिल किया जा सकता है। कार का इसी साल सितंबर में गलत पार्किंग को लेकर फरीदाबाद में चालान भी कटा था। घटना के वक्त कार में तीन लोगों के होने की आशंका जताई गई, जो थे उनके चिथड़े उड़ चुके हैं। कार में वांछित डॉ. उमर मोहम्मद के होने की भी आशंका है, वहीं उमर जिसके घर से घटना के कुछ घंटों पहले हथियारों का जखीरा और आरडीएक्स बरामद हुआ था। कार से बरामद शव उस हालत में नहीं हैं जिनकी शिनाख्त की जाए, डीएनए जांच से ही उनकी पुष्टि हो सकेगी। घटना को लेकर कई तरह के सवाल उठ खड़े हुए हैं। जैसे, कि ब्लास्ट होने की भनक भारतीय खुफिया एजेंसियों को क्यों नहीं लगी? घटना केंद्र सरकार और स्थानीय सरकार के बिल्कुल नाक के नीचे घटी। पुलिस को ब्लास्ट की सूचना 6 बजकर 52 मिनट पर मिली। लाल किला मेट्रो स्टेशन के गेट नंबर-एक के बा-मुश्किल 20-25 मीटर दूरी पर लाल बत्ती पर एक स्लो मोशन कार आती है और ब्लास्ट हो जाता है। सीसीटीवी फुटेज में कार घटना के कुछ घंटे पहले पास के एक मस्जिद परिसर में खड़ी देखी गई। क्या प्लानिंग पहले से की गई थी या फिर आरडीएक्स के शेष हिस्से को ब्लास्ट के जरिए दफन करना था। हालांकि, घटना के बाद जांच चौकसी को बढ़ाते हुए कई राज्यों में हाई अलर्ट किया गया है। आईबी के पास सूचनाएं हैं कि ऐसी घटनाएं कुछ राज्यों में भी घट सकती हैं। इसलिए एहतियातन केंद्र सरकार ने दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र जैसे राज्यों में अलर्ट जारी किया है। 2025 हादसों के लिए जाना जाएगा। कोई ऐसा महीना नहीं बीता, जब देश में कोई बड़ी घटना न घटी हो? कहीं भगदड़, तो कहीं कुदरती आपदाएं। झकझोर देने वाला पहलगाम हमला भी शामिल है। फिलहाल, दिल्ली में ब्लास्ट के बाद गृहमंत्रालय में आपातकालीन बैठक बुलाई जिसमें एनएसए चीफ अजीत डोभाल के अलावा सुरक्षातंत्र से जुड़े आलाधिकारी शामिल हुए। बैठकों का दौर जारी है। दिल्ली ब्लास्ट को लेकर गृह मंत्रालय में बैठक में सभी अधिकारियों को गृहमंत्री ने दिए निर्देश कि इस घटना में शामिल कोई दोषी नहीं बचना चाहिए।

सवाल उठता है कि सांप निकल जाने के बाद डंडा फटकारने का क्या तुक? घटना में 11 लोगों के मरने और 24 के घायल होने के आंकड़ों को प्रशासन ने जारी किया है। आंकड़े बढ़ सकते हैं। कब तक बेकसूर लोग अपनी जानें ब्लास्ट जैसी घटनाओं में देते रहेंगे? अमन-शांति के हुकूमती नारे धरातल पर कब उतरेंगे, कौनसी घड़ी आएगी जब ये सब होगा? ऐसे सवाल प्रत्येक भारतीयों के मन में उठने लगे हैं। फिलहाल, दिल्ली पुलिस सहारनपुर , फरीदाबाद और गुजरात के कनेक्शन की भी जांच कर रही है। बताया गया है कि दिल्ली ब्लास्ट में साजिश के मास्टरमाइंड डॉक्टर उमर की मौत हो गई है। जम्मू कश्मीर पुलिस ने डॉक्टर उमर की मां का डीएनए नमूना लिया, ताकि अवशेषों की पुष्टि हो सके। श्रीनगर में एक अधिकारी ने कहा कि हमने विस्फोट स्थल पर मिले अवशेषों का मिलान करने के लिए भी डीएनए नमूना लिया है।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

चुनाव प्रक्रिया
सोनम लववंशी



# अंगुली की स्याही और लोकतंत्र की चेतना!

भारतीय लोकतंत्र की सबसे बड़ी शक्ति यह है कि यहां अंतिम निर्णय जनता करती है। सरकारें बनती हैं, गिरती हैं, और समय के साथ बदल भी जाती हैं, लेकिन मतदाता का निर्णय ही अंततः सर्वोपरि माना जाता है। इसलिए जब चुनाव प्रक्रिया, चुनाव आयोग या ईवीएम पर संदेह प्रकट किया जाता है, तो यह संदेह वस्तुतः जनता के विवेक और उसके निर्णय पर उठाया गया प्रश्न होता है। बीते एक दशक के राजनीतिक विमर्श में यह प्रवृत्ति स्पष्ट दिखी है कि राजनीतिक पराजय का कारण आत्ममंथन से नहीं, बल्कि मशीनों और व्यवस्थाओं में खोजा जाने लगा है। यह प्रवृत्ति स्वस्थ लोकतंत्र की संस्कृति को क्षीण करती है, क्योंकि वह जनता को निर्णयकर्ता नहीं, किसी अदृश्य षड्यंत्र की शिकार भीड़ के रूप में प्रस्तुत करती है। राहुल गांधी की हालिया राजनीतिक रणनीति इसी दिशा में आगे बढ़ती दिखाई देती है। वे समाज में 90 फीसदी बनाम 10 फीसदी की रेखा खींचते हैं, और यह रेखा केवल सांख्यिकीय नहीं भावनात्मक विभाजन की है। उनका यह कहना कि भारत की 90 फीसदी आबादी ओबीसी, एससी-एसटी है और सत्ता केवल कुछ 'सवर्ण वर्ग' के पास है, सुनने में आकर्षक नारा तो हो सकता है, लेकिन यह सामाजिक संरचना की जटिलताओं को जानबूझकर सरलीकृत करता है। यह आंकड़ों और इतिहास की अनदेखी करके वर्गीय द्वेष को वैचारिक रूप देने का प्रयास है और यही इसकी खतरनाक प्रकृति है। दरअसल सत्ता का संघर्ष लोकतंत्र में स्वाभाविक है, पर जब संघर्ष को जाति-विभाजन के ईंधन से चलाया जाए, तो वह राजनीति नहीं, विस्फोटक वातावरण पैदा करने की रणनीति बन जाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर माइक्रोफ़ोन पर 'नकली ओबीसी' जैसी टिप्पणी केवल एक व्यक्ति पर व्यक्तिगत आक्षेप नहीं है, यह उस समुदाय के सामाजिक आत्मसम्मान को भी हल्का दिखाने की चेष्टा है, जो वर्षों से अपनी पहचान और अधिकार की गरिमा स्थापित करने में लगा है। एक राजनीतिक विचारधारा और नेतृत्व की आलोचना की जा सकती है, की जानी भी चाहिए, परंतु समुदायों को परस्पर संदेह और प्रतिस्पर्धा में खड़ा करने वाले वाक्य लोकतांत्रिक विमर्श को कमजोर करते हैं और यही रणनीति संस्थाओं के प्रति अविश्वास फैलाने में भी दिखाई देती है। ईवीएम को 'भाजपा की मशीन' कहना, न्यायपालिका को दबाव में बताना और सेना को सरकार की कठपुतली कहना ये बयान राजनीतिक तर्क नहीं, ये संदेह को सामान्य बनाने का प्रयास हैं। हाल ही में राहुल गांधी द्वारा 'जेन-जी' को संबोधित कर यह कहना कि "तुम्हारा भविष्य तुमसे छीना जा रहा है"। महज भावनात्मक अपील नहीं है। यह बयान ठीक उस समय आया, जब नेपाल और बांग्लादेश में युवाओं के नेतृत्व में व्यापक अस्थिरता पैदा हुई थी। यह समानता संयोग नहीं, रणनीति की निरंतरता को संकेत करती है। युवा ऊर्जा को विरोध में मोड़कर सत्ता परिवर्तन को भावनात्मक धर्मयुद्ध के रूप में पेश करना।

राजनीति का यह तरीका अनुभव की कमी वाले युवाओं को शीघ्र ही यह विश्वास दिला देता है कि उनके सभी संकट किसी व्यवस्था की ओर से थोपे गए हैं और उनका समाधान टकराव में है। यह लोकतांत्रिक संवाद का मार्ग नहीं, अव्यवस्था के बीज बोने का मार्ग है। ऐसे में जहां तक चुनाव परिणामों पर उठाए जा रहे प्रश्नों का सवाल है, वहां राहुल गांधी की तर्कपद्धति चयनात्मक दिखाई देती है। वे कहते हैं कि हरियाणा में कांग्रेस 22,779 वोटों के कुल अंतर से आठ सीटों पर हार गई। पर वे यह नहीं बताते कि उन्हीं कम मार्जिन वाली सीटों में कांग्रेस अधिक सीटें जीत भी गई। तब न चुनाव आयोग पर संदेह हुआ, न ईवीएम पर। क्योंकि तब विजय थी, और विजय को हमेशा "जनता का निर्णय" कहा जाता है। पराजय के समय यही निर्णय "भ्रम" या "साज़िश" कह देना राजनीतिक परिपक्वता नहीं, आत्म-चिंतन से बचने का तरीका है। कुल-मिलाकर देखें तो सच यही है कि लोकतंत्र की परिपक्वता इस बात में है कि हारने वाला पक्ष भी कह सके कि, "जनता ने यह निर्णय दिया है, हमें इससे सीखना होगा।" लोकतंत्र की कमजोरी वहीं से शुरू होती है जहां कोई यह कहने लगे, "निर्णय गलत था, जनता भ्रमित थी।" यह मानसिकता जनता को सम्मान नहीं, बल्कि संदेह की दृष्टि से देखती है। अंततः, आज भारत में संकट न तो चुनाव आयोग में है, न ईवीएम में, न चुनावी प्रक्रिया में। संकट एक सोच में है जनादेश को स्वीकार न करने की सोच में। यह लोकतंत्र के उस मूल स्तंभ को चुनौती देता है जिस पर पूरी व्यवस्था टिकी है और वह है, जनता की अंतिम निर्णायकता। लोकतंत्र मशीनें नहीं, जनता के विश्वास पर चलता है और राहुल गांधी सरीखे नेता को यह मानना होगा।

( लेखिका स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


# गुणों के विकास से आध्यात्मिक स्वास्थ्य संभव



संकलित
दर्शन

हमारे पास एक शरीर है, हमें उसका पोषण करना है और जब वह रोगग्रस्त हो जाता है, तब हमें उसकी देखभाल करनी है। हमें उसके आरोग्य का उपाय ढूंढ़ना है और जीवन के भौतिक पक्ष से जुड़े सभी विषयों पर ध्यान देना है, परंतु बात यह है कि प्रायः मानव जाति केवल यहीं पर रुक जाती है। उससे भी अधिक महत्वपूर्ण यह है कि हमारे अस्तित्व का एक मनोवैज्ञानिक, भावनात्मक और उच्चतर आध्यात्मिक आयाम भी है। इसलिए सफलता का उनका (परमहंसजी का) मार्ग था उचित संतुलन को प्राप्त करना। वहां, जहां आप भौतिक सफलता और समृद्धि प्राप्त करते हैं। जहां आपके पास भावनात्मक संतुलन और आंतरिक शांति होती है। आध्यात्मिक रूप से आपके पास एक उच्चतर उद्देश्य के लिए अपने जीवन को संचालित करने का ज्ञान होता है, न केवल धन एकत्र करना और परिवार व संतानों की उपलब्धि, अपितु यह अनुभव करने का एक उच्चतर उद्देश्य कि मैं ईश्वर का एक स्फुलिंग हूं, मैं इस भौतिक शरीर में निवास करने वाला आत्मा हूं और अपने जीवन के सभी पक्षों में ईश्वर के पूर्ण साक्षात्कार और अभिव्यक्ति की प्राप्ति ही मेरा अंतिम उद्देश्य है। एक बार जब आप यह धारणा बना लेते हैं, तो जीवन अत्यंत रोमांचक हो जाता है, क्योंकि सब प्रकार के कौशल, क्षमताएं और योग्यताएं आपके लिए उपलब्ध हैं। ये प्रत्येक मनुष्य की अक्षय निधि का अंग हैं, परंतु वे तब तक पूर्ण रूप से निष्क्रिय रहती हैं, जब तक उन्हें सचेतन एकाग्रता और सचेतन प्रयास के द्वारा जाग्रत नहीं किया जाता है।


# मन की शांति कैसे प्राप्त करें?



संकलित
प्रेरणा

सेठ अमीरचंद को हर पल कोई न कोई चिंता परेशान किये रहती थी। एक दिन वह कहीं जा रहा था तो रास्ते में उसकी नजर एक आश्रम पर पड़ी। वहाँ उसे किसी साधु के प्रवचनों की आवाज सुनाई दी। उस आवाज से प्रभावित होकर अमीरचंद आश्रम के अन्दर गया और बैठ गया। प्रवचन समाप्त होने पर सभी व्यक्ति अपने अपने घर को चले गये। लेकिन वह वही बैठा रहा। उसे देखकर संत बोलेः कहो, तुम्हारे मन में क्या जिज्ञासा है, जो तुम्हें परेशान कर रही है। इस पर अमीरचंद बोलाः बाबा, मेरे जीवन में शांति नहीं है। यह सुनकर संत बोलेः घबराओ नहीं तुम्हारे मन की सारी अशांति अभी दूर हो जायेगी। संत की बात सुनकर ज्यों ही अमीरचंद ध्यान की मुद्रा में बैठा त्यों ही उसके मन में इधर-उधर की बातें घूमने लगीं और उसका ध्यान उचट गया। सेठ बोलाः चलो, जरा आश्रम का एक चक्कर लगाते हैं। इसके बाद वे आश्रम में घूमने लगे। अमीर चंद ने एक सुंदर वृक्ष देखा तथा उसे हाथ से छुआ। हाथ लगाते ही उसके हाथ में एक कांटा चुभ गया और सेठ। बुरी तरह चिल्लाने लगे। यह देखकर संत वापस अपनी कुटिया में आए। कटे हुए हिस्से पर लेप लगाया। कुछ देर बाद वह सेठ से बोलेः तुम्हारे हाथ में जरा-सा कांटा चुभा तो तुम बेहाल हो गए। सोचो कि जब तम्हारे अन्दर ईर्ष्या, क्रोध व लोभ जैसे बड़े-बड़े कांटे छिपे हैं, तो तुम्हारा मन भला शांत कैसे हो सकता है ? संत की बात से सेठ अमीरचंद को अपनी गलती का अहसास हो गया। वह संतुष्ट होकर वहां से चला गया।

## सटाका




## आज की पाती

### कम करना होगा प्लास्टिक का उपयोग

हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले के अंबिकापुर के गार्बेज कैफे का जिक्र किया। वर्ष 2019 में खोला गया यह देश का पहला गार्बेज कैफे था। अंबिकापुर नगर निगम ने प्लास्टिक वेस्ट के दुष्प्रभाव को कम करने के उद्देश्य से यह अनोखी पहल की थी। इस कैफे की खासियत यह है कि यहां प्लास्टिक कचरे के बदले भरपेट खाना और नाश्ता मिलता है। एक किलो प्लास्टिक देने पर पूरा खाना और आधा किलो प्लास्टिक देने पर नाश्ता दिया जाता है। अंबिकापुर ने गार्बेज कैफे जैसे नवाचार के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण में एक मिसाल कायम की है। इस पहल से शहर में प्लास्टिक वेस्ट की मात्रा वर्ष दर वर्ष घटती जा रही है। एक बार फिर प्लास्टिक कचरा बातचीत का केंद्र बन गया है।

*- अमित पटेल, सरगुजा*

## ट्रेंड

### दिल्ली हादसे से मन व्यथित



दिल्ली में हुई भयावह घटना ने सभी के मन को व्यथित किया है। मैं पीड़ित परिवारों का दुख समझता हूं। पूरा देश उनके साथ खड़ा है। मैं आश्वस्त करता हूं कि हमारी जांच एजेंसियां इस षड्यंत्र की तह तक जाएंगी। जिम्मेदारो को बख्शा नहीं जाएगा।

**- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### आधुनिक तकनीक



रक्षा क्षमता विकास के लिए आधुनिक तकनीक का उपयोग केवल हमारे शस्त्रागार को उन्नत करने तक सीमित नहीं है, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति हमारे संपूर्ण दृष्टिकोण को बदलने के बारे में है।

**- राजनाथ सिंह, रक्षामंत्री**

### हमारे लिए राष्ट्र प्रथम



कुछ लोग हैं, रहेंगे हिंदुस्तान में, खाएंगे हिंदुस्तान में, लेकिन 'वंदे मातरम' नहीं गाएंगे, हम उनकी मंशा को समझें...जो 'वंदे मातरम' का विरोध कर रहे हैं, वे भारत माता का विरोध कर रहे हैं। हम जिएंगे तो देश के लिए, मरेंगे तो देश के लिए और कुछ भी योगदान देंगे तो राष्ट्र प्रथम होगा।

**- योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र**

### दिल्ली हादसा दुर्भाग्यपूर्ण



दिल्ली में ब्लास्ट एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना है। ऐसे तत्व, जो लोगों के दिमाग में जहर घोलकर उन्हें इस तरह की हरकतें करने के लिए उकसाते हैं, उन्हें अलग-थलग कर दिया जाना चाहिए और उनसे सख्ती से निपटा जाना चाहिए।

**-श्री श्री रविशंकर, आध्यात्मिक गुरु**

## करंट अफेयर

### सीनेट ने 'शटडाउन' समाप्ति के विधेयक को दी मंजूरी



अमेरिकी संसद के उच्च सदन सीनेट ने सरकारी 'शटडाउन' (सरकारी कामकाज के लिए वित्तपोषण की कमी) समाप्त करने के लिए सोमवार को विधेयक पारित कर दिया और इसी के साथ इतिहास का सबसे लंबा 'शटडाउन' खत्म होने के करीब पहुंच गया। डेमोक्रेटिक पार्टी के नेताओं के एक छोटे समूह ने अपनी पार्टी के भीतर तीखी आलोचना के बावजूद रिपब्लिकन के साथ एक समझौते की पुष्टि की जिसकी मदद से यह विधेयक पारित हुआ। पिछले 41 दिन से जारी शटडाउन कुछ और दिन जारी रह सकता है क्योंकि संसद के निचले सदन यानी प्रतिनिधि सभा के सदस्य सितंबर के मध्य से अवकाश पर हैं। वे विधेयक पर मतदान करने के लिए वाशिंगटन लौटेंगे। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने विधेयक के प्रति समर्थन का संकेत देते हुए सोमवार को कहा, 'हम जल्द ही शटडाउन समाप्त करेंगे।' दरअसल डेमोक्रेटिक पार्टी के नेताओं के एक समूह ने स्वास्थ्य देखभाल सब्सिडी के विस्तार की गारंटी के बिना चर्चा करने पर सहमति व्यक्त की जिससे उनके 'कॉकस' के कई सदस्य नाराज हो गए। इस 'कॉकस' का कहना है कि अमेरिकी लोग चाहते हैं कि सब्सिडी को लेकर लड़ाई जारी रखी जाए।

## ऑफ बीट

### वास्तविकता 'कम खाओ ज्यादा चलो' से अलग है



दशकों तक हमें बताया गया कि वजन कम करना केवल आत्म-नियंत्रण का मामला है : कम खाओ, ज्यादा चलो। लेकिन आधुनिक विज्ञान ने यह सिद्ध कर दिया है कि वास्तविकता इससे अलग है। हमारे पूर्वजों का असर हजारों साल पहले हमारे मानव पूर्वजों के लिए शरीर की चर्बी जीवन रेखा थी- बहुत कम चर्बी से भूखमरी का खतरा, बहुत अधिक चर्बी से धीमी गति का खतरा। समय के साथ, मानव शरीर ने ऊर्जा भंडारण की रक्षा करने के लिए जटिल जैविक रक्षा तंत्र विकसित किए, जो दिमाग में जुड़े थे। आज, जब भोजन हर जगह उपलब्ध है और शारीरिक गतिविधि वैकल्पिक है, तो वही तंत्र वजन घटाना मुश्किल बनाते हैं। जब कोई व्यक्ति वजन घटाता है, तो शरीर इसे जीवन पर खतरे के रूप में देखता है-भूख वाले हार्मोन बढ़ते हैं, खाने की लालसा बढ़ती है और ऊर्जा खर्च घटता है। यह तंत्र कभी भूख और भोजन की अनिश्चितता में जीवन बचाने के लिए विकसित हुआ था, लेकिन आज यह चुनौती बन गया है। हमारा दिमाग भी वजन की रक्षा के लिए शक्तिशाली तंत्र रखता है और यह पुराने वजन को "याद" रख सकता है। इसका मतलब है कि यदि शरीर कभी भारी रहा है, तो दिमाग बाद में उसे सामान्य मानकर उसकी रक्षा करता है।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
**aapkepatra.haribhoomi@gmail.com**
पर भेज सकते हैं।






## दूसरे चरण के मतदान का समापन, सभी ने अपनी अपनी जीत का किया दावा

# 12 मंत्रियों के साथ सभी उम्मीदवारों का भाग्य ईवीएम में हो गया लॉक, अब 14 को तय होगा किसका 'लक' और कौन 'बैडलक'

एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार के दूसरे चरण में 12 मंत्रियों का भाग्य मंगलवार को ईवीएम में बंद हो गया। बेतिया से भाजपा की रेणु देवी बिहार में उप मुख्यमंत्री बनने के बाद चर्चा में आई थीं। मंत्री रेणु का मुकाबला इस बार वसी अहमद को उतारा है।

झंझारपुर से भाजपा के नीतीश मिश्रा का मुकाबला सीपीआई के राम नारायण यादव से है। फुलपरास से जदयू की शीला कुमारी मंडल का कांग्रेस के सुबोध मंडल से है। सुपौल से जदयू के बिजेंद्र प्रसाद यादव का कांग्रेस ने फिर से मिनतुल्लाह रहमानी से मुकाबला है। छातापुर से भाजपा के नीरज कुमार सिंह बबलू के सामने राष्ट्रीय जनता दल ने डॉ. विपिन सिंह हैं। धमदाहा से जदयू की लेशी सिंह का सामना उनकी ही पार्टी के सांसद रहे संतोष कुशवाहा से हो रहा है।

■ लेशी का मुकाबला पार्टी के पूर्व सांसद से


मंत्री रेणु देवी


सुमित कुमार


प्रेम कुमार


जयंत राज

### गयाजी में भी कड़ा मुकाबला

गया टाउन से भाजपा के डॉ. प्रेम कुमार के सामने कांग्रेस प्रत्याशी पूर्व डिप्टी मेयर अखौरी ओंकारनाथ उर्फ मोहन श्रीवास्तव उतरे हैं। चकाई से जदयू के सुमित कुमार सिंह प्रत्याशी हैं।इस बार सावित्री देवी महागठबंधन से राजद प्रत्याशी हैं। वीआईपी का साथ है। सिकटी से भाजपा के विजय कुमार मंडल के सामने इस बार विकासशील इंसान पार्टी के हरिनारायण प्रामाणिक हैं। अमरपुर से जदयू के जयंत राज का मुकाबला कांग्रेस के जितेंद्र सिंह से है। चैनपुर से जदयू के मो. जमा खान राजद के बृज किशोर बिंद से लड़ रहे हैं।

**नीतीश पहुंचे दफ्तर**

### सभी से मिले, मंत्री ने कहा नीतीश ही बनेंगे मुख्यमंत्री


पार्टी के नेताओं के साथ मुख्यमंत्री नीतीश कुमार

*रिकॉर्ड मतदान के बीच राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अचानक जदयू प्रदेश कार्यालय का दौरा किया । दोपहर के समय जब वोटिंग अपने चरम पर थी, नीतीशअपने सहयोगी मंत्री विजय चौधरी के साथ पटना स्थित प्रदेश कार्यालय पहुंच गए। यहां उन्होंने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं से मुलाकात की, चुनावी स्थिति का जायजा लिया और उनके समर्पण के लिए हृदय से आभार व्यक्त किया। जदयू ने एक्स पर इसकी जानकारी साझा करते हुए लिखा, हर कदम विश्वास का, हर कदम विकास का। मंत्री विजय चौधरी ने मीडिया से बातचीत में कहा, जदयू कार्यालय में मुख्यमंत्री स्वयं स्थिति का जायजा लेने पहुंचे हैं। उन्होंने विपक्ष पर पलटवार करते हुए कहा, शपथ लेने से कोई किसी को नहीं रोक सकता, लेकिन बिहार के राज्यपाल नीतीश कुमार को ही शपथ दिलाएंगे। वे ही अगले मुख्यमंत्री बनेंगे।*

### पहले बनीं मां फिर किया वोट

*मतदान को लेकर जागरूकता की मिसाल पेश करने वाला चित्र सामने आया है। बताया गया कि बेलागंज विधानसभा क्षेत्र के कुरी सराय गांव के रहने वाले सुनील मांझी की 25 वर्षीय पत्नी सोनी कुमारी बीती रात ही बेलागंज के सरकारी अस्पताल में बच्चे को जन्म दिया था, लेकिन लोकतांत्रिक अधिकार निभाने के जज़्बे के साथ वह सुबह एंबुलेंस से अपने नवजात शिशु को लेकर मतदान केंद्र पहुंची और मतदान किया।*

**तेजस्वी बोले**

### बिहार अब बदलाव चाह रहा, कमाल कर दिया

राजद के तेजस्वी यादव ने वोटिंग के बीच एक भावुक संदेश जारी किया। उन्होंने कहा कि बिहार के हर जिले से रिकॉर्ड वोटिंग की खबरें आ रही हैं, जहां बुजुर्ग, पहली बार वोट डालने वाले युवा,



महिलाएं, किसान और व्यापारी जागरूकता के साथ मतदान कर रहे हैं। तेजस्वी ने ट्वीट कर लिखा, मन गदगद है, मेरे बिहार ने कमाल कर दिखाया है। हर जाति, हर वर्ग ने लोकतंत्र के इस महोत्सव को ऐतिहासिक बना दिया है। अब ये कदम रुकने नहीं चाहिए। उन्होंने मतदाताओं से अपील की, आपकी अंगुली की नीली स्याही ही आपके भविष्य को स्वर्णिम बनाएगी। तेजस्वी ने कहा, बीस साल में युवाओं को रोजगार नहीं मिला, किसान को राहत नहीं मिली, व्यापारी घाटे से उबर नहीं पाया और आम आदमी महंगाई के बोझ से दबा रहा। अब बिहार बदलाव चाहता है, विकास चाहता है। उन्होंने जोर देकर कहा, हमारी हर नीति लोकनीति है, हर कदम लोकहित में है। असली आजादी तभी मिलेगी जब बिहार भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, घूसखोरी और असमानता से मुक्त होगा।तेजस्वी ने नारा दिया, अब बिहार को रिजल्ट, रिस्पेक्ट और राइज चाहिए।

### इन्होंने वोट डाले


भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल



कांग्रेस प्रमुख राजेश राम


जेजेपी प्रमुख प्रशांत किशोर


बिहार में मतदान के लिए लगी भीड़

### महिलाओं ने तय कर दिया, नीतीश फिर आएंगे



*अंतिम चरण के मतदान के दौरान एनडीए नेताओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। सासाराम से जेडीयू नेता उपेंद्र कुशवाहा ने कहा कि महिलाओं की लंबी कतारें एनडीए की जीत का संकेत हैं। उन्होंने कहा कि महिलाएं हमारी सरकार से प्रसन्न हैं। आरजेडी शासनकाल में शाम के बाद महिलाएं घर से बाहर नहीं निकलती थीं, लेकिन आज वे खुले माहौल में स्वतंत्र रूप से मतदान करने आ रही हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं की बढ़ती भागीदारी एनडीए के पक्ष में वोटिंग का संकेत है। दो-तिहाई वोट एनडीए के पक्ष में जा रहे हैं।*

### झा ने दिया एनडीए की बड़ी जीत का संकेत



*जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद संजय कुमार झा ने कहा कि इस बार मतदान का प्रतिशत पहले चरण से भी ज्यादा रहने की संभावना है। लोगों के उत्साह और झुकाव को देखकर साफ है कि जनता शांति, सुशासन और विकास के लिए वोट कर रही है। जनता को भरोसा है कि डबल इंजन की सरकार ही बिहार को आगे ले जा सकती है।*

### 160 सीटों पर एनडीए की जीत तय



गया के महकार में केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने मतदान के बाद कहा कि महागठबंधन की सरकार की संभावना दूर-दूर तक नहीं है। उन्होंने तेजस्वी यादव पर बयान देते हुए कहा कि वह ख्याली पुलाव बना रहे हैं और हर चीज में कमाई की तलाश कर रहे हैं। मांझी ने विश्वास जताया कि 14 नवंबर को एनडीए को कम से कम 160 सीटों पर एनडी की जीत तय है।

### मतदाताओं को रोका जा रहा



निर्दलीय सांसद पप्पू यादव ने पूर्णिया में प्रशासन पर मतदाताओं को वोट देने से रोकने और लाठीचार्ज करने जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं, जिससे चुनावी माहौल में तनाव बढ़ गया था। उन्होंने कहा है कि पोलिंग बूथ नंबर 49 और 45 पर मतदाताओं को वोट डालने के लिए अंदर नहीं जाने दिया जा रहा है, और उन पर लाठीचार्ज किया जा रहा है।

---

## खबर संक्षेप

### टूटने लगी कांग्रेस अहमद का इस्तीफा



**पटना।** बिहार में मतदान खत्म होते ही कांग्रेस को तगड़ा झटका लगा है। बिहार कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री रहे शकील अहमद ने इस्तीफा दे दिया है। मुजफ्फरपुर के निवासी शकील राज्य और केंद्र की राजनीति में एक्टिव रहे हैं।शकील ने कहा नेताओं से मतभेद के चलते मैंने इस्तीफा देने का फैसला किया है।

### गोदियाल को उत्तराखंड कांग्रेस की कमान दी



**नई दिल्ली।** कांग्रेस हाईकमान ने गणेश गोदियाल को प्रदेश कांग्रेस कमेटी का नया अध्यक्ष नियुक्त किया है। कांग्रेस महासचिव के सी वेणुगोपाल ने आदेश जारी कर दिए हैं। इसके साथ ही प्रीतम सिंह को प्रचार समिति का अध्यक्ष और डॉ. हरक सिंह रावत को चुनाव प्रबंधन समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया है।

### पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ 3 साल बाद जेल से रिहा



**कोलकाता।** कथित शिक्षक भर्ती घोटाले के मुख्य आरोपी और पश्चिम बंगाल के पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी को मंगलवार को ज़मानत पर रिहा कर दिया गया। चटर्जी 23 जुलाई, 2022 से न्यायिक हिरासत में थे। पार्थ को अस्वस्थता के कारण कोलकाता के मुकुंदपुर आरएन टैगोर अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

### मोची का निधन, राहुल करा रहे थे इलाज



**सुल्तानपुर।** उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर जिले में मंगलवार को रामचेत मोची का कैंसर और टीबी की गंभीर बीमारी के चलते निधन हो गया। पिछले वर्ष कांग्रेस ने वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने उनकी माली हालत देखते हुए न सिर्फ उनकी मदद की थी, बल्कि गंभीर बीमारी की जानकारी होते ही उनका इलाज भी करवाया था।

## कमीशन फॉर एयर क्वालिटी मैनेजमेंट और सीएक्यूएम का कदम

# दिल्ली में ग्रेप-3 हो गया लागू, पेट्रोल और डीजल गाड़ियों के चलाने पर लगा प्रतिबंध

*अब बीएस-3, पेट्रोल और बीएस-4, पुरानी गाड़ियां सड़कों पर नहीं चल सकेंगी*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली और एनसीआर में लगातार बिगड़ती हवा की गुणवत्ता को देखते हुए कमीशन फॉर एयर क्वालिटी मैनेजमेंट ( सीएक्यूएम), वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान ग्रेप के तीसरे चरण (स्टेज-3) को लागू कर दिया है। इस फैसले के बाद अब बीएस-3 पेट्रोल और बीएस-4) डीजल गाड़ियां सड़कों पर नहीं चल सकेंगी। दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक एयर क्वालिटी इंडेक्स 400 से ऊपर पहुंच गया है, जो कि गंभीर श्रेणी में आता है। ग्रेप-3 लागू होने के बाद अब बीएस-3 पेट्रोल और बीएस-4 डीजल चार-पहिया वाहनों का संचालन दिल्ली और आसपास के जिलों में प्रतिबंधित कर दिया गया है। यह नियम आपातकालीन सेवाओं और विकलांग व्यक्तियों द्वारा उपयोग किए जाने वाले वाहनों पर लागू नहीं होगा। अगर कोई वाहन मालिक इस नियम का उल्लंघन करता है, तो उस पर 20,000 रुपए तक का जुर्माना लगाया जा सकता है। बीएस-4 डीजल इंजन वाले मध्यम और भारी मालवाहक वाहनों की भी दिल्ली में एंट्री नहीं होगी।

### क्यों लागू किए गए ये सख्त कदम?


यातायात की जांच करते दिल्ली पुलिस के कर्मी व अधिकारी

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड सीबीसीबी के अनुसार दिल्ली का एक्यूआई सोमवार को 362 से बढ़कर मंगलवार को 421 हो गया। शहर के कई इलाकों जैसे बवाना (462), आर.के. पुरम (446) और पटपड़गंज (438) में हवा की गुणवत्ता बेहद खराब दर्ज की गई। कम हवा की गति और मौसमी परिस्थितियों के कारण प्रदूषण बढ़ा है। ग्रेप-3 लागू करने का उद्देश्य हवा की गुणवत्ता को और बिगड़ने से रोकना है।

### ट्रैफिक और ट्रांसपोर्ट पर असर

- अब दिल्ली-एनसीआर की आवाजाही और परिवहन प्रणाली पर सीधा असर पड़ेगा।
- पुराने वाहन चलाने वाले लोगों को अब दफ्तर या रोजाना के सफर में मुश्किल होगी।
- डीजल मालवाहक वाहनों पर रोक से सप्लाई चेन और डिलीवरी सर्विसेज पर असर पड़ सकता है।
- अब ज्यादा लोग मेट्रो, ई-बस या कैब सर्विसेज पर निर्भर होंगे, जिससे भीड़ बढ़ने की संभावना है।

## बढ़ते प्रदूषण के बीच स्कूलों के लिए बड़ा फैसला

### हाइब्रिड मोड में चलेंगी 5वीं तक की क्लास

दिल्ली में लगातार बढ़ रहे वायु प्रदूषण के कारण शिक्षा निदेशालय ने छोटे बच्चों के लिए बड़ा फैसला लिया है। दिल्ली सरकार के शिक्षा निदेशालय ने नया सर्कुलर जारी करते हुए ऐलान किया है कि अबसे लेकर अगले आदेश तक पांचवीं क्लास तक के बच्चों के क्लास हाइब्रिड मोड में चलेंगे। क्लास 5 तक के बच्चों की पढ़ाई अब हाइब्रिड मोड यानी 'ऑनलाइन + ऑफलाइन' माध्य से कराई जाएगी। हफ्ते के कुछ दिन बच्चों को स्कूल आना होगा और कुछ दिन वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए सभी बच्चे इकट्ठा होंगे। यह आदेश तुरंत प्रभाव से लागू कर दिया गया है।

### जयराम ने की आदेश की आलोचना सालभर प्रदूषण नियंत्रण की मांग

दिल्ली में वायु प्रदूषण खतरनाक स्तर पर पहुंचने के बाद केंद्र सरकार की ग्रेप -3 की गाइडलाइंस लागू कर दी गई हैं। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने सरकार की इस योजना पर अति-निर्भरता को लेकर चिंता जताई और सालभर ठोस उत्सर्जन नियंत्रण कार्रवाई की जरूरत बताई। रमेश ने कहा कि दिल्ली में हर साल सर्दियों के मौसम में वायु प्रदूषण के हालात बिगड़ते हैं, लेकिन सरकार की प्रतिक्रिया केवल आपातकालीन कदमों तक सीमित रह गई है। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा दिल्ली में ग्रेप -3 लागू किया गया है। 2014 से 2017 के बीच सुप्रीम कोर्ट ने वायु प्रदूषण संकट को देखते हुए इस योजना को मंजूरी दी थी। उम्मीद थी कि समय के साथ यह कम जरूरी होगी क्योंकि सालभर उत्सर्जन में कमी आएगी, लेकिन अब यह पूरी तरह 'रिएक्टिव' हो चुकी है।

### निर्माण और इंडस्ट्री पर भी रोक

- अब दिल्ली में निर्माण और विध्वंस कार्यों पर भी रोक
- सिर्फ सड़क, रेलवे और एयरपोर्ट से जुड़े प्रोजेक्ट्स को छूट दी गई है।
- जो उद्योग अनुमोदित ईंधन का इस्तेमाल नहीं करते, उन्हें अस्थायी बंद करने के आदेश
- सड़कों पर मैकेनिकल स्वीपर और वॉटर स्प्रिंकलर के जरिए धूल कम करने के निर्देश दिए

## राजस्थान रोडवेज की लापरवाही

### चलती बस में चालक ने उतारे कपड़े स्टेयरिंग पर टिफिन रख खाया खाना

एजेंसी ▶▶ अजमेर

राजस्थान रोडवेज की लापरवाही एक बार फिर सुर्खियों में है। बस ड्राइवर की करतूत देखकर बस में बैठे सभी यात्री घबरा गए। अजमेर से कोटा जा रही रोडवेज बस के चालक ने निक्कर पहनकर बस भगानी शुरू तो यात्रियों की सांसें अटक गईं।

बस में महिलाओं और बच्चों समेत बड़ी संख्या में यात्री सवार थे।ड्राइवर ने चलती बस में ही स्टेयरिंग को खाने की टेबल बना दिया और टिफिन रखकर खाना खाने लगा। ये नजारा देख यात्री घबरा गए। यात्रियों ने विरोध जताते हुए वीडियो भी बनाया। इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में दिखाई देता है कि ड्राइवर ने पहले बनियान और पजामा पहन रखा था, लेकिन कुछ ही दूरी चलने के बाद उसने पजामा और बनियान दोनों उतार दिए और केवल निक्कर में ही बस चलाने लगा।



## सिद्धारमैया ने महती योजना बताया

### मेकेदातु परियोजना पर फिर दिया जोर तमिलनाडु का हित नहीं होगा प्रभावित

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया ने मंगलवार को एक बार फिर मेकेदातु परियोजना पर जोर दिया। बेंगलुरु में पानी की समस्या को हल करने के लिए यह सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है और यही वजह है कि कर्नाटक सरकार इस पर खासा जोर दे रही है। हालांकि तमिलनाडु की आपत्ति के चलते इस पर सहमति नहीं बन पा रही है।

सिद्धारमैया ने एक बार फिर से मेकेदातु परियोजना पर जोर दिया और साथ ही कहा कि इससे तमिलनाडु के हित प्रभावित नहीं होंगे। सिद्धारमैया ने कहा कि इस साल कर्नाटक में भारी बारिश हुई है और तमिलनाडु को भी इस साल ज्यादा पानी मिलेगा। मैसूर में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान सीएम सिद्धारमैया ने कहा कि 'तमिलनाडु को सिर्फ 177 टीएमसी पानी ही दिया जाना चाहिए, लेकिन हमने 150 टीएमसी पानी अतिरिक्त दिया है।


सीएम सिद्धारमैया

## सुप्रीम कोर्ट की सख्त टिप्पणी

### अवैध ढाबों पर खड़ी गाड़ियां भी बनीं हादसे की बड़ी वजह

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने राजस्थान और तेलंगाना में बीते दिनों हुए सड़क हादसों का खुद से संज्ञान लिया। कोर्ट ने इस दौरान हाइवे के किनारे अवैध ढाबों पर भी चिंता जताई। कहा कि इन ढाबों पर आने वालों की गाड़ियां हाइवे पर खड़ी रहती हैं, जिनसे हादसे होते हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण और सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय से सड़क किनारे मौजूद ढाबों और सड़क मेंटेनेंस की स्थिति पर रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया। जस्टिस जेके महेश्वरी और जस्टिस विजय विश्नोई की बेंच ने कहा कि 2 सप्ताह के भीतर एक सर्वे करें जिससे यह पता चल सके कि कितने ढाबे राजमार्गों के किनारे सुविधाओं के लिए अधिसूचित नहीं हैं।

कुछ दिन पहले हुई फलोदी और तेलंगाना की दुर्घटनाओं में 18 और 19 मौतें हुई। टोल वसूली होने के बावजूद खराब सड़क स्थिति और गैर-नोटिफाई स्थानों पर ढाबों की मौजूदगी इन हादसों का कारण बताई गई।


सुप्रीम कोर्ट

## मौसम विभाग ने 5 राज्यों में शीतलहर की चेतावनी दी

# यूपी,चंडीगढ़ समेत राज्यों में कड़ाके की सर्दी पड़ेगी

*तमिलनाडु, केरल, पुडुचेरी और ओडिशा में बारिश की संभावना*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश में बारिश के खत्म होते ही अब ठंड ने लोगों की मुसीबतें बढ़ानी शुरू कर दी हैं। मौसम विभाग ने 5 राज्यों के लिए भीषण शीत लहर का अलर्ट जारी किया है। बच्चों और बुजुर्गों को इस दौरान सावधान रहने के लिए कहा गया है। वहीं, दक्षिणी राज्यों में बारिश की चेतावनी जारी की गई है। तमिलनाडु, केरल, पुडुचेरी और ओडिशा में मध्यम से भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है। इस बारिश के चलते तापमान में गिरावट आ सकती है।

*बच्चों और बुजुर्गों को सलाह दी*

*दक्षिणी राज्यों में भी सर्दी और बारिश का होगा असर*



भारतीय मौसम विभाग

### पूर्वी मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ भी चपेट में

पश्चिमी मध्य प्रदेश के कुछ स्थानों पर 12 नवंबर के दौरान भीषण शीत लहर का अलर्ट जारी किया गया है। हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली और उत्तर प्रदेश के कुछ स्थानों पर 12 नवंबर के दौरान शीत लहर की चेतावनी जारी की गई है। पूर्वी मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में 12 से 14 नवंबर के दौरान शीत लहर का अलर्ट जारी किया गया है।

### तमिलनाडु, पुडुचेरी व केरल में पारा4-5 तक गिरेगा

*देश के दक्षिणी राज्यों में बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। इन राज्यों में तमिलनाडु, पुडुचेरी, केरल शामिल हैं। समुद्र किनारे रहने वाले मछुआरों को अलर्ट रहने के लिए कहा गया है। वहीं इस बारिश के चलते इन राज्यों में तापमान में 4 से 5 डिग्री तक कमी आ सकती है।*

### उत्तराखंड भी रहेगा ठंड की चपेट में

उत्तर प्रदेश में 12 नवंबर से सुबह और शाम के समय 17 से 20 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलेगी जिससे तापमान में और गिरावट देखी जा सकती है। लखनऊ में 12 नवंबर को अधिकतम तापमान जहां 28 डिग्री सेल्सियस तक जा सकता है तो वहीं न्यूनतम तापमान गिरकर 13 डिग्री सेल्सियस पर आ सकता है। ग्रामीण इलाकों में सुबह के समय ठंड का ज्यादा एहसास होगा। उत्तराखंड में 12 नवंबर को कुछ इलाकों में बर्फीली हवा चल सकती है। न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे आ सकता है। नैनीताल, रुद्र प्रयाग में ठंड में बढ़ोतरी देखी जा सकती है।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहुंचे भूटान, भगवान बुद्ध के अवशेषों के दर्शन किए और हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट का किया उद्घाटन

## पर्यावरण के मामले में भूटान की उपलब्धियों को पीएम मोदी ने सराहा

एजेंसी ⏭ थिम्पू

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिनी भूटान यात्रा पर हैं। उनका भूटान दौरा 11 और 12 नवंबर को है, जिस दौरान वे अलग-अलग कार्यक्रमों में शामिल होंगे। इस यात्रा का मकसद भारत-भूटान के बीच दोस्ती और साझेदारी को मजबूत बनाना है। पीएम मोदी ने खुद अपने भूटान रवाना होने की जानकारी आधिकारिक एक्स अकाउंट से दी। पीएम मोदी की पिछले 11 साल में ये चौथी भूटान यात्रा है, जिससे समझा जा सकता है कि भारत के लिए भूटान से रिश्ते कितने महत्वपूर्ण हैं। पीएम मोदी अपने इस आधिकारिक दौरे में भूटान के राजा जिग्मे खेसर नामग्येल वांगचुक के जन्मदिन समारोह में शामिल होंगे, साथ ही उनके साथ मिलकर 1020 मेगावाट के पुनातसंगचू-2 हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट का उद्घाटन किया। पीएम मोदी भूटान को 1000 करोड़ की सहायता राशि भी देने वाले हैं और वे ग्लोबल पीस प्रेयर फेस्टिवल में भी शामिल होंगे।

### ब्लास्ट में जान गंवाने वालों के लिए शांति प्रार्थना


विद्युत परियोजना का उद्घाटन



मोदी के स्वागत में बिछाया रेड कारपेट

### पीएम मोदी बोले विश्व शांति में विश्वास

*प्रधानमंत्री मोदी ने थिम्फू में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि आज का दिन भूटान के लिए, भूटान के राज परिवार के लिए और विश्व शांति में विश्वास रखने वाले सभी लोगों के लिए बहुत अहम है। सदियों से भारत और भूटान का संबंध बहुत ही गहन, आत्मीय और सांस्कृतिक रहा है।*

### भारत के लिए महत्वपूर्ण है भूटान

*हिमालयी देश भूटान भारत के लिए रणनीतिक लिहाज से बहुत महत्वपूर्ण है। वैसे तो ये छोटा सा देश है, जहां सिर्फ 7.5 लाख लोग रहते हैं लेकिन चूंकि ये भारत और चीन के बीच में है, तो ये बफर जोन का काम करता है। भूटान में चीन का प्रभाव बढ़ा, तो भारत के चिकेन नेक पर खतरा आ सकता है। ऐसे में भारत इसे सुरक्षा कवच की तरह मानता है। साल 2017 में चीन ने भूटान के डोकलाम में सड़क बनाने की कोशिश की थी, जिसे भारत ने अपनी सेनाओं से रोक दिया गया। इतना ही नहीं भूटान यूएन सुरक्षा परिषद में भारत की स्थायी सीट का भी समर्थन करता है।*

### वैश्वक शांति के लिए प्रार्थना

#### अवशेष सदभावना उपहार

पीएम मोदी ने भूटान की राजधानी थिम्पू में भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेषों के दर्शन किए। भारत सरकार ने वैश्विक शांति प्रार्थना महोत्सव के लिए इन अवशेषों को भूटान को 'सद्भावना उपहार' के तौर पर भेजा है। यह महोत्सव थिम्पू में 4-19 नवंबर 2025 तक चल रहा है, जो भूटान के चौथे राजा जिग्मे सिंग्ये वांगचुक के 70वें जन्मदिन (11 नवंबर) पर केंद्रित है। इस परियोजना की क्षमता 1,020 मेगावाट है और इसे भारत की तकनीकी और वित्तीय सहायता से तैयार किया गया है। इसका मकसद भूटान को ऊर्जा आत्मनिर्भर बनाना और दोनों देशों के बीच स्वच्छ ऊर्जा सहयोग को और मजबूत करना है। पीएम मोदी मंगलवार को दो दिवसीय दौरे पर भूटान पहुंचे। उन्होंने भूटान के महामहिम चतुर्थ नरेश के 70वें जन्मदिन के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लिया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा, आज का दिन भूटान के लिए, भूटान के राजपरिवार के लिए और विश्व शांति में विश्वास रखने वाले सभी लोगों के लिए बहुत अहम है। सदियों से भारत और भूटान का बहुत ही गहन आत्मीय और सांस्कृतिक नाता है, इसलिए इस महत्वपूर्ण अवसर पर शामिल होना भारत का और मेरा कमिटमेंट था।

#### पूरी रात चला विमर्श

*आज पूरा देश उनके साथ खड़ा है। पीएम मोदी ने कहा, मैं रात भर इस घटना की जांच में जुटी सभी एजेंसियों के साथ सभी महत्वपूर्ण लोगों के साथ संपर्क में था। विचार विमर्श चलता था। जानकारियों के तार जोड़े जा रहे थे। हमारी एजेंसियां इस षड़यंत्र की तह तक जायेंगी। इसके पीछे के षड़यंत्रकारियों को बख्शा नहीं जाएगा। पीएम मोदी ने कहा कि भूटान के पूर्व और मौजूदा राजाओं ने सतत विकास और पर्यावरण पहले का विजन आगे बढ़ाया है।*

---

## खबर संक्षेप

### 11 साल बाद अवशेषों का अंतिम संस्कार हुआ



**तेलअवीव।** मध्य इजराइल में हजारों लोग इजराइली सैनिक लेफ्टिनेंट हैदर गोल्डिन के अंतिम संस्कार में शामिल हुए, जिनका शव 11 वर्षों से गाजा में हमास के कब्जे में था। गोल्डिन के अंतिम संस्कार के दौरान कब्रिस्तान में भारी भीड़ थी और आसपास की सड़कों पर भी लोग इजराइल के राष्ट्रीय ध्वज के साथ मौजूद थे। लेफ्टिनेंट हैदर गोल्डिन का अंतिम संस्कार उनके परिवार के लिए भावुक करने वाला क्षण था, जिन्होंने उनके अवशेषों को घर लाने के लिए एक अभियान चलाया था।

### परमाणु हथियारों की कमांड भी संभालेंगे

इस्लामाबाद पाकिस्तान में आसिम मुनीर राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री से भी ज्यादा ताकतवर होने जा रहे हैं।



उन्हें तीनों सेनाओं का चीफ ऑफ डिफेंस फोर्सेज (सीडीएफ) बनाया जा रहा है। यह पद मिलते ही उन्हें परमाणु हथियारों की कमांड मिल जाएगी। शहबाज सरकार इसके लिए संविधान में बदलाव कर रही है। इससे जुड़ा बिल संसद के ऊपरी सदन सीनेट में पास किया गया। इसके पक्ष में 64 वोट पड़े, जबकि विपक्ष ने वॉकआउट कर दिया। वहीं निचले सदन यानी नेशनल असेंबली में आज वोटिंग होगी।

---

## ब्लास्ट के बाद चौंकाने वाले खुलासे

# सुबह दिल्ली में एंट्री, शाम को ब्लास्ट, बदरपुर से लाल किले तक कैसे पहुंची धमाके वाली कार?


एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

14 साल बाद दिल्ली एक बार फिर दहल उठी। सोमवार शाम को लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास हुए शक्तिशाली धमाके में अब तक 13 लोगों की मौत हुई है, 24 लोग घायल हैं। राष्ट्रीय राजधानी में जिस तरह से ये ब्लास्ट हुआ उससे हड़कंप मच गया है। दिल्ली पुलिस के साथ-साथ केंद्रीय जांच एजेंसियां हर एंगल से जांच में जुटी हैं। लाल किले के पास कार ब्लास्ट में सबसे बड़ा सवाल यही है कि आखिर दिल्ली के इस बेहद भीड़भाड़ वाले इलाके तक कार पहुंची कैसे।

इसे लेकर चौंकाने वाले खुलासे सामने आ रहे हैं। जांच एजेंसियों की पड़ताल और सीसीटीवी फुटेज से पता चलता है कि ब्लास्ट वाली कार सोमवार सुबह 8 बजे के करीब दिल्ली में एंटर हुई। फिर बदरपुर होते हुए कैसे और कब लाल किले तक पहुंची।इससे पहले पुलिस ने जिस हुंडई आई20 कार में ब्लास्ट हुआ, उसके मालिकाना हक की पूरी चेन का पता लगाया है। ये कई बार कार ट्रांसफर हुई और आखिरकार यह मुख्य संदिग्ध डॉ. उमर मोहम्मद तक पहुंची।

### कार को पार्किंग में कौन लाया, एजेंसियां कर रहीं जांच

### कार के मालिकाना हक की पूरी चेन आई सामने



सोमवार को हुए धमाके के बाद का दृश्य

### हुंडई आई-20 कार शुरू में मोहम्मद सलमान के पास थी

धमाके में इस्तेमाल की गई हुंडई आई-20 कार फरीदाबाद के सेक्टर-37 स्थित एक सेकंड-हैंड कार डीलर से खरीदी गई थी। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, हुंडई आई-20 कार शुरू में मोहम्मद सलमान के पास थी, जिसे सोमवार रात गिरफ्तार किया गया था। इस कार को पहले नदीम को बेचा गया, फिर फरीदाबाद के एक सेकेंड-हैंड कार डीलर को। बाद में यह गाड़ी आमिर ने खरीदी, उसके बाद तारिक ने, जिस पर भी फरीदाबाद आतंकी मॉड्यूल से जुड़े होने का संदेह है। इसके बाद मोहम्मद उमर ने इसे खरीद लिया था। जांच एजेंसियां आमिर और तारिक दोनों के बारे में और पुख्ता जानकारी जुटा रही है। इस कार ब्लास्ट को लेकर यूएपीए की धारा 16 और 18 के साथ-साथ विस्फोटक अधिनियम और भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की कई धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। आसपास के अन्य सीसीटीवी की बारीकी से जांच की जा रही है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि कार को पार्किंग क्षेत्र में कौन लाया, कार में कौन आया या बाहर निकला और बाद में उसे कौन चलाकर ले गया।

### दिल्ली में एंट्री के बाद कब-कब नजर आई कार

- *सुबह 8:04 बजे: बदरपुर टोल बूथ से दिल्ली में दाखिल हुई कार*
- *सुबह 8:20 बजे: कार ओखला इंडस्ट्रियल एरिया के पास पेट्रोल पंप पर आई नजर*
- *दोपहर 3:19 बजे: कार लाल किले से सटे पार्किंग क्षेत्र में दाखिल हुई*
- *शाम 6:22 बजे: लाल किले से सटे पार्किंग क्षेत्र से बाहर निकली कार*
- *शाम 6:52 बजे: लाल किले के पास कार में हुआ ब्लास्ट*

### दिल्ली ब्लास्ट में उजड़ गई इन 5 परिवारों की जिंदगियां


रोते बिलखते परिजन, अपनों को खोने का दर्द

*दिल्ली के लाल किला के पास हुए विस्फोट में मारे गए लोगों के परिवारों में कोहराम मचा है। मंगलवार को दिल्ली के लोक नायक अस्पताल की मोर्चरी से शवों को बाहर निकाला गया तो मृतकों के परिजन बिलख पड़े। इस दौरान अपनों को देखकर परिजन फूट-फूटकर रोए। लाल किला धमाके में मारे गए मृतक अमर कटारिया की मां और पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल है। अमर कटारिया दिल्ली के श्रीनिवासपुरी के रहने वाले थे। लोक नायक अस्पताल के शवगृह में विस्फोट में मारे गए पंकज के शव की शिनाख्त कराई गई। इसके बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया। इस धमाके में 5 परिवारों के उजड़ने की खबर है।*

### व्हाइट कॉलर आतंकी नेटवर्क का खतरनाक खेल

हरियाणा, जम्मू-कश्मीर और उत्तर प्रदेश में सुरक्षा एजेंसियों की कार्रवाई में व्हाइट कॉलर आतंकी मॉड्यूल की खतरनाक साजिश का खुलासा हुआ है। यह आतंकी नेटवर्क लोगों को भड़काने, समन्वय करने, पैसा हस्तांतरित करने और लॉजिस्टिक्स के लिए कोड भाषा का इस्तेमाल कर रहा था। यह पैसा पेशेवर और शैक्षणिक नेटवर्क के जरिये सामाजिक/धर्मार्थ कामों की आड़ में जुटाया जा रहा था। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने बताया कि इस नेटवर्क में कट्टरपंथी पेशेवर और छात्र शामिल हैं।

---

## सीडीएस चौहान ने कहा

# जंग में कोई उप-विजेता नहीं होता, सिर्फ जीत ही सबकुछ

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने मंगलवार को कहा कि युद्ध में केवल एक बात महत्वपूर्ण होती है। वो होती है सिर्फ जीत। इसके बजाय कोई उप-विजेता (सिल्वर मेडल) यानी द्वितीय पुरस्कार या किसी किस्म का कोई सांत्वना पुरस्कार इसमें नहीं होता है। जंग के साथ हालांकि राष्ट्रों का भविष्य और अस्तित्व दोनों जुड़े हुए होते हैं। यह जानकारी सीडीएस ने दिल्ली कार धमाके के अगले दिन मंगलवार को एमपी-इडसा नामक थिंक टैंक में आयोजित किए गए एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए दी है। जिसमें उन्होंने वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों से यह अपील भी की कि वो आधुनिक तकनीक को आत्मसात करें और अपने विरोधियों से हमेशा एक कदम आगे बने रहें। क्योंकि यह तकनीक ही जीत की कुंजी का कार्य करेगी।



### तकनीक से पिछड़ गई रणनीति

सीडीएस ने ये भी कहा कि सैन्य कमांडर हर दौर और युग में रणनीति के जरिए ही अपने विरोधियों को धूल चटाने की कोशिश करते रहते हैं। युद्ध और उसमें मिलने वाली सफलता भी कहीं न कहीं इसी रणनीति पर निर्भर करती है। पूर्व में सैन्य रणनीति के केंद्र में संबंधित इलाके का भूगोल रहता था। लेकिन वर्तमान में ऐसा नहीं है। आज तकनीक ने रणनीति और भूगोल दोनों को पछाड़ दिया है। प्राचीन समय में पूरे का पूरा युद्ध कमांडरों की बेहतर रणनीति और युद्धकौशल की मदद से जीत लिया जाता था। लेकिन आज के युग में ड्रोन, साइबर युद्ध, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और अंतरिक्ष से जुड़ी हुई तकनीकों ने युद्ध के परिदृश्य को पूरी तरह से बदल कर रख दिया है। जिसकी वजह से जंग तकनीक पर निर्भर हो गई है। प्राचीन और मध्यकाल के दौर में भूगोल यानी इलाके की अच्छी जानकारी को लेकर बनाई गई रणनीति ही युद्धों, अभियानों व संघर्षों में जीत का मार्ग प्रशस्त कर देती थी।

### मजबूत सिस्टम से मिली सफलता

वहीं, उप-वायुसेनाप्रमुख एयर मार्शल नर्मदेश्वर तिवारी ने ऑपरेशन सिंदूर का उल्लेख करते हुए कहा कि अगर भारत का एकीकृत एयर कमांड एंड कंट्रोल (आईएसीसीएस) अच्छा और मजबूत नहीं होता तो हमें उतनी सफलता नहीं मिलती। जितनी ऑपरेशन सिंदूर के दौरान अब मिली है। इस सैन्य अभियान ने साफ तौर पर प्रदर्शित किया है कि कैसे एक शानदार और असरदार अभियान को अंजाम दिया जाता है। उन्होंने कहा कि बीते दो दशक में हमारा ये नेटवर्क सिस्टम काफी विकसित हुआ है। जिसकी मदद से अब न केवल जरूरत पड़ने पर दुश्मन को करारा जवाब दिया जा सकता है। बल्कि देश में निगरानी का कार्य भी आसानी से किया जा सकता है।

---

# हाइवे पर उतरे इंडियन एयरफोर्स के फाइटर जेट

### टच एंड गो और रन के बाद भरी उड़ान हुआ युद्धाभ्यास 'महा गजराज'



*जयपुर। ऑपरेशन सिंदूर के बाद एक तरफ जहां राजस्थान के सीमावर्ती जिले जैसलमेर में ऑपरेशन सिंदूर चल रहा है, तो दूसरी तरफ इंडियन एयरफोर्स ने मंगलवार को बाड़मेर-जालौर की सीमा पर गांधव (बाखासर) में 'महा गजराज' युद्धाभ्यास किया। वायुसेना के जाबांजों ने भारत माला एक्सप्रेस-वे पर फाइटर जेट उतारे और इमरजेंसी लैंडिग भी करवाई। भारत माला एक्सप्रेस वे हाईवे पर 925ए पर गांधव इलाके में 3 किलोमीटर लंबी और 33 मीटर चौड़ी बनी एयर स्ट्रिप पर यह नजारा देखने को मिला।*

---

## धमाके से दहला पाक...

# इस्लामाबाद में आत्मघाती हमला, 12 लोगों की मौत

एजेंसी ⏭ इस्लामाबाद

पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में भयानक धमाका देखने को मिला है। इस घटना में 12 लोगों की मौत हो गई और 21 लोग घायल हैं।। यह धमाका इस्लामाबाद में अदालत के ठीक सामने हुआ। वहीं, धमाके की वजह अभी तक सामने नहीं आई है। रिपोर्ट के अनुसार, यह एक आत्मघाती हमला था। इस्लामाबाद में कोर्ट के बाहर खड़ी कार में अचानक ब्लास्ट हो गया। इस घटना में 12 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और 21 लोग घायल हैं। घायलों में ज्यादातर वकील और याचिकाकर्ता शामिल हैं।ऑपरेशन सिंदूर के बाद नया प्रोपेगेंडा पाकिस्तान चला रहा है, उसने इस बम धमाके के लिए भारत पर आरोप लगाया है। उसने कहा है कि भारत समर्थित आतंकवादियों ने दक्षिणी वज़ीरिस्तान के कैडेट कॉलेज वाना पर हमला किया। सुरक्षा बलों ने दो को मार गिराया ।



---

## राजदूत ने बताया सुरक्षा के लिए जरूरी

# फिलिस्तीन ने कहा- यूएनएससी में भारत को शामिल करना जरूरी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

फिलिस्तीन के राजदूत अब्दुल्ला अबू शावेश ने कहा है कि भारत हमारा बड़ा भाई है और 1930 में महात्मा गांधी से लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तक हर भारतीय नेता ने फिलिस्तीन की हिमायत की है। शावेश ने यह बातें एक एक इंटरव्यू में कहीं।


राजदूत शावेश

शावेश ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में अमेरिका इजराइल के पक्ष में वीटो करता है इसलिए भारत का वहां होना जरूरी है और अगर भारत सुरक्षा परिषद का स्थाई सदस्य बन जाए तो सौ फीसदी फैसला फलस्तीन के पक्ष में होगा, ऐसा हमें विश्वास है। उन्होंने कहा कि शर्मलशेख में हुए शांति प्रस्तावों के बाद भी अभी गाजा में हालात जस के तस बने हुए हैं। हम पर ये प्रस्ताव थोपे गए हैं लेकिन हम निराश नहीं हैं और हम राख के ढेर से भी उठ खड़े होंगे।

उन्होंने कहा कि हालांकि गाजा में जंग नहीं चल रही है बल्कि इजराइल न हमला किया है। यह एकतरफा कार्रवाई है जो दो साल से जारी है। इसमें 67 हजार से ज्यादा निर्दोष फिलिस्तीनियों की मौत हुई है, जिसमें बच्चे, बूढ़े, महिलाएं और मरीज तक शामिल हैं।

### भुखमरी का शिकार बच्चे

अभी भी गाजा में सात हजार टन विस्फोटक पड़ा हुआ है जो वहां के जनजीवन के लिए सबसे बड़ा खतरा है। बच्चे भुखमरी के शिकार हो रहे हैं। स्कूल अस्पताल नष्ट हो चुके हैं। दो साल पहले सात अक्तूबर को हमास द्वारा इजराइल में घुस कर निर्दोष नागरिकों को मारने और उनके अपहरण के बारे में पूछने पर फलस्तीनी राजदूत ने कहा कि हमारे साथ 106 साल से जो अन्याय हो रहा है उसके आधार पर सात अक्तूबर को जो हुआ उसको जायज नहीं ठहराया जा सकता है।

---

## भारत ने बिना नाम लिए पाकिस्तान को घेरा

# सीमा पार से आतंकवाद और अवैध हथियारों की तस्करी बढ़ी

एजेंसी ⏭ न्यूयॉर्क

भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सख्त लहजे में कहा कि देश लंबे समय से सीमा पार से आने वाले आतंकवाद और अवैध हथियारों की तस्करी का शिकार रहा है। भारत ने बिना नाम लिए पाकिस्तान पर हमला करते हुए कहा कि अब ड्रोन के जरिए भी हथियार भारत में भेजे जा रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि पर्वथानेनी हरीश ने 'स्मॉल आर्म्स' पर खुले विचार-विमर्श के दौरान कहा कि यूएनएससी को ऐसे हथियारों की आवाजाही और इस्तेमाल को बढ़ावा देने वालों के प्रति जीरो टॉलरेंस नीति अपनानी चाहिए। हरीश ने कहा भारत ने कई दशकों तक आतंकवाद की भयावहता झेली है। छोटे हथियारों और गोला-बारूद की अवैध तस्करी और आतंकवादी संगठनों तक इसकी पहुँच बेहद चिंता का विषय है। भारत ने यूएनएससी से आग्रह किया कि वह आतंकवादियों और सशस्त्र समूहों को हथियार पहुंचाने वालों के खिलाफ कठोर और समन्वित कदम उठाए।


पर्वथानेनी हरीश

---

# अमेरिका ने कहा कि धमाके के बाद हालातों पर नजर रखे हुए हैं

## चीन, रूस, श्रीलंका समेत कई देशों ने दिल्ली में हुए ब्लास्ट पर दुख जताया

# दिल्ली ब्लास्ट पर चीन का पहला रिएक्शन सिंगापुर ने बताया आतंकी हमला...संवेदना

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली में लाल किले के गेट नंबर-1 के पास हुए धमाके पर चीन ने मंगलवार को दुख व्यक्त किया है। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने कहा कि हम दिल्ली में हुए घटना से स्तब्ध हैं। उन्होंने मृतकों और घायलों के परिवारों के प्रति संवेदना प्रकट की। उन्होंने कहा कि उपलब्ध जानकारी के अनुसार इस घटना में किसी चीनी नागरिक के हताहत होने की खबर नहीं है। भारत में चीनी राजदूत शू फेइहोंग ने भी लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास हुए विस्फोट के पीड़ितों के प्रति संवेदना व्यक्त की। इस विस्फोट में सोमवार शाम को 12 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हुए हैं। शू फेइहोंग ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा, दिल्ली के लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास हुए विस्फोट से दुखी हूं। पीड़ितों के प्रति मेरी गहरी संवेदना है।

### रूस ने कहा जांच से विस्फोट के कारणों का पता चल जाएगा


घटनास्थल पर तैनात सुरक्षाबल

### श्रीलंका, मालदीव व नेपाल ने जताया दुख

श्रीलंका, मालदीव और नेपाल ने भी दिल्ली में हुए विस्फोट पर दुख जताया है। श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमार दिसानायके ने कहा, दिल्ली में हुए विस्फोट की खबर से गहरा दुख हुआ। श्रीलंका भारत के लोगों के साथ एकजुटता से खड़ा है। हमारी संवेदनाएं सभी प्रभावितों के साथ हैं। मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने कहा कि उन्हें विस्फोट में लोगों की मौत पर गहरा दुख हुआ है। उन्होंने एक्स पर लिखा, हम शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदनाएं व्यक्त करते हैं।

### रूस ने कहा- स्तब्ध हैं

*भारत में रूसी राजदूत डेनिस अलीपोव ने इस घटना पर दुख जताते हुए कहा कि जांच से विस्फोट के कारणों का पता चल जाएगा। उन्होंने एक्स पर पोस्ट कर लिखा, लाल किले में हुए विस्फोट से स्तब्ध हूं। विश्वास है कि चल रही गहन जांच से घटना के कारणों का पता चल जाएगा। हम पीड़ितों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हैं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हैं।अमेरिका के विदेश विभाग ने दिल्ली के लाल किले के पास हुए धमाके पर कहा कि वह हालात पर नजर रखे हुए है और जरूरत पड़ने पर मदद देने के लिए तैयार है। अमेरिकी विदेश विभाग के दक्षिण और मध्य एशिया मामलों से जुड़े ब्यूरो ने एक्स पर लिखा, यह घटना दुखद है। हमारी संवेदनाएं उन लोगों के साथ हैं, जिन्होंने अपने परिवार के लोगों को खो दिया है। हम घायलों के जल्दी ठीक होने की कामना करते हैं और हालात पर लगातार नजर रख रहे हैं।*

# स्वदेशी मेले में दिखी संस्कृति, परंपरा और उत्साह की प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एमवीएम कॉलेज के मैदान में चल रहे स्वदेशी मेला परिसर मंगलवार को भारतीय संस्कृति और परंपरा के रंगों से सराबोर रहा। पूरे दिन चले सांस्कृतिक कार्यक्रमों और प्रतियोगिताओं ने मेले के वातावरण को उत्सवमय बना दिया। कार्यक्रम में शारदा विहार विद्यालय के विद्यार्थियों ने अपने आकर्षक प्रदर्शन से सभी का मन मोह लिया, जिसमें मल्लखंब, योगा, नीनाद कथक और कृष्ण लीला जैसी प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम का सफल संचालन सीमा भारद्वाज, प्रतिभा शुक्ला, अंशिका सोनी एवं प्रभारी आशा साहू द्वारा किया गया।

**मेले में 16 श्रृंगार प्रतियोगिता सहित सांस्कृतिक कार्यक्रमों का किया गया आयोजन**




एमवीएम कॉलेज के मैदान में चल रहे स्वदेशी मेला परिसर में मंगलवार को मेला सह संयोजक एवं स्वदेशी जागरण मंच मध्य भारत प्रांत प्रमुख सीमा भारद्वाज एवं सह-समन्वयक प्रतिभा शुक्ला आदि ने श्रृंगार प्रतियोगिता की विजेताओं को पुरस्कार दिया।



स्वदेशी मेले में मंगलवार को विद्यार्थियों ने नरसिंह भगवान के अवतार का चित्रण किया।



सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे।

## मातृशक्ति को किया अलंकृत



स्वदेशी जागरण मंच मध्य भारत प्रांत प्रमुख सीमा भारद्वाज विजेताओं को पुरस्कार और प्रमाण-पत्र प्रदान करते हुए।

## परंपरा और सादगी से सजी सोलह श्रृंगार प्रतियोगिता

सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सजी प्रस्तुति में सबसे आकर्षक का केंद्र सोलह श्रृंगार प्रतियोगिता रही, जिसमें बड़ी संख्या में बहनों ने भाग लिया। पारंपरिक परिधानों और श्रृंगार से मंच को आलोकित कर दिया। निर्णायकों ने प्रतिभा, सादगी और भारतीय सौंदर्यबोध के सुंदर संगम की सराहना की।

### प्रदेश के पारंपरिक और प्रादेशिक व्यंजन का प्रदर्शन

# गुजरात में आयोजित भारत पर्व में मप्र की सांस्कृतिक विरासत का गौरव गान



भारत पर्व में फैशन शो का आयोजन किया गया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

स्टैच्यू ऑफ यूनिटी, एकता नगर (गुजरात) में आयोजित 15 दिवसीय भारत पर्व में मंगलवार को मध्यप्रदेश दिवस मनाया गया। इस अवसर पर मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा एक आकर्षक थीम पवेलियन तैयार किया गया, जिसमें राज्य की पर्यटन, संस्कृति और हस्तशिल्प विरासत को प्रभावशाली ढंग से प्रदर्शित किया जा रहा है। इसके अलावा मध्य प्रदेश पर्यटन विकास निगम (एमपीएसटीडीसी) द्वारा मंगलवार को स्टूडियो किचन की विशेष प्रस्तुति दी गई, जिसमें प्रदेश के पारंपरिक और प्रादेशिक व्यंजन लाइव तैयार कर परोसे गए, जिनका स्वाद चख कर अतिथियों ने बहुत सराहा।



भारत पर्व में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान भगवान श्रीराम और माता सीता का चित्रण किया।

### इनकी रही उपस्थिति

*इस अवसर पर मध्यप्रदेश के राज्यपाल मंगूभाई पटेल मुख्य अतिथि के रूप में एवं उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा एवं राजेंद्र शुक्ल, संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।*



भारत पर्व में सांस्कृतक नृत्य प्रस्तुत करतीं कलाकार।

### अमृतस्य मध्यप्रदेश की प्रस्तुति

सांस्कृतिक कार्यक्रम अंतर्गत संस्कृति विभाग की ओर से नृत्य संयोजिका मैत्रेई पहाड़ी द्वारा संयोजित अमृतस्य मध्यप्रदेश शीर्षक से समवेत प्रस्तुति दी गई। इस प्रस्तुति ने दर्शकों को मध्य प्रदेश की प्राचीन सभ्यता, भक्ति, प्रेम और प्रकृति की लय से जोड़ा। इस नृत्यगाथा की शुरुआत भीमबेटका की गुफाओं से होती है, जहां मानव सभ्यता की प्रथम झलक दिखाई देती है। आगे खजुराहो के मंदिरों की मूर्तिकला, सांची के स्तूपों की शांति और चित्रकूट की पवित्र भूमि के भावनात्मक दृश्यों को नृत्य के माध्यम से अभिव्यक्त किया गया है।



आंचलिक विज्ञान केंद्र में विज्ञान का जादू दिखाते हुए विशेषज्ञ।

### आंचलिक विज्ञान केंद्र में विश्व शांति एवं विकास के लिए विज्ञान दिवस पर कई कार्यक्रमों का आयोजन

# चमत्कारिक घटनाओं के पीछे छिपे वैज्ञानिक सिद्धांतों को बच्चों को लाइव प्रयोगों से समझाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विश्व शांति एवं विकास हेतु विज्ञान दिवस (वर्ल्ड साइंस डे फार पीस एंड डवलपमेंट) के अवसर पर आंचलिक विज्ञान केन्द्र में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर केन्द्र में साइंस वर्सेस मिरेकल शीर्षक से एक रोचक प्रदर्शनी आयोजित की, जिसमें तथाकथित चमत्कारिक घटनाओं के पीछे छिपे वैज्ञानिक सिद्धांतों को लाइव प्रयोगों के माध्यम से समझाया गया।



विज्ञान के बारे में बताते हुए।

### ज्ञानवर्धन और नवोन्मेषी सोच को बढ़ावा देना उद्देश्य

*इसके साथ ही कार्यक्रम में नोबेल पुरस्कार 2025 विषय पर एक विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। स्पर्धा का उद्देश्य विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रति जिज्ञासा, ज्ञानवर्धन और नवोन्मेषी सोच को बढ़ावा देना था। इन आयोजनों के माध्यम से केन्द्र ने विज्ञान दिवस के मूल भाव शांति एवं विकास के लिए विज्ञान को प्रभावी रूप से प्रस्तुत किया।*

## प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों का सम्मान



राज्य गौरव सम्मान समारोह में प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को किया सम्मानित।

**भोपाल।** राजधानी के एक निजी होटल में मंगलवार को सिविक पब्लिक वेलफेयर सर्विस द्वारा राज्य गौरव सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। नगरीय विकास एवं आवास राज्य मंत्री प्रतिमा बागरी व निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सम्मान समारोह में प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर राज्य मंत्री बागरी व निगम अध्यक्ष सूर्यवंशी ने समारोह को संबोधित करते हुए सम्मानित व्यक्तियों द्वारा समर्पण भाव एवं सकारात्मक सोच के साथ समाज को नई दिशा देने के लिए किए गए कार्यों की सराहना की। इस मौके पर बड़ी संख्या में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली हस्तियां, आयोजन समिति के सदस्य व अन्य लोग मौजूद रहे।

### 80 केरल से आए आर्टिस्ट देंगे अपनी कला व संस्कृति की प्रस्तुति

# संस्कृति, सौहार्द्र और एकता का पर्व 'केरल फेस्ट- 2025' कल से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

यूनाइटेड मलयाली एसोसिएशन द्वारा 13 नवंबर से चार दिवसीय 'केरल फेस्ट- 2025' का आयोजन बिट्टन मार्केट ग्राउंड में किया जा रहा है। यह जानकारी यूनाइटेड मलयाली एसोसिएशन (यूएमए) द्वारा मंगलवार को आयोजित एक प्रेस वार्ता में एसोसिएशन के अध्यक्ष ओ डी जोसफ ने दी। उन्होंने बताया कि यह इस फेस्ट का दूसरा संस्करण है, जिसमें पहले संस्करण में इसे लोगों का अपार स्नेह प्राप्त हुआ है। चार दिवसीय इस फेस्ट में केरल और मध्यप्रदेश की पारंपरिक एवं विशिष्ट कला विधाओं की प्रस्तुति होगी। उन्होंने बताया कि इस मेले में करीब 110 स्टॉल लगाए जाएंगे, जिसमें केरल के फूड के साथ केरल के हैंडीक्राफ्ट को भी डिस्प्ले किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस आयोजन में करीब 80 केरल के कलाकार प्रस्तुति देने आएंगे।




प्रेस वार्ता में अध्यक्ष ओडी जोसफ जानकारी देते हुए।

### इस फेस्टिवल में ये चीजें खास होंगी

- *केरल की पारंपरिक व आधुनिक लोक व नृत्य प्रस्तुतियां जैसे तिरुवातिरा, कथकली, मोहिनीयाट्टम आदि।*
- *केरल व्यंजनों का भव्य फूड फेस्टिवल।*
- *हस्तशिल्प व उत्पाद प्रदर्शनियां, केरल और मध्यप्रदेश दोनों राज्यों की।*
- *संस्कृतिक संगोष्ठियां व संवाद सत्र, जो दोनों राज्यों की सांस्कृतिक एकता को दर्शाएंगे।*

### मानव संग्रहालय में बिहार संग्रहालय के महानिदेशक अंजनी कुमार का व्याख्यान

# तकनीक के बढ़ते प्रभाव से संग्रहालयों में आगंतुकों की घट रही है भौतिक उपस्थिति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मानव संग्रहालय में सीताः बिहार की बेटी श्रृंखला के अंतर्गत मंगलवार को री-इमैजिनिंग म्यूजियमः द विजन बिहाइंड द बिहार म्यूजियम विषय पर बिहार संग्रहालय, पटना के महानिदेशक अंजनी कुमार सिंह का व्याख्यान आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो. एस. एन. चौधरी, टैगोर नेशनल फेलो, ने की। उन्होंने बिहार संग्रहालय की परिकल्पना, उसकी दृष्टि और निर्माण यात्रा का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया।



मानव संग्रहालय में मंगलवार को पटना के महानिदेशक अंजनी कुमार सिंह का व्याख्यान देते हुए।

उन्होंने बताया कि बिहार संग्रहालय की स्थापना बिहार की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से प्रेरित एक महत्त्वपूर्ण पहल थी। उन्होंने नालंदा और विक्रमशिला विश्वविद्यालयों के गौरवशाली इतिहास का उल्लेख करते हुए कहा कि इन प्राचीन संस्थानों की शैक्षणिक परंपरा ने संग्रहालय की वैचारिक नींव को मजबूत किया।

### बिहार संग्रहालय नए सांस्कृतिक प्रतीक के रूप में उभरा

*सिंह ने संग्रहालय के निर्माण के दौरान आने वाली चुनौतियों, कठिन परिश्रम और नवाचार की प्रक्रिया को साझा करते हुए बताया कि बिहार संग्रहालय एक सरल किंतु आधुनिक और संवाद परक संग्रहालय के रूप में उभरा है। आज के डिजिटल युग में तकनीक के बढ़ते प्रभाव के कारण संग्रहालयों में आगंतुकों की भौतिक उपस्थिति घट रही है, जो एक नई चुनौती के रूप में सामने आई है। साथ ही उन्होंने पटना संग्रहालय और बिहार संग्रहालय के संग्रहों के विभाजन की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि को समझाते हुए बताया कि पटना संग्रहालय औपनिवेशिक काल का संग्रहालय था, जबकि बिहार संग्रहालय को आधुनिक दृष्टिकोण के साथ एक नए सांस्कृतिक प्रतीक के रूप में विकसित किया गया।*

## मौलाना अबुल कलाम आजाद की जयंती राष्ट्रीय शिक्षा दिवस पर 134 साहित्यिक पुस्तकें हुईं लांच



मौलाना आजाद केन्द्रीय पुस्तकालय में मंगलवार को साहित्यिक पुस्तकों का अवलोकन करते हुए।

**भोपाल।** मौलाना आजाद केन्द्रीय पुस्तकालय में मौलाना अबुल कलाम आजाद की जयंती के अवसर पर 134 साहित्यिक पुस्तकों को लांच किया गया। पुस्तकालय की क्षेत्रीय ग्रंथपाल रत्ना वाधवानी ने पुस्तकालय सदस्यों को संबोधित करते हुए बताया की आज का दिन राष्ट्रीय शिक्षा दिवस सामाजिक समरसता और शिक्षा के लिए अपना जीवन समर्पित करने वाले देश के पहले शिक्षा मंत्री भारत रत्न मौलाना अबुल कलाम आजाद को समर्पित है। जिन्होंने भारत में कई विवि की स्थापना करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। साथ ही सभी को उच्च स्तर की शिक्षा प्राप्त हो सके इस दिशा में महत्वपूर्ण कार्य किया। इस अवसर पर उन्होंने पुस्तकालय में 134 हिन्दी व अंग्रेजी की साहित्यिक पुस्तकों को लांच किया।

## गद्य एवं पद्य की विविध विधाओं से सजी गोष्ठी का आयोजन आज

**भोपाल।** मध्यप्रदेश लेखक संघ द्वारा विश्वरंग के अनुषंग - विविध रंग के रूप में गद्य एवं पद्य के विविध विधाओं से सजी गोष्ठी 12 नवंबर को संध्या 4 बजे से दुष्यन्त संग्रहालय में आयोजित की जा रही है। प्रो. प्रभु शंकर शुक्ला, वरिष्ठ साहित्यकार हरदा के मुख्य आतिथ्य, ममता तिवारी के सारस्वत आतिथ्य, डॉ. राम वल्लभ आचार्य के विशिष्ट आतिथ्य में आयोजित गोष्ठी की अध्यक्षता मप्र लेखक संघ के प्रांतीय अध्यक्ष राजेन्द्र गट्टानी करेंगे, जिसमें ममता वाजपेयी, धर्मेंद्र सोलंकी, चित्रांश खरे, मनस्वी अपर्णा आदि रचना पाठा करेंगे।

### दुष्यंत संग्रहालय में अभिनव कला परिषद का 63वां युवा खोज समारोह

# तबले की थाप, वायलिन की मधुर लहरियों, भरतनाट्यम प्रस्तुति से सजा युवा खोज समारोह, लोगों ने खूब सराहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

देश की ख्यातिलब्ध सांस्कृतिक संस्था अभिनव कला परिषद के वार्षिक राग भविष्य युवा खोज समारोह में प्रदेश के युवा कलाकारों ने प्रस्तुतियों से शास्त्रीय कलाओं में भविष्य के श्रेष्ठ कलाकारों की झलक दिखाई दी। तबले, वायलिन एवं गायन ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। दुष्यंत संग्रहालय में आयोजित इस कार्यक्रम में तबला जुगलबंदी, वायलिन की मधुर लहरियों और ध्रुपद गायन से युवा कलाकारों ने अपना हुनर दिखाया।

### राग मालकौंस की पारंपरिक अलाप में प्रस्तुति



युवा खोज समारोह में मंगलवार को प्रस्तुति देते युवा कलाकार।

*प्रथम प्रस्तुति में विक्रमादित्य गुप्ता ने राग मालकौंस की पारंपरिक अलाप में प्रस्तुति दी, ताल चौताल में जयति जयति श्री गणेश एवं ताल सूल में शंकर गिरिजापति का गायन किया। तबले पर सधे हाथों से उठान, पेशकार, कायदे, रेला, गत एवं टुकड़े आदि की प्रस्तुति से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके बाद साढ़े छह वर्षीय लावण्या चौकसे की भारतनाट्यम प्रस्तुति ने दर्शकों का मन मोह लिया।*

## तीन दिवसीय महर्षि राष्ट्रीय सांस्कृतिक महोत्सव का रंगारंग शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



महर्षि विद्या मंदिर विद्यालय समूह के अध्यक्ष ब्रह्मचारी गिरीश संबोधित करते हुए।

महर्षि महेश योगी संस्थान में आयोजित तीन दिवसीय महर्षि राष्ट्रीय सांस्कृतिक महोत्सव की रंगारंग शुरुआत मंगलवार से हुई। कार्यक्रम का उद्घाटन महर्षि विद्या मंदिर विद्यालय समूह के अध्यक्ष ब्रह्मचारी गिरीश ने की। कार्यक्रम में विभिन्न राज्यों से आए 426 से अधिक बच्चे भाग ले रहे हैं। इस अवसर पर ब्रह्मचारी गिरीश ने कहा यह सांस्कृतिक महोत्सव एक सांस्कृतिक कुंभ है जिसमें देश की विविध संस्कृतियों का मिलन हो रहा है। धर्म, संस्कृति एवं महर्षि जी के ज्ञान का जो वर्षों पूर्व उदय हुआ था वह निरंतर पूरी दुनिया में जारी है। महर्षि विद्या मंदिर विद्यालय समूह 6,500 से अधिक शिक्षक एवं एक लाख से अधिक विद्यार्थियों वाला भारत का सबसे बड़ा विद्यालय समूह है।



राष्ट्रीय सांस्कृतिक महोत्सव में प्रस्तुति देतीं कलाकार।

# नेवरी स्थित काल भैरव मठ समेत अनेक मंदिरों में होगा ओम भैरवनाथ नमः का जाप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में बुधवार को काल भैरव अष्टमी (प्राक्ट्योत्सव) धूमधाम से मनाया जाएगा। भैरवनाथ जी को लगेगा 56 भोग लगाया जाएगा। इस दौरान नेवरी स्थित काल भैरव मठ समेत अनेक मंदिरों में भैरवनाथ की प्रतिमा का विशेष अभिषेक व श्रृंगार, हवन व आरती की जाएगी। इस दौरान ओम भैरवनाथ नमः का जाप किया जाएगा। मंदिरों में पूजा-आराधना के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगेगा। सर्वाधिक भीड़ लालघाटी नेवरी स्थित काल भैरव मठ और तलैया स्थित काली देवी मंदिर में देखने को मिलेगी। पुराणों में 64 स्वरूपों वाले भैरवनाथ जी को नेवरी स्थित मठ में समाज की रक्षा व समृद्धि के लिए वैदिक मंत्रों के साथ विजयम देहि हवन किया जाएगा।

- भैरवनाथ की प्रतिमा का विशेष अभिषेक व श्रृंगार, हवन व आरती होगी

### मिठाइयों का लगेगा भोग

नेवरी स्थित काल भैरव मठ के महंत पंडा बाबा कैलाश दास के सानिध्य में चार पहर की आरती और हवन किया जाएगा। भगवान को श्रीफल, इमरती, उड़द और मिठाइयों का भोग लगाया जाएगा। तो वहीं काल भैरव बटुकनाथ सेवा समिति के तत्वावधान में रात जागरण कर भजन-कीर्तन किया जाएगा।

### शिव के अवतार हैं...

मां चामुण्डा दरबार के पुजारी गुरु पं. रामजीवन दुबे ने बताया कि मार्गशीर्ष मास के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को भगवान काल भैरव के प्राकट्य पर्व के रूप में मनाया जाता है। शास्त्रों के अनुसार इस दिन भगवान कालभैरव का अवतरण हुआ था। इन्हें भगवान शिव का पंचम अवतार माना जाता है। भैरव जी की पूजा करने से अकाल मृत्यु के भय से मुक्ति मिलती है। पुराणों में उनके 64 स्वरूपों का उल्लेख है।

# काल भैरव अष्टमी आज: भैरवनाथ जी को लगेगा 56 भोग प्राकट्योत्सव की पूर्व संध्या पर शहर में निकली शाही सवारी

## चांदी की पालकी में निकली शाही सवारी, 5 किमी का सफर 3 घंटे में तय


लालघाटी स्थित भैरव मंदिर में भगवान काल भैरव की निकली शाही सवारी।

भगवान शिव के रुद्र रूप काल भैरव के प्राकट्योत्सव की पूर्व संध्या पर मंगलवार को शाही सवारी निकाली गई। लालघाटी नेवरी स्थित भैरव मठ मंदिर से काल भैरव चांदी की पालकी में विराजमान होकर नगर भ्रमण पर निकले और श्रद्धालुओं को दर्शन दिए। मंदिर के महत कैलाश पंडा, पुजारी दीपक तिवारी व संतों की अगुवाई में श्रद्धालु बाबा की पालकी के साथ जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। यात्रा ने करीब पांच किमी की दूरी तीन घंटे में पूरी की। इसमें भगवान भोलेनाथ की वेशभूषा में शामिल कलाकारों ने भक्ति की अलख जगाई। जगह-जगह भगवान का पुष्पों वर्षा से स्वागत हुआ।


लालघाटी स्थित भैरव मंदिर में भगवान काल भैरव की निकली शाही सवारी।

## खबर संक्षेप

### सांची विश्वविद्यालय में 23 से 25 नवंबर तक चलेगा आईएसबीएस सम्मेलन

**भोपाल**। सांची बौद्ध भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय में 23 से 25 नवंबर के बीच इंडियन सोसायटी फॉर बुद्धिस्ट स्टडीज का रजत जयंती सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। यह तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय आयोजन बौद्ध अध्ययन के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक अवसर है, जिसमें देश-विदेश के 150 से अधिक विद्वान, शोधार्थी और बौद्ध धर्म के ज्ञाता भाग ले रहे हैं। इसमें अंतरराष्ट्रीय स्तर के विद्वान भाग लेंगे। सम्मेलन में वियतनाम, म्यांमार और श्रीलंका से प्रतिष्ठित बौद्ध विद्वान सहभागिता कर रहे है, जो बौद्ध दर्शन, संस्कृति और इतिहास पर अपने विचार साझा करेंगे। भारत के प्रमुख विश्वविद्यालयों जैसे नव नालंदा महाविहार, दिल्ली विवि, बनारस हिन्दू विवि, कोलकाता विवि, जम्मू विवि, जम्मू केंद्रीय विवि, इलाहाबाद विवि, सागर विवि सहित अनेक संस्थानों के प्रोफेसर और शोधार्थी इस सम्मेलन में शामिल होंगे। उत्तर प्रदेश, बिहार, उड़ीसा, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, जम्मू-कश्मीर और पंजाब सहित - कोलकाता, पुणे, नागपुर, चेन्नई, लखनऊ, पटना और बनारस से भी प्रतिनिधि पहुंच रहे हैं।

### आयुष मंत्रालय 'वन कॉलेज-वन रिसर्च' पर हो गंभीर: डॉ. पाण्डेय

**भोपाल**। मध्यप्रदेश समेत देशभर में बैचलर ऑफ आयुर्वेदिक मेडिसिन एण्ड सर्जरी (बीएएमएस स्नातक) आयुर्वेद मेडिकल के 565 कॉलेजों में से 161 स्नातकोत्तर पीजी कॉलेज संचालित है। जिनमें रिसर्च वर्क हो रहे हैं परंतु जिस मात्रा में परिणाम के साथ प्रमाणिकता व औषधि निर्माण की प्रक्रिया होनी चाहिए, वो सभी जगह नहीं हो पा रही है। आयुष मेडिकल एसोसिएशन के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ राकेश पाण्डेय ने आयुष मंत्रालय से 'वन कॉलेज-वन रिसर्च' पर हो गंभीर होने की मांग की है। डॉ पाण्डेय ने कहा कि वन नेशन-वन कॉलेज, वन रिसर्च पर आयुष मंत्रालय को गंभीर होकर मप्र समेत देशभर के आयुर्वेद कॉलेजों को भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग के मार्फत आदेशित करना चाहिए कि एक पीजी कॉलेज तीन वर्षों के भीतर कम से कम एक गंभीर बीमारी पर रिसर्च कर सकारात्मक परिणाम दे तथा राष्ट्रीय मंच पर साझा करे। केवल पीजी डिग्री प्रदान करना आयुर्वेद के साथ न्याय नहीं होगा।

## शुक्रवार से सजेगी दीन की महफिल, जिंदगी में दीन शामिल करने की मिलेगी नसीहत

# घासीपुरा में नई टेंट सिटी तैयार, 30 हजार वॉलेंटियर्स संभालेंगे इंतजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में शुक्रवार सुबह से शुरू होने वाले 78वें आलमी तब्लिगी इज्तिमा के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। जमातियों की सुविधा को देखते हुए इज्तिमा कमेटी ने भी विशेष इंतजाम किए हैं। शुक्रवार सुबह से यहां दीन की महफिल सजना शुरु हो जाएंगी। देश के नामचीन उलेमा हजरात ईमान वाले लोगों को अपनी 24 घंटे की जिंदगी में दीन को शामिल करने की नसीहत करेंगे। जिसको देखते हुए गुरुवार से ही जमातों के पहुंचने का सिलसिला शुरु हो जाएगा।

- 120 एकड़ में पंडाल, 350 एकड़ में पार्किंग
- गुरुवार से शुरु होगा इज्तिमा स्थल पर जमातों के पहुंचने का सिलसिला

इस बार स्टेशन परिसर में करीब 50 हजार लोगों के लिए खाने का इंतजाम किया गया है। सबसे ज्यादा भीड़ शुक्रवार से रविवार के बीच रहने की संभावना है, जिसके लिए रेलवे और प्रशासन ने संयुक्त रूप से व्यवस्था की है। इज्तिमा में जमातियों की तादाद बढ़ने से पार्किंग एरिया को बढ़ाकर 350 एकड़ तक किया गया है। पिछले साल जहां 66 पार्किंग जोन थे, वहीं इस बार 71 पार्किंग जोन बनाए जा रहे हैं। पंडाल का क्षेत्रफल भी 100 एकड़ से बढ़ाकर 120 एकड़ कर दिया गया है। डॉ. उमर हफीज ने बताया कि सर्विस एरिया, वॉटर क्लोज, फूड जोन और एवोल्यूशन सेंटर मिलाकर लगभग 200 एकड़ में व्यवस्थाएं की गई हैं।


ईंटखेड़ी के घासीपुरा में इज्तिमा की तैयारियों का दृश्य।

### 30 हजार वॉलेंटियर्स संभालेंगे इंतजाम


घासीपुरा में इज्तिमा की तैयारियों का दृश्य।

इज्तिमा स्थल की व्यवस्था 30 हजार प्रशिक्षित और अनुभवी लोगों के हाथों में होगी। इनमें 25 हजार वॉलेंटियर्स इज्तिमा कमेटी के हैं, जबकि 5 हजार अमला नगर निगम, प्रशासन और पुलिस बल से जुड़ा है। ये टीमें सफाई, सुरक्षा, ट्रैफिक और पंडाल व्यवस्था को संभालेंगी। वहीं दमकल टीम चौबीस घंटे इज्तिमा स्थल पर रहेगी। फायर फाइटर वाहनों को अलग-अलग पाइंट पर भी तैनात किया जा रहा है। रेलवे स्टेशन पर करीब 500 वॉलेंटियर प्रति शिफ्ट तैनात रहेंगे।

### भोपाल स्टेशन का निरीक्षण कर एडीआरएम ने इज्तिमा व्यवस्थाओं का लिया जायजा


निरीक्षण करते हुए एडीआरएम।

14 से 17 नवम्बर को आयोजित किए जाने वाले धार्मिक सम्मेलन 'इज्तिमा' के दौरान संभावित यात्रियों की भारी भीड़ को ध्यान में रखते हुए भोपाल अपर मंडल रेल प्रबंधक योगेन्द्र बघेल एवं वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया ने मस्टेशन का निरीक्षण किया।
इस दौरान स्टेशन परिसर में स्वच्छता, होल्डिंग एरिया, पार्किंग, यात्री सुविधाओं, सुरक्षा व्यवस्था, टिकट काउंटर, प्लेटफार्मों पर यात्री संचालन एवं भीड़ प्रबंधन की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि यात्रियों की सुविधा एवं सुरक्षा के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्व से सुनिश्चित की जाएं।

# पिता का आज्ञाकारी पुत्र संसार में अमर हो जाता है: पं. व्यास



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

श्री बालाजी भक्त परिवार द्वारा अयोध्या नगर में आयोजित शिव महापुराण में मंगलवार को भगवान गणेश का जन्म हुआ। कथावाचक रमाकांत व्यास ने कहा कि गर्भ के समय माताओं से कहा जाता है कि वह जैसा आचरण करेगी गर्भ में पल रहे बच्चे में वैसे ही संस्कार पड़ेंगे।

गर्भकाल में माताओं को अपने माता-पिता, सास-ससुर व पूरे परिवार के प्रति प्रेम एवं धार्मिक कथाओं का चिंतन मनन करना चाहिए। गणेश जी को माता पार्वती ने अपने शरीर पर लगे उबटन से जन्म दिया था।

उन्होंने कर्तव्यनिष्ठा से अपनी मां की आज्ञा का पालन करते हुए पिता के हाथों अपना शीश दिया, रामचरितमानस की चौपाई सुनु जननी सोई सुतु बड़भागी, जो पितु-मातु वचन अनुरागी की व्याख्या करते हुए कहा वह पुत्र भाग्यशाली होता है जो माता-पिता की आज्ञा का पालन कर उन्हें संतुष्ट करें।

# बरकतउल्ला: अंतर जिला विवि स्तर युवा उत्सव आज से आरंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी स्थित बरकतउल्ला विश्वविद्यालय अंतर जिला विश्वविद्यालय स्तर पर युवा उत्सव का आयोजन बुधवार से कर रहा है। इसमें प्रदेश भर के बीयू से संवद्ध कॉलेजों के विद्यार्थी हिस्सा लेंगे। बीयू के ज्ञान विज्ञान भवन में आयोजित युवा उत्सव 2025-26 के मुख्य अतिथि अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी विवि के कुलगुरू प्रो देव आनंद हिण्डोलिया होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता बीयू के कुलगुरू प्रो एसके जैन करेंगे।

# बैंक कर्मियों ने की मांगों के समर्थन में नारेबाजी, प्रदर्शन



बैंक कर्मियों ने मांगों को लेकर किया प्रदर्शन।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ऑल इंडिया बैंक एम्प्लाईज एसोसिएशन के आह्वान पर बैंक कर्मियों ने मंगलवार को भोपाल सहित देशभर के जिला एवं अन्य केन्द्रों पर प्रदर्शन किए गए। इसी के चलते राजधानी में मध्य प्रदेश बैंक एम्प्लाईज एसोसिएशन की स्थानीय इकाई द्वारा शिवाजी नगर भोपाल स्थित कर्नाटका बैंक की शाखा के सामने विभिन्न बैंकों के कार्यरत सैकड़ों कर्मचारी एकत्रित हुए और मांगों के समर्थन में नारेबाजी कर प्रभावी प्रदर्शन किया। तत्पश्चात सभा हुई, जिसे बैंक कर्मचारी नेताओं वीके शर्मा, दीपक रत्न शर्मा, जेपी झवर, गुणशेखरन, देवेंद्र खरे, विशाल धमेजा, जितेंद्र चोइथानी, महेंद्र गुप्ता, सत्येंद्र चौरसिया, एस के घोटनकर, अमित गुप्ता, वैभव गुप्ता, संतोष मालवीय, विवेक मालवीय, प्रदीप बगेले, रीता धाकड़ आदि ने संबोधित किया। वक्ताओं ने बताया कि देश के विकास एवं रोजगार पैदा करने में सरकारी क्षेत्र के बैंक महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रहे हैं। अतः राष्ट्र हित में समस्त निजी क्षेत्र की बैंकों का राष्ट्रीयकरण किया जाना चाहिए। निजी क्षेत्र की बैंकों में शाखा विस्तार और व्यवसाय में लगातार वृद्धि हो रही है। इस अनुपात में भर्ती ना होने से बैंक कर्मी अतिरिक्त कार्य का असहनीय बोझ उठा रहे हैं। ग्राहक सेवा के ऊपर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। इस स्थिति में नियमित क्लर्क और सब स्टाफ की नई भर्ती आवश्यक है।

### हिंदू एकता यात्रा में बोले विधायक रामेश्वर

# हिंदू एकता के लिए एक साथ खड़ा है देश का हिंदू


हरियाणा के पलवल में हिंदू एकता यात्रा में शामिल हुए रामेश्वर।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मंगलवार को बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की सनातन हिंदू एकता यात्रा में विधायक रामेश्वर शर्मा हरियाणा के पलवल में शामिल हुए। विधायक रामेश्वर शर्मा ने कहा कि हिंदू एकता सहित अनेक पावन उद्देश्य से दिल्ली से मथुरा तक निकाली जा रही हिंदू एकता यात्रा के साथ पूरा देश खड़ा है। रामेश्वर ने कहा कि पूज्य गुरु धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के साथ लाखों सनातनी इस पदयात्रा में सम्मिलित है सभी को साधुवाद। हिंदू एकता जैसे पवित्र उद्देश्य के साथ धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री यह यात्रा निकाल रहे हैं। पूरा देश और दुनिया का हिंदू उनके साथ खड़ा है।

### कलेक्टर की जनसुनवाई में पीड़ित महिला ने दर्ज कराई शिकायत

# पत्नी पर चाकू से हमला और दो बेटियों को फालूदा में दिया जहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

साहब पति ने मुझ पर चाकू से वार करने के बाद मेरी दो बेटियों को फालूदा में जहर मिलाकर दे दिया। जिससे मैं और मेरी दोनों बेटियों को हमीदिया अस्पताल में भर्ती करना पड़ा। बैरागढ़ थाने में एफआईआर भी दर्ज कराई गई। जेल से छूटने के बाद से पति लगातार मुझे और मेरे परिवार के लोगों को जान से मारने की धमकी दे रहा है। यह शिकायत मंगलवार को कलेक्टर की जनसुनवाई में पंत नगर अशोका गार्डन निवासी साक्षी वासवानी ने की। अपर कलेक्टर पीसी शाक्य ने मामले की जांच पुलिस को सौंपी है। मंगलवार को कलेक्टोरेट में 114 लोगों ने शिकायती आवेदन पेश कर मदद की गुहार लगाई।



जनसुनवाई में शिकायत दर्ज कराती पीड़िता।

महिला ने अफसरों को बताया कि मेरा पति रवि वासवानी मेरे और बेटियों के लिए खतरा बन गया है।

महिला ने बताया कि मेरा विवाह अप्रैल 2024 में सिंधी रीति रिवाज के साथ भोपाल में हुआ था। जिसके बाद सोनम 10 वर्ष और शगुन 4 वर्ष की है। मेरे पति ने विवाह के बाद मुझ पर चाकू से बार किया और मेरी बेटियों को फालुदा में जहर दिया था। जिसकी एफआईआर बैरागढ़ थाने में की थी।

### भारत भवन में ब्राज़ील के पद्मश्री जोनास मसेट्टी का हुआ संवाद

## ब्राजील के कलाकारों ने भी शिव शम्भो...शिव शम्भो सहित भक्ति पदों का किया गायन. ...

# आज विश्व की समस्त समस्याओं का समाधान अद्वैत दर्शन में ही निहित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आचार्य शंकर सांस्कृतिक एकता न्यास, संस्कृति विभाग, मध्यप्रदेश शासन द्वारा भारत भवन में 'एकात्म संवाद का आयोजन हुआ । जिसमें अद्वैत वेदांत पर एकाग्र विषय पर ब्राज़ील के पद्मश्री आचार्य जोनास मसेट्टी,अद्वैत आश्रम, मायावती के अध्यक्ष स्वामी शुद्धिदानंद एवं प्रसिद्ध युवा कहानीकार विनय लक्ष्मी वाराणसी (बेंगलोर) ने संवाद किया। संस्कृति विभाग के अपर मुख्य सचिव शिव शेखर शुक्ला ने कहा कि ओंकारेश्वर में एकात्मता के वैश्विक केंद्र के रूप में एकात्म धाम को विकसित किया जा रहा है।


भारत भवन में 'एकात्म संवाद' के आयोजन के दौरान मौजूद प्रतिनिधि।

### स्वयं को जानने के लिए वेदांत का अध्ययन आवश्यक

पद्म श्री जोनास मसेट्टी ने कहा कि स्वयं को जानने के लिए वेदांत का अध्ययन आवश्यक है, विश्व को एकात्मता के सूत्र में जोड़ने का कार्य आदि शंकराचार्य ने किया, विश्व की समस्त समस्याओं का समाधान अद्वैत वेदांत में निहित है। आध्यात्म जीवन जीने की विद्या है।

### वेदांत एक ऐसा साधन जो सभी के लिए है उपलब्ध

उन्होंने कहा ब्राज़ील में, हमारे लिए किसी धर्म पर विश्वास करना कठिन है, लेकिन हम आध्यात्मिकता के लिए खुले हैं। वेदांत एक ऐसा साधन है जो सभी के लिए उपलब्ध है। सच्चा सुख भीतर से आता है, और उसके लिए श्रद्धा की आवश्यकता होती है। आदि शंकराचार्य ने तर्क, कविता, अध्यात्म-इन सबका उपयोग केवल एक ही सत्य 'अद्वैत' को समझाने के लिए किया। हमें तकनीक से डरना नहीं चाहिए, बल्कि उसे समझना चाहिए।

### वेदों के उपनिषदिक तात्पर्य को पूरे विश्व के समक्ष किया स्पष्ट

स्वामी शुद्धिदानंद ने कहा कि उपनिषद हमारे सभी दुःखों का अंत करते हैं। आदि शंकराचार्य ने वास्तव में वेदों के उपनिषदिक तात्पर्य को पूरे विश्व के समक्ष स्पष्ट रूप से प्रस्तुत किया। जब तकनीक हमारे कामों को सरल बना देती है, तब हमारे पास अन्य चीजों को जानने और सीखने के लिए अधिक समय होता है।

### अक्टूबर में भोपाल मंडल को 147.72 करोड़ की आय

**भोपाल**। मंडल द्वारा रेल सेवाओं की गुणवत्ता सुधार और राजस्व में वृद्धि की दिशा में निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। वाणिज्य विभाग की टीम ने समन्वित प्रयासों से अक्टूबर 2025 में 147.72 करोड़ का राजस्व अर्जित किया है। इस कुल राजस्व में प्रमुख योगदान यात्रियों से हुई आय का रहा, जिसमें लगभग 33.10 लाख यात्रियों से 79.26 करोड़ प्राप्त हुए। इसके अतिरिक्त माल परिवहन से 58.51 करोड़, अन्य कोचिंग सेवाओं से 5.94 करोड़ तथा विविध स्त्रोतों से 4.01 करोड़ की आय प्राप्त हुई, जो यह दर्शाता है कि मंडल ने यात्री सुविधाओं और माल ढुलाई दोनों ही क्षेत्रों में संतुलित रूप से बेहतर प्रदर्शन किया है।

- यात्री एवं माल परिवहन में बेहतर प्रदर्शन

# भोपाल मंडल ने जारी किए रेलवे दिव्यांग रियायत कार्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शारीरिक रूप से दिव्यांग यात्रियों की सुविधा और यात्रा को आसान बनाने के लिए भोपाल रेल मंडल लगातार प्रयासरत है। मंडल रेल प्रबंधक पंकज त्यागी के मार्गदर्शन में इस वित्तीय वर्ष 1 अप्रैल से 11 नवम्बर के बीच कुल 916 रेलवे दिव्यांग रियायत कार्ड जारी किए गए हैं। इसमें सबसे अधिक कार्ड अक्टूबर माह में जारी किए गए। इस दौरान 102 रेलवे दिव्यांग रियायत कार्ड किए हैं। इन रियायत कार्डों के माध्यम से दिव्यांग यात्रियों को किराए में छूट के साथ-साथ नियमानुसार परिचारक के साथ यात्रा करने की सुविधा प्रदान की जाती है। भोपाल रेल मंडल का यह कदम सरकार द्वारा दी जा रही रियायतों का लाभ अधिक से अधिक योग्य यात्रियों तक पहुँचाने के उद्देश्य से उठाया गया है। दिव्यांग रियायत कार्ड बनवाने के लिए दिव्यांग यात्रियों को जिला चिकित्सा अधिकारी द्वारा जारी चिकित्सा प्रमाण पत्र, एक पासपोर्ट साइज फोटो, आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र, और रियायत प्रमाणपत्र (व्यक्ति जो बिना सहचर के यात्रा नहीं कर सकता, डॉक्टर द्वारा प्रमाणित किया गया हो) को वेबसाइट पर अपलोड करना होता है। सभी दस्तावेजों के वेरिफिकेशन के बाद कार्ड जारी किया जाता है, जिसकी सूचना प्रार्थी को मोबाइल पर एसएमएस के माध्यम से भेजी जाती है।

## खबर संक्षेप



### हेवु-बीएमएस ने मनाई ठेंगड़ी की जयंती

**भोपाल।** भारतीय मजदूर संघ के संस्थापक दत्तोपंत ठेंगड़ी की जयंती धूमधाम मनाई गई। इस अवसर पर कृषि एवं ग्रामीण मज़दूर संघ अखिल भारतीय संगठन मंत्री जितेंद्र सिंह गुर्जर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यकारी अध्यक्ष संजय चौधरी एवं महामंत्री कमलेश नागपुरे एवं समस्त कर्मचारियों, पदाधिकारियों, पीएसईएनसी के उप महामंत्री विनोद प्रकाश विसे एवं विभिन्न कमेटियों एवं समस्त सदस्यों एवं कार्यकर्ताओं ने ठेंगड़ी एवं भारत माता के छाया चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन किया।

### लौह पुरुष की जयंती पर आज निकलेगा यूनिटी मार्च

**बैरसिया।** लौह पुरुष और भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150 वीं जयंती पर बुधवार को यूनिटी मार्च निकाला जाएगा। यह मार्च ग्राम रुनाहा स्थित हायर सेकंडरी स्कूल से दोपहर 3 बजे प्रारंभ होकर ग्राम सुनगा से होता हुआ ग्राम नीमखेड़ी पर पूर्ण होगी। यूनिटी मार्च पैदल-पैदल निकली जाएगी। इस यूनिटी मार्च में भोपाल लोकसभा सांसद आलोक शर्मा, बैरसिया विधायक विष्णु खत्री, भाजपा जिलाध्यक्ष तीरथ सिंह मीणा जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि कुबेर सिंह गुर्जर सहित बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारी और आमजन मौजूद रहेंगे।

### आकाश जैन के जन्मदिन पर की शांतिधारा

**औबेदुल्लागंज।** जैन समाज के प्रभावशाली युवा आकाश जैन के जन्मदिन पर मंगलवार को शांति धारा कर माताजी से आशीर्वाद लिया। उसके बाद पिता दादा नरेश, माता मंजू जैन ने आशीर्वाद दिया। आकाश जैन के जन्मदिन पर अंकित जैन, मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र नागर, संभव जैन, विक्रम गौर, एलसी जैन, तरुण गुप्ता आदि ने बधाई दी।



### संत हिरदाराम गर्ल्स कॉलेज में इंटरएक्टिव सत्र का आयोजन



**संतनगर।** संत हिरदाराम गर्ल्स कॉलेज के प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट सेल द्वारा जयपुरीया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट के सहयोग से स्पिक स्मार्ट, थिंक शार्प, शाइन ब्राइट विषय पर एक ज्ञानवर्धक एवं इंटरएक्टिव सत्र का आयोजन किया गया। यह सत्र विशेष रूप से प्रबंधन एवं विज्ञान संकाय की छात्राओं के लिए आयोजित किया गया। डॉ. गौरव माथुर ने पठन की आदत विकसित करने, जिज्ञासु सोच को बढ़ावा देने तथा अकादमिक ज्ञान को नवाचार से जोड़ने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने छात्राओं को प्रेरित किया कि वे पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित न रहकर निरंतर सीखने और रचनात्मक सोच के माध्यम से पेशेवर उत्कृष्टता हासिल करें। डॉ. गौरव माथुर ने ग्रुप डिस्कशन पर प्रस्तुति देते हुए ग्रुप डिस्कशन के उद्देश्य सोचने की क्षमता, संवाद कौशल और टीमवर्क पर प्रकाश डाला। उन्होंने आरंभकर्ता, सूचना देने वाला, संयोजक और सार प्रस्तुत करने वाला जैसी भूमिकाएं समझाईं और ध्यान भटकाने वाले व्यवहार से बचने की सलाह दी। साथ ही स्पष्टता, प्रासंगिकता, आत्मविश्वास, सुनने की क्षमता और बॉडी लैंग्वेज जैसे मापदंड बताए।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याणः | 0549 | | |
| दिनः | 335 | 16 | 790 |
| रातः | 126 | 99 | 180 |
| ताराः | | | |
| दिनः | 189 | 80 | 668 |
| रातः | 900 | 91 | 560 |

# मॉडल की मौत में कासिम के दुबई कनेक्शन की पड़ताल कर रही पुलिस, पूछताछ में कई रहस्यों से उठेगा पर्दा

**परिजनों ने पुलिस के सामने कासिम पर लगाए गंभीर आरोप पुलिस स्लाइड सैंम्पिलिंग कराने की कर रही तैयारी, होगा मामला साफ**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर में थाना खजूरी सड़क क्षेत्र में मॉडल की संदिग्ध मौत के मामले में पुलिस जांच के दौरान नए तथ्य सामने आए हैं। मामले में संदेही कासिम अहमद, जो हाल ही में दुबई से लौटा है, पुलिस की निगरानी में है। पुलिस कासिम और उसके परिवार की पूरी पृष्ठभूमि खंगाल रही है। साथ ही दुबई जाने के कारणों की तलाश कर रही है। मॉडल की मौत के पीछे इसके कनेक्शन की भी पुलिस पड़ताल कर रही है।

मृतका के परिजनों ने गला घोंटकर और पीट-पीटकर हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने कासिम को थाने में हिरासत में रखा है और पूछताछ जारी है। एसीपी बैरागढ़ संभाग आदित्य राज सिंह ने बताया कि सागर जिले के मंडीबामौरा की रहने वाली 27 वर्षीय खुशबू अहिरवार उर्फ खुशी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हुई है। उसके शरीर पर कई चोटों के निशान पाए गए हैं। पुलिस को शक है कि गर्भवती होने के बावजूद उसका शोषण किया गया है। जिस कारण उसकी गर्भाशय नली पंक्चर हो गई और बच्चेदानी की नली भी फट गई थी। परिजनों ने भी पुलिस के सामने कासिम पर गंभीर आरोप लगाए हैं। अब पुलिस स्लाइड सैंम्पिलिंग कराने की तैयारी कर रही है, जिससे पूरे मामले का खुलासा हो सके। साथ ही पुलिस कासिम से पूछताछ की जा रही है। पुलिस का अनुमान है कि फुल पीएम रिपोर्ट आने के बाद स्थिति साफ हो सकेगी।



## ऑटो चालक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, पुलिस को जांच में नहीं मिला सुसाइड नोट

निशातपुरा थाना क्षेत्र स्थित मोतीलाल नगर में सोमवार दोपहर एक ऑटो चालक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार मोहम्मद रिहान पिता मोहम्मद रइश (26) मोतीलाल नगर करोंद में रहता था और सवारी ऑटो चलाता था। वह चार भाइयों में सबसे बड़ा था। उसकी शादी हो चुकी थी, लेकिन शादी के कुछ समय बाद ही उसकी पत्नी का इंतेकाल हो गया था। पत्नी के इंतेकाल होने के बाद से वह तनाव में रहने लगा था। उसके पिता मोहम्मद रइश ने बताया कि दो दिन पहले रिहान की ऑटो का कांच टूट गया था। उसने कांच बदलवाने पैसे मांगे थे। उसक कहा था कि दो दिन में पैसे देता हूं। सोमवार सुबह रिहान ऑटो लेकर घर से निकला था। दोपहर करीब साढ़े 12 बजे घर लौटा। घर लौटने के बाद वह अपने कमरे में चला गया और फांसी लगा ली।

## कारोबार में नुकसान होने से दुखी व्यापारी ने एसिड पीया, अस्पताल में इलाज के दौरान हुई मौत

शाहजहांनाबाद इलाके में सोमवार-मंगलवार रात कारोबार में नुकसान होने से दुखी होकर एक व्यापारी ने एसिड पीकर जान दे दी। उधर, निशातपुरा में एक युवक ने फांसी के फंदे पर झूल गया। पुलिस ने दोनों ही मामलों में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक आशीर्वाद अपार्टमेंट, प्रभु नगर निवासी कमलेश छवानी पुत्र प्रहलाद छवानी (52) प्लास्टिक की दुकान थी। कोराबार में नुकसान होने के कारण वह बंद हो गई थी। इसलिए वह लंबे समय से डिप्रेशन में चल रहे थे। बीती रात उन्होंने अपने घर में रखा एसिड पी लिया था। इसके बाद परिजनों ने उन्हें गंभीर अवस्था में इलाज के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां कुछ देर बाद ही डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। अस्पताल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज दिया। उधर निशातपुरा पुलिस ने बताया कि रेहान पुत्र मो रईस (25) मोतीलाल नगर, करोंद में रहता था। सोमवार दोपहर उसने अपने घर में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। सुसाइड नोट नहीं मिलने से मौत के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। पुलिस का कहना है कि परिजनों के बयान दर्ज होने के बाद ही कारणों का पता चल सकेगा। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

### स्टेशन बजरिया थाना क्षेत्र स्थित कच्ची सराय इलाके का मामला

# पत्नी को घर ले जाने पर विवाद, दामाद ने बुजुर्ग ससुर पर किया चाकू से जानलेवा हमला, गंभीर

**ससुर की शिकायत पर पुलिस ने दामाद के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



स्टेशन बजरिया थाना क्षेत्र स्थित कच्ची सराय इलाके में सोमवार शाम एक युवक ने अपने ही ससुर पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। दरअसल, वह पत्नी को लेने ससुराल पहुंचा था। वहां ससुर से उसकी कहासुनी हो गई। कहासुनी बढ़ने पर आरोपी ने ससुर के पेट में चाकू घोंप दिया। परिजन उन्हें तत्काल इलाज के लिए हमीदिया अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां उनका इलाज चल रहा है। अस्पताल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने ससुर की शिकायत पर दामाद के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार नासिर हुसैन (70) मकान नंबर-25, कच्ची सराय, स्टेशन बजरिया में रहते हैं। वे एसएएफ में पदस्थ थे और वर्ष 2015 में सेवानिवृत्त हो गए। उन्होंने पुलिस को बताया कि उनकी बेटी का निकाह उन्होंने बाग दिलकुशा बाग निवासी परवेज खान से किया था। परवेज और बेटी का आए दिन विवाद होता था। गत दिनों भी बेटी का पति से विवाद हुआ और बेटी उनके घर आ गई। सोमवार शाम दामाद परवेज बेटी को लेकर कच्ची सराय आया। बेटी ने दामाद से कहा कि वह अब ससुराल जाना नहीं चाहती है, जबकि परवेज उस पर घर चलने का दबाव बना रहा था, इस बात को लेकर बेटी और दामाद के बीच विवाद होने लगा। विवाद बढ़ने पर नासिर हुसैन और उनकी पत्नी ने बीच बचाव करते हुए परवेज को समझाने का प्रयास किया, लेकिन वह मानने को तैयार नहीं था। उसने नासिर हुसैन से ही गाली-गलौज करनी शुरू कर दी। उन्होंने परवेज से तमीज से बात करने का कहा तो वह भड़क गया और चाकू से हमला कर दिया। हमले में चाकू नासिर के पेट में लगा था। चाकू लगते ही वह गिर पड़े। परिजन उन्हें उठाकर अस्पताल ले गए। डॉक्टर का कहना है कि यदि समय पर उन्हें अस्पताल नहीं लाया जाता तो उनकी जान का खतरा हो सकता था।

## काम पर जा रही महिला को लोडिंग ऑटो ने मारी टक्कर, हुई मौत

**आरोपी चालक वाहन छोड़कर फरार, पुलिस ने वाहन को किया जब्त**



मुन्नी बाई वर्मा, मृतका



हादसे के बाद मौके पर वाहन को छोड़कर फरार हुआ वाहन चालक, पुलिस ने जब्त किया।

लालघाटी में लोडिंग ऑटो की टक्कर से महिला की मौत हो गई। घटना मंगलवार सुबह 9 बजे की है। महिला काम पर जाने के लिए घर से निकली थी। हादसे के बाद आरोपी ऑटो को छोड़कर मौके से फरार हो गया। कोहेफिजा पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक मुन्नी बाई वर्मा (50) नयापुरा लालघाटी में रहती थीं। वह विजय नगर में स्थित एक बंगले में काम करती थीं। सुबह करीब नौ बजे काम पर जाने के लिए पैदल घर से निकली थीं। लालघाटी चौराहा पर सड़क पार करते समय लोडिंग वाहन ने उन्हें सामने से टक्कर मार दी। हादसे के बाद आरोपी चालक मौके पर वाहन को छोड़कर फरार हो गया। राहगीरों ने महिला को इलाज के लिए हमीदिया अस्पताल पहुंचाया। जहां उपचार के दौरान कुछ ही देर में उनकी मौत हो गई।

### बेटा बोला- अस्पताल आते ही मां की मौत की खबर मिली

मृतका के बेटे सुमित वर्मा ने बताया कि हमें घटना की जानकारी नहीं थी। पुलिस ने हादसे की सूचना दी। तब अस्पताल आए, यहां मां की मौत की खबर मिली। पुलिस ने ही बताया कि मां को एक लोडिंग ऑटो ने टक्कर मारी है। पुलिस ने ऑटो को जब्त कर थाने में खड़ा कर लिया है। वहीं, पुलिस का कहना है कि आरोपी की चालक की तलाश की जा रही है। घटना स्थल के आस पास लगे सीसीटीवी कैमरों के फटेज खंगाल रहे हैं।

### आर्यिका विज्ञाश्री माताजी ससंघ का हुआ मंगल विहार

## माताजी की वाणी से हुआ हृदय परिवर्तन पांच लोगों ने धारण किए प्रतिमा व्रत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज



मंगल विहार के दौरान लोगों को आशीर्वाद देतीं माताजी।

आर्यिका विज्ञाश्री माताजी ससंघ का श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर में मंगलवार दोपहर 3 बजे मंगल विहार हुआ। आर्यिका संघ का रात्रि विश्राम आनंद उत्सव स्कूल में हुआ। बुधवार सुबह शीतलधाम में मंगल प्रवेश होगा।

मंगलवार सुबह अभिषेक, शांतिधारा, पूज्य माताजी के मुखारविंद से संपन्न हुआ। इसके बाद प्रवचन सभा का आयोजन हुआ, जिसमें पूज्य माताजी ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि आवश्यकता से अधिक वस्तुओं का संग्रह परिग्रह कहलाता है। जीवन उपयोगी वस्तुओं का संग्रह तो आवश्यक है, परंतु शौक के लिए अधिक से अधिक वस्तुओं का संग्रह करना अनुचित है। पूज्य माताजी के श्री मुख से जिनवाणी का रसपान कर 5 श्रद्धालुओं ने प्रतिमा व्रत को धारण कर अपना मोक्षमार्ग प्रशस्त किया। विहार के दौरान अनेकों श्रद्धालुओं ने पूज्य माताजी का आशीर्वाद प्राप्त किया।

## एक हजार बच्चों के साथ स्वरबद्ध हनुमान चालीसा का किया पाठ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर



घोष वादन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया।

संस्कार विद्यालय में मंगलवार को प्रार्थना के समय संस्था के सचिव बसंत चेलानी, कोषाध्यक्ष चन्दर नागदेव, समाजसेवी हरीश मोहनानी, कमल शेवानी, प्रकाश कुंगवानी बच्चों का उत्साह वर्धन करने के लिए उपस्थित हुए और एक हजार बच्चों के साथ अनुशासन में स्वरबद्ध हनुमान चालीसा का पाठ किया। इस अवसर पर विद्यालय में घोष वादन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत कर सम्मान किया गया।

### न्यायोत्सव-विधिक सेवा सप्ताह 2025 का आयोजन

## विद्यार्थियों को बाल अधिकारों, सुरक्षा तथा लैंगिक समानता के प्रति किया जागरूक



कार्यशाला में विद्यार्थीयों को जानकारी देते अतिथि।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

न्यायोत्सव-विधिक सेवा सप्ताह 2025 का आयोजन मंगलवार को ग्लोबल स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में किया, जिसमें 'पोस्को अधिनियम पर जागरूकता कार्यशाला' का आयोजन किया।

यह कार्यक्रम तहसील विधिक सेवा समिति, सिविल न्यायालय गौहरगंज के सहयोग से आयोजित किया गया। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों में बाल अधिकारों, सुरक्षा तथा लैंगिक समानता के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। कार्यक्रम में मुख्य रिसोर्स पर्सन जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश, गौहरगंज जिला रायसेन राजेन्द्र सिंह शाक्य उपस्थित रहे। शाक्य ने विद्यार्थियों को पोस्को अधिनियम की जानकारी दी। विद्यालय की प्राचार्या ने अतिथि का स्वागत किया।

## पेड़ पर लटकी मिली मजदूर की लाश

**भोपाल।** शाहपुरा थाना क्षेत्र में स्थित स्वर्ण जयंती पार्क में सुबह एक मजदूर की लाश पेड़ पर लटकी हुई मिलने से सनसनी फैल गई। पुलिस ने इस मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। एएसआई राजेंद्र सिंह के मुताबिक सूचना मिली थी कि स्वर्ण जयंती पार्क में एक गमछे का फंदा बनाकर एक युवक झूल गया है। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक का शव बरामद कर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने मृतक की पहचान देशराज पुत्र छोटेलाल अहिरवार (30) निवासी राहतगढ़ के रूप में की। वह मजदूरी करने के लिए भोपाल आया था। उसने फांसी क्यों लगाई, इसका खुलासा नहीं हो सका है। पुलिस का कहना है कि परिजनों के बयान दर्ज होने के बाद कारणों का खुलासा हो सकेगा।

# मंडीदीप में एसआईआर अभियान से मतदाता परेशान, महज 30 फीसदी मतदाता हुए मैप

**मतदाताओं की 2003 के पुराने दस्तावेजों की तलाश में शिफ्टिंग बनी परेशानी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप



एसआईआर को लेकर बैठक में चर्चा करते हुए।

औद्योगिक नगर में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान ने मतदाताओं के बीच हलचल मचा रखी है। देशभर में चुनाव आयोग द्वारा शुरू किए गए इस अभियान के तहत मतदाता सूची को अपडेट करने की प्रक्रिया तेज हो गई है, लेकिन स्थानीय स्तर पर 2003 की पुरानी मतदाता सूची से जुड़े दस्तावेजों की कमी ने हजारों मतदाताओं को परेशान कर दिया है। अनुविभागीय अधिकारी गौहरगंज चंद्रशेखर श्रीवास्तव ने बताया कि मंडीदीप नगर पालिका क्षेत्र में करीब 82 हजार मतदाताओं में से अब तक केवल 30 हजार (लगभग 37%) ही मैपिंग (वेरिफिकेशन) प्रक्रिया पूरी कर पाए हैं। बाकी मतदाताओं को दस्तावेज जुटाने में भारी कठिनाइयां आ रही है, जिससे सूची में नाम शामिल होने की प्रक्रिया पटरी से उतर रही है।

विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया चुनाव आयोग की एक महत्वपूर्ण पहल है, जो मतदाता सूची को सटीक, पारदर्शी और अद्यतन बनाने के लिए चलाई जा रही है। यह अभियान 2003 की अंतिम एसआईआर सूची को आधार बनाकर नई सूची तैयार करने पर केंद्रित है। प्रदेश में चल रहे इस अभियान के तहत बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) घर-घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन कर रहे हैं। यदि किसी मतदाता या उनके परिवार का नाम 2003 की सूची में दर्ज है, तो उन्हें अतिरिक्त दस्तावेज जमा करने की जरूरत नहीं पड़ती। हालांकि, जिनका नाम उस सूची में नहीं है, उन्हें जन्म तिथि, निवास स्थान या पारिवारिक प्रमाण साबित करने वाले दस्तावेज (जैसे जन्म प्रमाणपत्र, मैट्रिक सर्टिफिकेट, आधार कार्ड, पासपोर्ट या जाति प्रमाणपत्र) उपलब्ध कराने पड़ते हैं। मंडीदीप जैसे औद्योगिक क्षेत्र में यह प्रक्रिया और जटिल हो गई है। श्रीवास्तव ने बताया कि 2003 में मंडीदीप नगर पालिका क्षेत्र में मात्र 16 मतदान केंद्र थे, जबकि वर्तमान में यह संख्या बढ़कर 72 हो चुकी है।

### मतदाताओं का सत्यापन करना हो रहा मुश्किल

मंडीदीप औद्योगिक शहर होने के कारण प्रतिवर्ष शहर में हजारों की संख्या में लोग आते हैं और चले जाते हैं। इसके आलावा बड़ी संख्या में लोग किराए के मकान में रहते हैं, जो समय-समय मकान बदलते रहते हैं। यही वजह है कि बीएलओ को मतदाताओं का सत्यापन करना मुश्किल हो रहा है।

### राष्ट्र सेवा और समाज के कमजोर वर्ग के उत्थान के लिए जीवन का प्रत्येक क्षण समर्पित करने वाले स्व. पटवा को नमन : शिवराज

# पूर्व मुख्मयंत्री स्व. सुंदरलाल पटवा की 101वीं जयंती पर मंत्री, विधायक और बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर की पुष्पांजलि अर्पित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज





भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा एवं मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र नागर स्व. पटवा को श्रद्धांजलि देते हुए।



स्व.सुंदरलाल पटवा की पत्नी फूल कुंवर पटवा और पुत्रवधू मोना पटवा से अरविंद जैन, मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र नागर, राजीव जैन ने भेंट कर स्व. पटवा को याद किया।

भारतीय जन संघ के संस्थापक सदस्य सेवा और पूर्व मुख्यमंत्री, पद्म विभूषण स्व. सुन्दरलाल पटवा की 101वीं जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित की। विधायक सुरेंद्र पटवा ने बताया कि जब मैं लगभग डेढ़ वर्ष का था, तभी से बाईजी एवं बड़े साहब (स्व. सुन्दरलाल पटवा) के सान्निध्य में चलना, बोलना और जीवन के संस्कार सीखने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। उनका असीम स्नेह, अनुशासन और प्रेरणा मेरे जीवन की सबसे मूल्यवान धरोहर हैं। स्वयं को मैं अत्यंत भाग्यशाली मानता हूं कि उनके आशीर्वाद और मार्गदर्शन में जीवन के हर कार्य को करने का अवसर मिला। उन्होंने सदैव निष्पक्षता, प्रेम और समानता का व्यवहार किया।

आज वे हमारे बीच नहीं हैं, पर उनका जीवनदर्शन, उनके आदर्श और शिक्षा आज भी हम सबके पथप्रदर्शक हैं। मैंने कभी भी राजनीति को वोटों का गणित नहीं, बल्कि हर परिवार का बेटा बनकर भोजपुर की सेवा करने का माध्यम माना है और यह भावना मुझे उन्हीं से प्राप्त हुई है। उनके श्रीचरणों में श्रद्धा-सुमन अर्पित करते हुए ईश्वर से प्रार्थना करता हूँ कि उनकी आत्मा को परम शांति मिले। 'बड़े साहब' केवल एक नाम नहीं, बल्कि एक युग, एक विचार और एक अनुशासन का प्रतीक हैं, जो सदैव हमारे हृदयों में जीवित रहेंगे।

भोजपुर क्षेत्र के पटवा के साथी कन्हैया नंदवंशी, मीडिया प्रभारी पंकज कोठारी, मोहन मैंदुआ, ओपी मीणा, विद्या अग्रवाल, अशोक यादव, डॉ. कैलाश विनय, सुरजीत सिंह गिल, नरेंद्र शर्मा, पवन गिरी, भोजपुर खूबी दादा, वरिष्ठ पत्रकार ऋषभ जैन, सर्वेश गौर, मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र नागर, अशोक मित्तल, दीपू परमार, नपा उपाध्यक्ष नामित बागीश अग्रवाल, राजेंद्र गुड्डू साहू, नरेश सेठी, राजकुमारी मित्तल, नीरज चावला, पवन खालसा, नंदू शर्मा, हेमलता मनोज चौरसिया, पुरुषोत्तम शर्मा, महेंद्र चौहान, माधव यादव, जीतू नंदवंशी, राहुल नागर, सोनू राय तामोट, रामकिशोर चौहान, जनपद सदस्य सुलेखा चौहान, रूपेश चौहान, बाबूलाल संजीव चौहान, रामपाल चौहान सहित बड़ी संख्या में लोगों ने पटवा के बंगले पर पहुंच कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

### स्व. पटवा का जीवन प्रदेश के विकास के लिए समर्पित रहाः पचौरी

मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री स्व. सुंदरलाल पटवा की जयंती पर भाजपा के वरिष्ठ नेता सुरेश पचौरी ने कहा उनका संपूर्ण जीवन प्रदेश के विकास के लिए विशेषकर भोजपुर क्षेत्र के विकास के लिए समर्पित रहा। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा राष्ट्र सेवा और समाज के कमजोर वर्ग के उत्थान के लिए जीवन का प्रत्येक क्षण समर्पित कर देने वाले हमारे मार्गदर्शक एवं प्रेरणा स्त्रोत, मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री सुंदरलाल पटवा की जयंती पर कोटि-कोटि नमन करता हूं। पूर्व मंत्री प्रभुराम चौधरी ने कहा भाजपा के आधार स्तम्भ, जनसंघ के संस्थापक सदस्य, पूर्व मुख्यमंत्री, भाजपा के करोड़ों कार्यकर्ताओं के मार्गदर्शक, स्व.सुंदरलाल पटवा की जयंती पर कोटि-कोटि नमन। भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा ने भोपाल स्थित पटवा निवास पर पहुंचकर छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। पूर्व मंत्री ठाकुर रामपाल सिंह ने पटवा को स्मरण किया।



# तेरे इश्क में समेत इन फिल्मों के इवेंट हुए कैंसिल

**मुंबई।** धर्मेंद्र की सेहत और दिल्ली धमाकों को देखते हुए आनंद एल राय की आगामी फिल्म 'तेरे इश्क में' से जुड़े एक इवेंट को कैंसिल कर दिया गया है। यह इवेंट राजधानी दिल्ली में होना था। इसके अलावा कुछ और फिल्मी इवेंट भी कैंसिल हुए हैं। 'तेरे इश्क में'28 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। फिल्म में धनुष ने शंकर और कृति सेनन ने मुक्ति का किरदार निभाया है। इसके अलावा वेब सीरीज 'दिल्ली क्राइम 3' की स्क्रीनिंग को भी कैंसिल कर दिया गया है। दिल्ली क्राइम-3, 13 नवंबर से स्ट्रीम होने वाला है। हमें उम्मीद है कि आप इसे देखेंगे और अपना प्यार देंगे।'

लाइफ Style


# नोरा

## संगीत को समझना है तो श्रेया को सुनें

नोरा फतेही अपने बेरतरीन डांस और एक्टिंग के साथ अपनी गायकी के लिए जानी जाती हैं। एक अमेरिकी पोडकास्ट में नोरा फतेही से पूछा गया कि वह बॉलीवुड की सबसे अच्छी सिंगर के तौर पर किसका नाम लेना चाहेंगी, इस पर उन्होंने श्रेया घोषाल का नाम लिया।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

नोरा फतेही ने श्रेया के साथ एक गाना भी गाया है। हाल ही में नोरा फतेही ने सिएरा के पोडकास्ट में अपने सिंगिंग, एक्टिंग और डांसिंग कॅरियर के बारे में खुलकर बात की। बातचीत के दौरान जब सिएरा ने नोरा से पूछा कि वह बॉलीवुड की सबसे अच्छी सिंगर के तौर पर किसका नाम लेना चाहेंगी। इस पर नोरा फतेही ने सिंगर श्रेया घोषाल का नाम लिया। नोरा फतेही ने कहा 'अगर आपने बॉलीवुड के गाने नहीं सुने हैं और आप उसके बारे में जानना चाहते हैं, तो मैं कहूंगी कि आप श्रेया घोषाल के गाने सुनें। वह एक आइकन हैं। मैंने उनके साथ (ओह मामा! तेतेमा) गाना गाया है। इस गाने में उन्होंने हिंदी वाला हिस्सा गाया है। उनकी आवाज अब तक कि सबसे अच्छी आवाजों में से एक है, जो मैंने सुनी है। उन्होंने बॉलीवुड की कई बेहतरीन फिल्मों के बेहतरीन गाने गए हैं। इसके अलावा उन्होंने कई गाने गए हैं। वह जिस तरह गाती हैं, वह शानदार है। कोई भी बॉलीवुड के संगीत, संस्कृति और इसकी भावना को समझना चाहता है, उसे श्रेया को सुनना चाहिए।' श्रेया घोषाल को भारत की सबसे अच्छी गायिकाओं में से एक माना जाता है। वह सबसे ज्यादा पुरस्कार पाने वाली गायकों में शामिल हैं।




हॉलीवुड मसाला



## कोबायाशी के साथ दीं यादगार फिल्में

**लॉस एंजिल्स।** जापान के मशहूर अभिनेता तात्सुया नाकादाई का 92 वर्ष की उम्र में निधन हो गया है। तात्सुया को 'रण', 'हाराकिरी' और 'द ह्यूमन कंडीशन' जैसी फिल्मों में अपने शानदार अभिनय के लिए जाना जाता है। अकीरा कुरोसावा की 1985 में आई फिल्म 'रण' में नाकादाई द्वारा निभाया गया लॉर्ड हिदेतोरा इचिमोनजी का किरदार उनके सबसे प्रतिष्ठित किरदारों में से एक है। तात्सुया नाकादाई ने मसाकी कोबायाशी की द ह्यूमन कंडीशन ट्रियोलॉजी- नो ग्रेटर लव (1959), रोड टू एटरनिटी (1959), और ए सोल्जर्स प्रेयर (1961) में शानदार अभिनय किया।



## वन्स वेयर वॉरियर्स और डाई अनदर डे से हुए मशहूर

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड फिल्मों के मशहूर निर्देशक ली तामाहोरी का 75 वर्ष की उम्र में निधन हो गया है। उन्हें 'वन्स वेयर वॉरियर्स' और 'डाई अनदर डे'जैसी जबरदस्त फिल्मों के निर्माण के लिए पहचाना जाता था। निर्देशक ली तामाहोरी ने कई जबरदस्त फिल्मों का निर्देशन किया था। उन्होंने मुलहोलैंड फॉल्स, एंथनी हॉपकिंस और एलेक बाल्डविन अभिनीत सर्वाइवल थ्रिलर द एज और क्राइम फिल्म अलोंग केम अ स्पाइडर शामिल हैं। उन्होंने जेम्स बॉन्ड अभिनीत फिल्म 'डाई अनदर डे' और एक्शन सीक्वल 'एक्सएक्सएक्सः स्टेट ऑफ द यूनियन' का भी निर्देशन किया था। ली तामाहोरी के परिवार में उनकी पत्नी जस्टिन और बच्चे सैम, मैक्स, मेका और ताने हैं। ली तमाहोरी का जन्म 1950 में वेलिंगटन में हुआ था। उन्होंने अपने सिनेमाई कॅरियर की शुरुआत सहायक निर्देशक के रूप में की थी।



## एसएसएमबी-29 का पहला गाना रिलीज

**मुंबई।** एसएस राजामौली और महेश बाबू की बहुप्रतीक्षित आगामी फिल्म 'एसएसएमबी 29' से अपडेट अब लगातार सामने आ रहे हैं। पृथ्वीराज सुकुमारन का फर्स्ट लुक और महेश बाबू व प्रियंका चोपड़ा के वीडियो संदेश सामने आने के बाद, अब सोमवार को फिल्म का पहला सिंगल गाना रिलीज किया गया है। सबसे खास बात कि एमएम कीरवानी द्वारा कंपोज किए गए इस गाने में श्रुति हासन ने अपनी आवाज दी है। ऑस्कर विजेता संगीतकार एमएम कीरवानी द्वारा कंपोज किए गए इस गाने को 'ग्लोबट्रॉटर' टाइटल के साथ रिलीज किया गया है। गाने को यूट्यूब पर रिलीज किया गया है। हालांकि, अभी इस गाने का वीडियो सामने नहीं आया है। यानी गाने को सिर्फ एक ऑडियो के तौर पर जारी किया गया है। अभी इस गाने को सिर्फ तेलुगु भाषा में रिलीज किया गया है।



## प्रियदर्शन के साथ शेयर की अनदेखी तस्वीर

**मुंबई।** निर्देशक प्रियदर्शन की आगामी हॉरर फिल्म 'हैवान' को लेकर श्रिया पिलगांवकर ने सोशल मीडिया पर अहम जानकारी शेयर की है। इस जानकारी के साथ श्रिया ने प्रियदर्शन के साथ खास तस्वीर भी शेयर की है। जिसके साथ श्रिया ने जानकारी दी है कि उन्होंने फिल्म 'हैवान' में अपने हिस्से की शूटिंग खत्म कर ली है। यह तस्वीर फिल्म 'हैवान' के सेट की है। इस तस्वीर में श्रिया और प्रियर्दशन मुस्कुराते नजर आ रहे हैं। इस तस्वीर में श्रिया हाथ में एक क्लैप बोर्ड पकड़े हुए हैं। जिसपर लिखा है 'हैवान'। श्रिया ने अपनी और प्रियदर्शन की इस तस्वीर के साथ कैप्शन में लिखा, मेरे लिए हैवान का काम खत्म हुआ। इस शानदार टीम के साथ काम करना एक परम सौभाग्य की बात है, जिसका नेतृत्व किया निर्देशक प्रियदर्शन ने।'

टीवी मसाला



## आधी रात बिग बॉस 19 से बाहर हुआ मृदुल

**नई दिल्ली।** 'बिग बॉस 19' के घर से अब एक और सदस्य का सफर खत्म हो गया है। जैसे-जैसे शो का फिनाले करीब आ रहा है, वैसे-वैसे प्रतियोगियों के बीच टेंशन बढ़ती जा रही है। चार हफ्ते बाद जब इस सीजन के विजेता की घोषणा होगी, उससे पहले दर्शकों को देखने को मिला है एक बड़ा ट्विस्ट- लाइव ऑडियंस द्वारा किया गया मिड-वीक एविक्शन। और इस बार शो से बाहर हुए हैं सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर मृदुल तिवारी। पिछले वीकेंड में जहां डबल एविक्शन ने घरवालों को हिला दिया था, वहीं अब बिग बॉस ने अचानक मिड वीक एविक्शन का ऐलान कर दिया। बिग बॉस के अपडेट्स देने वाले पेज 'बिग बॉस तक' ने बताया है कि मृदुल घर से आउट हो गए हैं। इस बार फैसला घर के अंदर गई लाइव ऑडियंस ने किया, जिसने हर कंटेस्टेंट की परफॉर्मेंस देखकर वोटिंग की। वोटिंग के नतीजे चौंकाने वाले रहे- सबसे कम वोट मृदुल तिवारी को मिले और उन्हें फिनाले से ठीक चार हफ्ते पहले घर से बाहर जाना पड़ा। दरअसल, इस हफ्ते बिग बॉस ने एक खास कैप्टेंसी टास्क रखा था जिसमें तीन टीम बनाई गईं- टीम गौरव, टीम कुनिका और टीम शहबाज। इस टास्क के संचालक थे अमाल मलिक। शुरुआती दो राउंड में कुनिका और गौरव की टीम ने बाजी मारी, लेकिन तीसरे राउंड में बिग बॉस ने गेम में ट्विस्ट डालते हुए बताया कि अब फैसला ऑडियंस के हाथ में होगा। लाइव दर्शक घर के अंदर आए और उन्होंने प्रत्येक सदस्य की एक्टिविटी के आधार पर वोट दिए। जैसा कि हमेशा बिग बॉस के खेल में होता आया है, यहां भी नतीजा अप्रत्याशित रहा।

### इंडियन आइडल 16 में पहुंचीं उर्मिला

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड की मशहूर एक्ट्रेस उर्मिला मातोंडकर हमेशा से अपने समय की सबसे पसंदीदा एक्ट्रेस में से एक रही हैं। 90 के दशक में उनके गाने और फिल्मी डांस ने दर्शकों के दिलों में एक खास जगह बनाई। उनकी फिल्में और गाने आज भी लोगों के चेहरे पर मुस्कान ला देते हैं। जब वह 'इंडियन आइडल 16' के ग्रैंड प्रीमियर में गेस्ट के रूप में पहुंचीं, तो 90 के दशक की यादें ताजा हो गईं। शो में कंटेस्टेंट अंशिका चोंकर ने 1995 में रिलीज हुई फिल्म रंगीला का टाइटल ट्रैक 'रंगीला रे'गाया, तो उर्मिला पुरानी यादों में खो गईं और इमोशनल हो गईं। उन्होंने स्टेज पर इस गाने पर डांस भी किया। अंशिका की परफॉर्मेंस से खुश होकर उर्मिला ने उन्हें तोहफे के तौर पर एक सिक्का दिया। इस सिक्के को अपनी जिंदगी का महत्वपूर्ण हिस्सा बताते हुए उन्होंने कहा कि यह वही सिक्का है जो उन्हें इस फिल्म की रिलीज के वक्त मिला था। उन्होंने कहा, मैं अपनी पहली फिल्म देखने के लिए थिएटर में गई थी, जब मेरा गाना स्क्रीन पर आया, तो लोगों ने खुशी में पैसे फेंकने शुरू कर दिए।



इंसानियत की मिसाल, 3800 बच्चों को जीवनदान

## सिंगर पलक का गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज हुआ नाम...

***नई दिल्ली।*** *बॉलीवुड की फेमस सिंगर पलक मुच्छल चर्चा में हैं। अपने गानों के कारण नहीं, बल्कि इंसानियत की मिसाल कायम करने की वजह से। वो अपनी कमाई की ज्यादातर हिस्सा हार्ट सर्जरी के लिए दान करती हैं। अब उनका नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स और लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज किया गया है। उन्होंने अब तक 3800 बच्चों की हार्ट सर्जरी करवाई है। अपनी दिलकश आवाज और सोलफुल म्यूजिक के लिए फेमस बॉलीवुड सिंगर पलक मुच्छल ने अब गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स और लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में जगह बना ली है। वो भी अपने संगीत के लिए नहीं, बल्कि मानवता की मिसाल कायम करने के लिए। इंदौर में जन्मीं पलक मुच्छल ने 'पलक पलाश चैरिटेबल फाउंडेशन' के जरिए भारत और उसके बाहर वंचित बच्चों की मदद की है। करीब 3800 हार्ट सर्जरी के लिए पैसे जुटाए हैं।*

### कारगिल शहीदों के परिवारों की भी मदद

आप शायद ही जानते होंगे कि पलक कई साल से कारगिल शहीदों के परिवारों की भी कर रही हैं। उन्होंने गुजरात भूकंप पीड़ितों की राहत के लिए 10 लाख रुपये दान किए थे।



### कभी नहीं रुकेगी मदद

पलक ने मेरी आशिकी, कौन तुझे, सनम तेरी कसम, इक मुलाकात, देखा हजारो दफा और प्रेम रतन धन पायो जैसे सुपरहिट गाने गाए हैं। उनके पति मिथुन शर्मा भी कंपोजर हैं। वो इस जर्नी में पलक के साथ खड़े रहते है। उन्होंने कहा कि भले ही शो ना हो, कमाई ना हो, बच्चों की सर्जरी कभी नहीं रुकेगी।

### वो पल, जब पलक ने मदद करने का खुद से किया वादा

पलक बहुत कम उम्र से ही जरूरतमंदों की मदद करती आई हैं। बचपन में ट्रेन से सफर के दौरान उनकी मुलाकात वंचित बच्चों से हुई। ये वो पल था, जब उनकी जिंदगी बदल गई। उसी दिन उन्होंने खुद से वादा किया कि वो एक दिन उनकी मदद जरूर करेंगी। अब वो अपनी कमाई का काफी हिस्सा जिंदगी को बचाने में लगाती हैं।

## ग्रैमी अवॉर्ड में एल्बम 'साउंड्स ऑफ कुंभ' को मिला नामांकन





**नई दिल्ली।** एल्बम 'साउंड्स ऑफ कुंभ' को बेस्ट ग्लोबल म्यूजिक एल्बम कटेगरी में 68वें ग्रैमी अवॉर्ड के लिए नामांकन मिला है। यह एल्बम महाकुंभ उत्सव से प्रेरित है। एल्बम को गायक-कंपोजर सिद्धांत भाटिया की तरफ से प्रस्तुत किया गया है। यह भारतीय संगीत के लिए एक बड़ी कामयाबी है। इस एल्बम में 12 गीत हैं। इसमें भारत और विदेशों के लगभग 50 कलाकारों ने काम किया है। एल्बम में उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में हुए महाकुंभ की भावना को दर्शाया गया है। महाकुंभ इस साल जनवरी और फरवरी में 45 दिनों तक हुआ था। इसमें बड़ी संख्या में तीर्थयात्रियों ने हिस्सा लिया था। 'साउंड्स ऑफ कुंभ' एल्बम में प्रयागराज से लाइव फील्ड रिकॉर्डिंग की गई। इसमें प्राचीन मंत्र शामिल किए गए। इसमें बाइनॉरल बीट्स को भी शामिल किया गया है। इस एल्बम को बनाने में सिद्धांत भाटिया के अलावा जिम किमो वेस्ट, राघव मेहता, मैडी दास, रॉन कोरब, चारू सूरी और देवराज सान्याल ने सहयोग किया है। एल्बम में वी सेल्वगनेश, राजा कुमारी, आदित्य गढ़वी, कनिका कपूर, कला रामनाथ, भानुमती नरसिम्हन, प्रवीण गोडखिंडी, अजय प्रसन्ना और कल्याणी नायर जैसे लोगों का योगदान है।

### हिंदी सिनेमा के 'राजा-रानी', पहली मूवी में कर बैठे प्यार

# 31 फिल्मों में किया रोमांस! 10 साल बाद बनी रियल जोड़ी


***नई दिल्ली।*** *अगर आपने हिंदी फिल्में देखी हैं, तो आपकी कोई फेवरेट जोड़ी जरूर होगी, जिसकी फिल्में आप बार-बार देखना पसंद करते हैं। अगर बॉलीवुड की ऑल-टाइम हिट जोड़ी की बात करें, तो एक जोड़ी सब पर भारी है। वे हिंदी सिनेमा के असली 'राजा-रानी' हैं, जिन्होंने लगभग 31 फिल्में साथ में कीं और सेट पर पहली मुलाकात के 10 साल बाद धर्म बदल कर शादी कर ली। हम बॉलीवुड की जिस सुपरहिट जोड़ी की बात कर रहे हैं, उन्हें अभिनय में लाने का श्रेय कहीं-न-कहीं उनकी मांओं को जाता है। होरी की मां उनकी सबसे बड़ी सपोर्टर थीं, तो हीरोइन की मां ताउम्र उनकी मैनेजर रहीं। जब दोनों सितारे पहली बार 1970 में मूवी सेट पर मिले, तो सिर्फ पर्दे पर नहीं, उनकी जिंदगी में भी मैजिक हो गया।*

### 'तुम हसीन मैं जवान' के सेट पर मिले

दोनों सितारे मेकर्स के पसंदीदा ऑनस्क्रीन कपल बन गए। उन्होंने साथ में करीब 31 फिल्में कीं, जो अपने-आप में एक रिकॉर्ड है। वे पहली बार 1970 की मूवी 'तुम हसीन मैं जवान' के सेट पर मिले और देखते ही देखते एक-दूसरे पर फिदा हो गए। हम धर्मेंद्र और हेमा मालिनी की बात कर रहे हैं, जिन्होंने सीता और गीता, राजा रानी, आस पास, पत्थर और पायल, ड्रीम गर्ल और शोले सहित लगभग 31 फिल्मों में काम किया था।

### शोले की शूटिंग का यह मशहूर किस्सा

धर्मेंद्र-हेमा मालिनी का एक-दूसरे के लिए दिल धड़कने लगा। शादीशुदा होने के बाद बावजूद धर्मेंद्र, हेमा मालिनी के इश्क में गिरफ्तार हो गए। शोले की शूटिंग का एक किस्सा काफी मशहूर है, जिसमें वीरू (धर्मेंद्र), बसंती (हेमा मालिनी) को रिव्लॉवर इस्तेमाल करना सिखाते दिखाते हैं। कहते हैं कि उसी सीन की शूटिंग के समय धर्मेंद्र लाइट ब्वॉयज को उन्हें डिस्टर्ब करने के 20 रुपए देते थे, ताकि उन्हें हेमा मालिनी के करीब रहने का ज्यादा वक्त मिल सके। इस तरह धर्मेंद्र को हेमा मालिनी को बार-बार गले लगाने का मौका मिल रहा था।



### चुपचाप धर्म बदल कर शादी कर ली

चूंकि धर्मेंद्र की प्रकाश कौर से पहले ही शादी हो चुकी थी और उनसे उनके चार बच्चे भी थे, इसलिए हेमा मालिनी ने शुरू में उनके शादी के प्रस्ताव को नकार दिया। हालांकि, वे बाद में प्यार में इतना मजबूर हुए कि चुपचाप धर्म बदल कर शादी कर ली। धर्मेंद्र ने मुस्लिम रीति-रिवाजों से हेमा मालिनी से दूसरी शादी की। हेमा मालिनी के प्यार में पड़ने से पहले धर्मेंद्र का नाम टॉप हीरोइनों मीना कुमारी और सायरा बानो के साथ जुड़ा। कहते हैं कि 60 के दशक में धर्मेंद्र के कॅरियर को आकार देने में मीना कुमारी का बड़ा रोल था।

### 1987 में लगातार सात हिट फिल्में दी थीं

धर्मेंद्र ने 2011 में एक इंटरव्यू में पत्नी हेमा मालिनी के बारे में कहा था, 'हमारा साथ बहुत ही खूबसूरत रहा है। हमने साथ में कई फिल्में की हैं और कई हिट्स दी हैं। हमें सबसे पसंदीदा ऑन-स्क्रीन जोड़ी में से एक माना जाता है। हमारी केमिस्ट्री कमाल है और हम एक-दूसरे को बहुत अच्छे से कंप्लीट करते हैं। मुझे हमेशा उनके साथ काम करने में आनंद आया। वह सबसे खूबसूरत महिला हैं, जिन्हें मैं जानता हूं। वह बहुत ही केयरिंग हैं। मैं उनका बहुत सम्मान करता हूं।' धर्मेंद्र एकमात्र एक्टर हैं, जिन्होंने 1987 में लगातार 7 हिट फिल्में दी थीं। उन्हें साल 2012 में पद्म भूषण अवॉर्ड से सम्मानित किया गया था। 1997 मे उन्हें फिल्मफेयर लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया था।

# रणजी ट्रॉफी : 65 साल में पहली बार जम्मू-कश्मीर ने दिल्ली को हराया, इकबाल और पारस ने जड़े शतक

## जम्मू-कश्मीर ने दिल्ली को 7 विकेट से दी शिकस्त

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

दिल्ली क्रिकेट को नई शर्मिंदगी से दोचार होना पड़ा जब सलामी बल्लेबाज कामरान इकबाल के शानदार शतक की बदौलत जम्मू-कश्मीर ने मंगलवार को उसे सात विकेट से शिकस्त देकर उसके खिलाफ रणजी ट्रॉफी में 65 साल में पहली जीत दर्ज की।

दिल्ली क्रिकेट की गिरती साख का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि टीम तीन घरेलू मैचों में सिर्फ चार अंक हासिल कर सकी। टीम कुल सात अंकों के साथ ग्रुप डी में आठ टीमों के बीच छठे स्थान पर है और उसे नॉकआउट के लिए क्वालीफाई के लिए चमत्कार की जरूरत होगी। सात बार की रणजी चैंपियन दिल्ली की टीम के इस तरह के पतन के कई कारण है, जिसमें संदिग्ध चयन, खराब रणनीतियां, चतुर कप्तानी के अभाव के अलावा दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) में गुटबाजी और अंदरूनी कलह प्रमुख है। दिल्ली और जम्मू-कश्मीर की टीमों ने 1960 से अब तक 43 बार एक दूसरे का आमना सामना किया है और इनमें से 37 मैचों में दिल्ली ने जीत दर्ज की है जबकि जम्मू कश्मीर की यह पहली जीत है। जीत के लिए 179 रन का पीछा कर रही जम्मू कश्मीर को मैच के आखिरी दिन 124 रन की जरूरत थी। सलामी बल्लेबाज इकबाल ने 147 गेंद में नाबाद 133 रन बनाकर जम्मू कश्मीर को आसान जीत दिला दी।



### 40 साल के पारस डोगरा ने पहली पारी में लगाया था शतक

जम्मू कश्मीर के कप्तान 40 साल के दिग्गज पारस डोगरा ने भी इस मैच की पहली पारी में शतक लगाकर टीम की जीत में अहम योगदान दिया। अपने 22वें प्रथम श्रेणी सत्र में वह रणजी ट्रॉफी में रनों के मामले में मुंबई के दिग्गज वसीम जाफर के बाद दूसरे नंबर पर पहुंच गए। डोगरा ने इस सत्र में मुंबई और दिल्ली दोनों के खिलाफ शतक बनाए। दिल्ली के पिछले सत्र में खराब प्रदर्शन के बावजूद एक गुट के दबाव में शरणदीप को मुख्य कोच बनाए रखा गया। कप्तान आयुष बदोनी ने अपनी बल्लेबाजी से प्रभावित किया लेकिन डीपीएल में शीर्ष स्कोरर अर्पित राणा अच्छी तेज गेंदबाजी का डटकर सामना नहीं कर पाए। प्रियांश आर्य जैसे आक्रामक सलामी बल्लेबाज को पहले दो मैचों में बेंच पर बैठाया गया और फिर चौथे नंबर पर खेलने के लिए मजबूर होना पड़ा। इस हार के बाद डीडीसीए अध्यक्ष रोहन जेटली के सख्त रुख अपनाने की उम्मीद है।

### हैदराबाद ने राजस्थान के खिलाफ हासिल किए 3 अंक

वहीं एक अन्य ग्रुप मैच में हैदराबाद ने राजस्थान के खिलाफ ड्रॉ रहे मैच में पहली पारी की बढत के आधार पर तीन अंक हासिल कर लिये । हैदराबाद के पहली पारी के 364 रन के जवाब में राजस्थान ने 269 रन बनाए थे। हैदराबाद ने दूसरी पारी नौ विकेट पर 244 रन पर घोषित करके राजस्थान को 340 रन का लक्ष्य दिया था, जिसके जवाब में उसने तीन विकेट पर 207 रन बना लिए थे। राजस्थान को मैच से एक ही अंक मिला। हिमाचल प्रदेश को एक पारी और 120 रन से हराकर मुंबई 17 अंकों के साथ शीर्ष पर पहुंच गया। जम्मू कश्मीर 14 अंक लेकर दूसरे स्थान पर है। पुडुच्चेरी को दस विकेट से हराकर छत्तीसगढ़ चौथे स्थान पर है।

## खबर संक्षेप



### नैशा कुमामोतो मास्टर्स क्वालीफायर में हारी

**कुमामोतो।** भारत की युवा बैडमिंटन खिलाड़ी नैशा कौर भटोये क्वालीफायर में न्यूजीलैंड की शाउना ली से सीधे गेम में हारकर कुमामोतो मास्टर्स जापान ओपन के मुख्य ड्रॉ के लिए क्वालीफाई करने में विफल रहीं। यह 17 वर्षीय भारतीय खिलाड़ी इस सुपर 500 टूर्नामेंट के महिला एकल के क्वालीफिकेशन राउंड में 32 मिनट में अपने से ऊंची रैंकिंग वाली प्रतिद्वंद्वी से 17-21, 18-21 से हार गई। इस प्रकार प्रतियोगिता के महिला एकल स्पर्धा में भारत का कोई प्रतिनिधित्व नहीं होगा। पुरुष एकल में लक्ष्य सेन और एचएस प्रणय बुधवार को इस प्रतियोगिता में अपने अभियान की शुरुआत करेंगे।

### खिलाड़ियों ने आईएसएल शुरू करने की अपील की

**नई दिल्ली।** भारतीय फुटबॉल खिलाड़ियों ने प्रशासकों से इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) का नया सत्र जल्दी से जल्दी शुरू करने की अपील करते हुए कहा कि उनका गुस्सा और हताशा अब व्याकुलता में बदल गई है। यह अपील ऐसे समय में की गई है जब अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने पिछले सप्ताह कहा था कि 16 अक्टूबर को आईएसएल के वाणिज्यिक अधिकारों के लिए अनुरोध (आरएफपी) के बाद उसे कोई बोली नहीं मिली है। इस आरएफपी में लीग के वाणिज्यिक और मीडिया अधिकारों के लिए 15 साल के अनुबंध के लिए बोलियां आमंत्रित की गई थीं। स्टार डिफेंडर संदेश झिंगन ने कहा, 'अभी हम जहां हैं, वहां से देरी करना अच्छा नहीं होगा। कोच, प्रशंसक, स्टाफ के सदस्य और खिलाड़ियों के लिए सब कुछ ठहर गया है। हमने बहुत मेहनत की है। हमने बहुत त्याग किया है और हम अपने सत्र को यूं ही खत्म नहीं होना देना चाहते हैं।' उन्होंने कहा, 'पूरा भारतीय फुटबॉल तंत्र अनिश्चितता में डूबा हुआ है। सपने थम गए हैं। भविष्य पर सवाल उठ रहे हैं। हर दिन हम इंतजार करते हैं। हम व्याकुल हैं। हमें तुरंत कार्वाई करने की जरूरत है।'




### टी20 त्रिकोणीय सीरीज में खेलेंगे शादाब खान



**लाहौर।** अनुभवी ऑलराउंडर शादाब खान को 17 नवंबर से लाहौर और रावलपिंडी में होने वाली टी20 त्रिकोणीय श्रृंखला के लिए पाकिस्तान की टीम में शामिल किया जा सकता है। इस श्रृंखला में पाकिस्तान के अलावा श्रीलंका और जिम्बाब्वे की टीम भी शामिल हैं। कंधे की सर्जरी के बाद रिहैबिलिटेशन से गुजर रहे शादाब ने हाल में लाहौर में एक अभ्यास मैच खेला था। इस दौरान चयनकर्ताओं की उन पर कड़ी नजर थी, जिनमें राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी के प्रमुख आकिब जावेद भी शामिल थे।

## भारत - दक्षिण अफ्रीका के बीच कल से कोलकाता में पहला टेस्ट

# गिल ने लंबे समय तक की नेट प्रैक्टिस जायसवाल और सुदर्शन ने बहाया पसीना

एजेंसी ▸▸| कोलकाता

भारतीय कप्तान शुभमन गिल इस बात को अच्छी तरह से समझते हैं कि सीमित ओवरों के प्रारुपों से लाल गेंद वाले क्रिकेट में बदलाव में समय लगता है और इसलिए उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 14 नवंबर शुक्रवार से शुरू होने वाले पहले टेस्ट मैच से पूर्व अपनी तकनीक को दुरुस्त करने के लिए मंगलवार को नेट्स पर करीब डेढ़ घंटा बिताया।

दक्षिण अफ्रीका की टीम आत्मविश्वास से भरी हुई है क्योंकि पिछले महीने चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में उसने पाकिस्तान के खिलाफ दो मैच की श्रृंखला 1-1 से ड्रॉ कराई थी। गिल ने पिछले महीने वेस्टइंडीज के खिलाफ दो टेस्ट मैचों में अर्धशतक और नाबाद शतक लगाया था, लेकिन इसके बाद सीमित ओवरों की क्रिकेट में वह रन बनाने के लिए जूझते रहे। टेस्ट टीम की कमान संभालने के बाद वह प्रतिबद्ध दिखे और उन्होंने अपनी फॉर्म हासिल करने के लिए अभ्यास सत्र में कड़ी मेहनत की।



### जायसवाल ने विकेट पर थ्रोडाउन का किया सामना

रणजी ट्रॉफी में राजस्थान के लिए 67 और 156 रन की पारी खेलने वाले जायसवाल ने भी लंबे समय तक विकेट पर मोर्केल और थ्रोडाउन का सामना किया। बाएं हाथ का यह बल्लेबाज़ सहज लय में दिख रहा था तथा आत्मविश्वास के साथ ड्राइव और पुल कर रहा था। नेट पर महत्वपूर्ण समय बिताने वाले एक अन्य बल्लेबाज तमिलनाडु के युवा साई सुदर्शन थे, जिन्होंने दक्षिण अफ्रीका ए के खिलाफ भारत ए की ओर से दो अनधिकृत टेस्ट मैचों में केवल 84 रन बनाए थे। टीम प्रबंधन उन्हें तीसरे नंबर के बल्लेबाज के रूप में तैयार कर रहा है लेकिन वह अभी तक अपेक्षाओं पर खरे नहीं उतरे हैं।

### पिच से स्पिनरों को मदद मिलने के आसार

कोलकाता के ईडन गार्डेन्स मैदान में पिछला टेस्ट मुकाबला पिंक बॉल से बांग्लादेश के खिलाफ साल 2019 में खेला गया था। इसके छह साल बाद अब कोलकाता में कोई टेस्ट मैच होने जा रहा है। पिच को लेकर क्यूरेटर सूजान मुखर्जी ने मीडिया से बातचीत में कहा, हम सभी को रैंक टर्नर जैसी पिच बनाने को किसी ने नहीं कहा है। हमने एक स्पोर्टिंग विकेट तैयार किया है। हेड कोच गौतम गंभीर ने जब विकेट देखा तो वह काफी खुश नजर आए थे। इस विकेट पर तीसरे दिन से स्पिनरों को अधिक मदद मिलने के आसार हैं। ईडन कभी भी रैंक टर्नर नहीं रहा है और बैटिंग फ़्रेंडली होने के साथ-साथ इस मैदान में गेंदबाजों को भी काफी मदद मिलती है।

### टॉस के सिक्के पर होंगे गांधी और मंडेला के चेहरे

भारत और साउथ अफ्रीका के बीच टेस्ट मैच की सीरीज का नाम फ्रीडम ट्रॉफी रखा गया है। ये नाम दोनों देशों के महान नेता महात्मा गांधी और नेल्सन मंडेला के नाम पर रखा गया। अब अहिंसा के पुजारी दोनों नेताओं के चेहरे का चित्र कोलकाता टेस्ट मैच के टॉस के सिक्के पर भी होगा। क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ बंगाल के अध्यक्ष सौरव गांगुली ने टॉस के सिक्के पर जानकारी देते हुए कहा, हमने टॉस के लिए एक स्पेशल सिक्का तैयार क्या है, जिसमें एक तरफ महात्मा गांधी का चेहरा तो दूसरी तरफ नेल्सन मंडेला का चेहरा अंकित किया है। ये इन दोनों महान नेताओं को श्रद्धांजलि देने का एक अनूठा तरीका है।

## अंडर-15 इंटर डिस्ट्रिक्ट, अंडर-22 इंटर क्लब टूर्नामेंट

# विदिशा को हराकर भोपाल ए विजेता तो भोपाल अकादमी की पहली जीत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भोपाल

भोपाल डिवीज़न क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित अंडर-22 बॉयज क्रिकेट टूर्नामेंट बाबे अली क्रिकेट मैदान पर संजय गुप्ता अकादमी और भोपाल क्रिकेट अकादमी के मध्य मैच खेला गया।

भोपाल अकादमी ने 45 ओवर में 6 विकेट पर 219 रन बनाए, जिसमें पूशांक शर्मा ने 56,अमित सिंह 50 और प्रथु चतुर्वेदी ने 37 रन बनाए । संजय गुप्ता अकादमी के चन्दन ने 2, प्रतीक, विश्वजीत ने 1-1 विकेट लिया । जवाब में संजय गुप्ता अकादमी ने 34.4 ओवर में 129 रन ही बना सकी। इनमें विश्वजीत ने 32 और शिवांक ने 31 रन बनाए। भोपाल अकादमी के पियूष मेश्राम ने 5, सूरज और प्रथु चतुर्वेदी ने 2-2 विकेट लिए । इस तरह भोपाल क्रिकेट अकादमी ने संजय गुप्ता अकादमी को 90 रनो से हराया ।




### भोपाल ए ने विदिशा को 10 विकेट से हराया

बीडीसीए अंडर-15 बॉयज इंटर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट टूर्नामेंट में सीहोर मैदान में विदिशा और भोपाल ए के मध्य फाइनल मैच खेला गया। विदिशा ने 33 ओवर में 74 रन बनाए, जिसमें लक्ष्य राजपूत ने 19 रन बनाए । भोपाल ए से वेद पाठक ने 4 , केविन, वेदांत, और देव कनोजिया 2-2 विकेट लिए । जवाब में भोपाल ए ने 9.4 ओवर में बिना किसी नुकसान के 77 रन बनाकर मैच जीत लिया, जिसमें आर्यवीर मेघवानी ने नाबाद 49 और धैर्य तिवारी ने नाबाद 28 रन बनाए । इस तरह भोपाल ए ने विदिशा को 10 विकेट से हराकर इस वर्ष का अंडर 15 इंटर डिस्ट्रिक्ट टूर्नामेंट की विजेता रही।



## आईएसएसएफ विश्व चैंपियनशिप

# विश्व रिकॉर्ड की बराबरी करते हुए ऐश्वर्य ने जीता सिल्वर

एजेंसी ▸▸| काहिरा

ओलंपियन ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने आईएसएसएफ विश्व चैंपियनशिप के क्वालीफिकेशन में विश्व रिकॉर्ड की बराबरी करते हुए पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन स्पर्धा में रजत पदक जीता। ऐश्वर्य ने 466.9 अंक हासिल किए और चीन के युकुन लियू (467.1) के बाद दूसरे स्थान पर रहे। इस स्पर्धा का कांस्य पदक फ्रांस के रोमेन औफ्रेरे (454.8) ने जीता।

फाइनल में जगह बनाने वाले दूसरे भारतीय नीरज कुमार 432.6 अंक के साथ पांचवें स्थान पर रहे। इससे पहले 24 वर्षीय ऐश्वर्य ने इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन स्पर्धा के फाइनल के लिए क्वालीफाई करने के लिए विश्व रिकॉर्ड की बराबरी की। ऐश्वर्य ने क्वालीफिकेशन में 597 (40 एक्स) का स्कोर बनाकर विश्व रिकॉर्ड की बराबरी की उनके हमवतन नीरज भी 592 अंकों के साथ फाइनल में पहुंच गए।



### मनु और ईशा पदक से चूकीं

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता निशानेबाज मनु भाकर और कई एशियाई खेलों की पदक विजेता ईशा सिंह आईएसएसएफ विश्व चैंपियनशिप में महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल फाइनल में पदक जीतने से चूक गई। पेरिस ओलंपिक में 10 मीटर एयर पिस्टल व्यक्तिगत और मिश्रित टीम कांस्य पदक विजेता मनु का फाइनल में प्रदर्शन अच्छा चल रहा था, लेकिन 14वें निशाने में 8.8 का खराब स्कोर करने के कारण वह शीर्ष स्थान से फिसलकर सातवें स्थान पर आ गईं और 139.5 अंक के साथ पदक की दौड़ से बाहर हो गई। हाल ही में चीन के निंगबो में विश्व कप स्वर्ण पदक जीतने वाली ईशा भी दबाव में धैर्य नहीं दिखा सकी। 20 वर्षीय यह निशानेबाज आठ निशानेबाजों के फाइनल में 10.7 के शानदार प्रदर्शन के बाद 14वें निशाने में 8.4 अंक ही बना पाईं और छठे स्थान पर रहीं।

### चीन ओपन में जीती अनाहत, अभय और सेंथिलकुमार बाहर

**नई दिल्ली।** भारत की राष्ट्रीय चैंपियन अनाहत सिंह ने शंघाई में चीन ओपन स्क्वाश टूर्नामेंट के महिला एकल वर्ग में अपने अभियान की शुरुआत जीत के साथ की लेकिन उनके हमवतन अभय सिंह और वेलावन सेंथिलकुमार पुरुष एकल के पहले दौर में हारकर बाहर हो गए। दुनिया की 38वें नंबर की खिलाड़ी दिल्ली की अनाहत ने मिस्र की मेना हामिद को इस पीएसए गोल्ड प्रतियोगिता के राउंड ऑफ 32 मुकाबले में सीधे गेम में 11-6, 11-8, 11-3 से हराया। अनाहत अगले दौर में दुनिया की 15वें नंबर की खिलाड़ी सना इब्राहिम से भिड़ेंगी। अभय को फ्रांस के दुनिया के 17वें नंबर के खिलाड़ी बापतिस्ते मसोती ने 11-8, 11-7, 11-4 से हराया। सेंथिलकुमार को अपने से बेहतर रैंकिंग वाले मिस्र के मोहम्मद अबोलघर के खिलाफ 8-11, 12-14, 6-11 से शिकस्त का सामना करना पड़ा।

# भोपाल नोडल को दोहरा खिताब







हरिभूमि न्यूज ▸▸| भोपाल

एलएनसीटी कैंपस रायसेन रोड में आरजीपीवी राज्यस्तरीय वॉलीबॉल महिला एवं पुरुष प्रतियोगिता 2025-26 मे खेले गए पुरुष वर्ग पहले सेमीफाइनल मे भोपाल नोडल ने उज्जैन नोडल को 2-0, से, दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में जबलपुर नोडल ने ग्वालियर नोडल को 2-1 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। पुरुष वर्ग फाइनल मे भोपाल नोडल ने जबलपुर नोडल को 2-0 से हराकर खिताब हासिल किया। महिला वर्ग के फाइनल मुकाबले में भोपाल नोडल की महिला टीम ने शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए इंदौर नोडल को 2-0 से हराकर खिताब किया। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर पंकज कुमार जैन स्पोर्ट्स डायरेक्टर एलएनसीटी, जमील खान नोडल अधिकारी इंदौर, एवं स्पर्धा सचिव महेश सोधिया द्वारा विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को मेडल एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर विभिन्न नोडलो से आए खेल अधिकारियो एवं ऑफिशियल्स को सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता का संचालन खेल अधिकारी मुकेश त्रिपाठी ने किया।

### प्रतियोगिता में ये रहे सर्वश्रेष्ठ

*पुरुष वर्ग में*

*बेस्ट अटैकर शयन सिंह (भोपाल)*

*बेस्ट लिबरो अविनाश कुमार झा (भोपाल)*

*बेस्ट सेटर, लक्ष्य राजपूत (जबलपुर)*

*महिला वर्ग में*

*बेस्ट अटैकर निधि पटवा (भोपाल)*

*बेस्ट लिबरो दीपिका (इंदौर)*

*बेस्ट सेटर आशी राठौर भोपाल*

## सीओटीएफए मिनी वर्ग में उपलब्धि हासिल करने वाली बनीं विश्व की पहली महिला

# 10 साल की अतीका ने हासिल की ऐतिहासिक पोल पोजीशन

एजेंसी ▸▸| अबू धाबी

भारत की युवा ड्राइवर अतीका मीर फॉर्मूला वन अकादमी की सीओटीएफए यूएई कार्टिंग सीरीज के शुरुआती दौर में ऐतिहासिक पोल पोजीशन हासिल करने के बाद तीसरे स्थान पर रही। दस वर्षीय अतीका पहली भारतीय रेसर हैं, जिन्हें फॉर्मूला वन ने अपने कार्यक्रम के लिए चुना है। चैंपियंस ऑफ द फ्यूचर अकादमी (सीओटीएफए) की अंतरराष्ट्रीय सीरीज का पहले से ही हिस्सा रही अतीका को पिछले महीने फॉर्मूला वन अकादमी ने दो राउंड की सीओटीएफए यूएई चैंपियनशिप के लिए चुना था। अतीका ने प्रभावशाली प्रदर्शन किया। उन्होंने पोल पोजीशन हासिल की और इस तरह से सीओटीएफए मिनी वर्ग में यह उपलब्धि हासिल करने वाली विश्व की पहली महिला बनीं। इसके बाद वह पोडियम पर पहुंचने में भी सफल रही।



### मेरे लिए शानदार : अतीका

जम्मू कश्मीर की रहने वाली अतीका ने कहा, ' यह सप्ताहांत मेरे लिए शानदार रहा। मैंने क्वालिफिकेशन में पोल पोजीशन हासिल की। मैं फाइनल में जीतना चाहती थी लेकिन आखिर में तीसरे स्थान पर रही। यहां से मिली सीख से मैं आगे अपने प्रदर्शन में सुधार करने की कोशिश करूंगी।' अतीका के पिता और भारत के पहले राष्ट्रीय कार्टिंग चैंपियन आसिफ मीर का मानना है कि पोल पोजीशन और पोडियम हासिल करने के बावजूद यह मिश्रित सफलता वाला सप्ताहांत रहा।

# रेल्वे यूथ क्लब ने विश्वास सारंग अकादमी को 176 रन से हराया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भोपाल

स्वर्गीय ठाकुर हुकुम सिंह स्मृति अखिल भारतीय ग्रीन पैराडाइस कप क्रिकेट प्रतियोगिता में मंगलवार को मैच रेल्वे यूथ क्लब व विश्वास सारंग अकादमी के बीच खेला गया। रेल्वे यूथ क्लब ने 252/8 का स्कोर किया। अनुपम टोप्पो ने 116, आदित्य अहिरवार ने 43 और अनुराग यादव ने 34 रन बनाए।

विश्वास सारंग क्रिकेट अकादमी के अमन गुप्ता ने 3, मोहित भावनानी ने 2, जबकि सनी गुप्ता और आशीष ने क्रमशः 1-1 विकेट लिए। जवाब में विश्वास सारंग क्रिकेट अकादमी की टीम कुल 76/10 रन ही बना पाई। संकल्प पी और मार्तण्ड प्रताप सिंह ने 14-14 रन बनाए। रेल्वे यूथ की ओर से दिव्यांश ने 3 जबकि अदीब उर्रहमान,आदित्य और उत्तम ने क्रमशः 2-2 विकेट लिए। इस प्रकार रेल्वे यूथ क्लब ने मैच को 176 रनों से जीत लिया । मैच में शानदार बल्लेबाजी के लिए अनुपम टोप्पो को मैन आफ़ द मैच का पुरस्कार क्रिकेट कोच केडी गुप्ता, जितेंद्र प्रताप सिंह, राहुल मीणा अधिवक्ता और वैभव सिंह बिष्ट द्वारा प्रदान किया गया।






## खबर संक्षेप

### निगम के 21 जोन और 85 वार्डों को 68 करोड़ की वसूली का टारगेट

**भोपाल।** नगर निगम ने राजस्व वसूली के लिए 21 जोन और 85 वार्डों को 13 दिसंबर को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में 68 करोड़ रुपए की वसूली का टारगेट दिया है। इसमें 51 करोड़ 24 लाख 4 हजार 228 रूपए संपत्ति कर और 37 करोड़ 75 लाख 17 हजार 809 रूपए जल कर का टॉरगेट रखा गया है। इसके अलावा साप्ताहिक लक्ष्य पहले ही तय किए जा चुके हैं। हालांकि प्लॉन के अनुसार राजस्व वसूली अभी भी काफी पीछे बताई जा रही है।

### युवती ने लिवइन पार्टनर पर दर्ज कराई दुष्कर्म की एफआईआर

**भोपाल।** बागसेवनिया इलाके में रहने वाले बैंक कर्मचारी के खिलाफ उसकी लिव इन पार्टनर ने दुष्कर्म का मामला दर्ज कराया है। पुलिस के मुताबिक 28 वर्षीय युवती प्राइवेट जॉब करती है और मूल रूप से जबलपुर की रहने वाली है। एक साल पहले उसकी पहचान एक निजी बैंक में काम करने वाले मुकेश मिश्रा से हुई थी। पहले दोनों के बीच फोन पर बातचीत हुई और मामला प्रेम प्रसंग तक पहुंच गया। इतना ही नहीं बाद में दोनों भोपाल के दानिश नगर में लिव इन रिलेशनशिप में साथ रहने लगे। इस दौरान आरोपी युवक ने उसके साथ लगातार दुष्कर्म किया।

दो जोन में बंटा शहर, लेकिन आबादी के अनुपात में वाहन-कैचर की संख्या कम

# निगम के पास तीन एबीसी सेंटर, 84 स्ट्रीट डॉग ही पहुंच रहे, इधर, सेंटर बढ़ाने की हो रही तैयारी

## *30 लाख की आबादी पर केवल 5 वाहन और 55 कैचर का सहारा*

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

नगर निगम प्रशासन सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद एबीसी सेंटरों की संख्या और शेल्टर बनाने के लिए भले ही योजना बना रहा हो, लेकिन वर्तमान में जो एबीसी सेंटर हैं उनमें ही क्षमता से कम संख्या में स्ट्रीट डॉग पहुंच रहे हैं। इसका बडा कारण 30 लाख से ज्यादा की आबादी वाले शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में वाहनों की संख्या और कैचर की कमी है। यह जिम्मेदारी बेहद समीति संसाधनों से पूरी हो रही है। 5 वाहनों के सहारे 55 कैचर रोज 70 से 80 स्ट्रीट डॉग ही पकड़ पा रहे हैं। निगम के अहमदपुर, अरवलिया, कजलीखेड़ा में एनिमल बर्थ सेंटर संचालित हो रहे हैं। यहां रोजाना 70 से 80 स्ट्रीट डॉग नसबंदी के लिए पहुंचते हैं। यह जिम्मा निगम के 5 वाहनों और 55 कैचर के सहारे हो रहा है, जबकि तीनों सेंटरों में नसबंदी की क्षमता 300 से ज्यादा है। प्रत्येक सेंटर पर 7 लोगों का स्टॉफ तैनात रहता है। निगम के वेटनरी शाखा के अधिकारियों के अनुसार एबीसी सेंटर बढाने की योजना बन रही है और संसाधनों को भी बढाया जाएगा ताकि सुप्रीम कोर्ट के निर्णय और केंद्र सरकार की योजना अनुसार कार्य का संचालन किया जा सके।



### दो जोन में दो एएचओ पर है जिम्मा

शहर को दो जोन में बांटा गया है। प्रत्येक में एक एएचओ को इसका जिम्मा दिया गया है। एक जोन में तीन तो दूसरे में दो वाहन हैं। जबकि लोगों का कहना है कि स्ट्रीट डॉग को लेकर वे शिकायतें तो करते हैं, लेकिन डॉग स्कायड अमला पहुंचता ही नहीं है।

### निगम को मिलती हैं रोज 30 से 40 शिकायतें

सीएम हेल्पलाइन, महापौर हेल्पलाइन, वार्ड और जोन कार्यालयों को रोजाना स्ट्रीट डॉग को लेकर 30 से 40 शिकायतें मिलती हैं, जो तुरंत संबंधित जोन के एएचओ के पास पहुंचती हैं। इसके बाद अमला क्षेत्र में पहुंचकर उन्हें पकडने की कार्रवाई करता है। कई बार तो एक ही क्षेत्र में वाहन, कैचर को दो से तीन दिन तक लग जाते हैं, क्योंकि डॉग पकड़ में नहीं आते।

### अवधपुरी से एसओएस बालग्राम तक सवा तीन करोड़ के सीसी रोड निर्माण में देरी

- सिंगल लेन रोड के दोनों तरफ अव्यवस्थित बिजली के पोल और ट्रांसफार्मर होना हैं शिफ्ट
- दो माह बाद भी निर्माण कार्य नहीं हुआ शुरू

भेल क्षेत्र के अवधपुरी तिराहे से एसओएस बालग्राम तक करीब सवा किमी लंबे रोड का निर्माण कार्य दो माह बाद भी शुरू नहीं हुआ। सवा तीन करोड़ रुपए से सीसी रोड का निर्माण कार्य का भूमिपूजन दो माह पहले हआ था, लेकिन उक्त रोड किनारे तीन दर्जन से ज्यादा बिजली के पोल और ट्रांसफार्मर व्यवस्थित नहीं किए गए। लिहाजा रोड का निर्माण कार्य ही शुरू नहीं हुआ। गोविंदपुरा विधायक व राज्य मंत्री कृष्णा गौर ने इस बात को लेकर समीक्षा बैठक में नाराजगी भी व्यक्त की और अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि रोड का निर्माण कार्य जल्द शुरू करवाएं। पिपलानी-खजूरी कलां और अवधपुरी को जोड़ने वाले इसे रोड के बनने से तीन दर्जन से ज्यादा कॉलानियों के लोगों को न सिर्फ बेहतर आवाजाही की सुविधा मिलेगी जबकि दोनों मुख्य मार्गों पर यातायात का दबाव भी कम होगा। इस रोड की सीधी कनेक्टीविटी दो फारेलेन सड़कों से सीधी हो जाएगी।

#### इसलिए अहम है रोड का निर्माण

जंबूरी मैदान पर आए दिन सरकारी कार्यक्रम होते हैं और वीआईपी मूवमेंट रहता है। इसके लिए यातायात बंद किया जाता है। अवधपुरी से लगी तीन दर्जन से ज्यादा कॉलोनियों के लोगों को आवाजाही सुचारू रहे, इसलिए इस रोड को सीसी किया जा रहा है।

#### जंबूरी मैदान पर कार्यक्रम के बाद भी लोगों को नहीं होगी परेशानी

अवधपुरी और पिपलानी खजूरी कला फोरलेन को जोड़ने वाले उक्त रोड के बनने से आवाजाही रोजमर्रा की तरह चलती रहेगी। वर्तमान में डामर के इस रोड पर जगह-जगह गडढे हैं और रात के समय अंधेरा रहता है।

# हॉस्टल की बिल्डिंग से गिरकर एमबीबीएस छात्र की मौत, परिजनों ने जताई रैगिंग की आशंका

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

गजराराजा मेडिकल कॉलेज के रविशंकर हॉस्टल में सोमवार रात संदिग्ध परिस्थितियों में एक 21 वर्षीय एमबीबीएस के छात्र की मौत हो गई। छात्र फर्स्ट फ्लोर से नीचे गिरा, जिसके बाद उसे गंभीर हालत में जेएएच अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक यशराज उइके, निवासी घोड़ाडोंगरी, बैतूल का रहने वाला है। वह हाल ही में नीट परीक्षा पास करने के बाद एमबीबीएस फर्स्ट ईयर में दाखिल हुआ था और करीब 20 दिन पहले ही ग्वालियर आया था। उस समय छात्र का रूम पार्टनर प्रवीण सहरिया कमरे के अंदर था, जबकि यशराज बाहर ओपन एरिया में था। अचानक वह फर्स्ट फ्लोर से नीचे गिर गया लेकिन उसके रूम पार्टनर को पता नहीं चला। नीचे ड्यूटी पर तैनात गाड्र्स ने गिरने की तेज आवाज सुनी और जब पोर्च में पहुंचे तो छात्र बेहोश पड़ा था। गार्ड कपिल कुमार ने तत्काल वार्डन और अन्य छात्रों को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने छात्र को अस्पताल भिजवाया लेकिन इंटरनल इंजरी के कारण उसकी मौत हो गई।

### नहीं उठा सकता खुदकुशी जैसा कदम

मृतक की रिश्ते की बहन सुषमा जो कि मुरैना में नर्स हैं, ग्वालियर पहुंचीं और उन्होंने हत्या या रैगिंग के कारण मौत का शक जताया। उनका कहना था कि मेरा भाई आत्महत्या जैसा कदम नहीं उठा सकता। यदि वह गिरा था, तो शरीर पर लगी चोटों से खून क्यों नहीं निकला। जरूर कुछ गड़बड़ हुई है। परिवार ने आरोप लगाया कि छात्र को रैगिंग का शिकार बनाया गया था, हालांकि पुलिस द्वारा अभी इस बात की पुष्टि नहीं की गई है।

### हॉस्टल की छत पर मिला फोनः पुलिस

पुलिस को जांच के दौरान छात्र का मोबाइल फोन हॉस्टल की छत पर मिला, जबकि वह फर्स्ट फ्लोर से गिरा बताया जा रहा है। झांसी रोड थाना प्रभारी शक्ति सिंह यादव ने बताया कि यह आत्महत्या, हादसा या कुछ और है, इसकी पुष्टि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के बाद ही की जा सकेगी। इधर गजराराजा मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. आर.के.एस. धाकड़ ने कहा कि छात्र को गिरने के तुरंत बाद अस्पताल पहुंचाया गया था लेकिन बचाया नहीं जा सका। मामले की सूचना पुलिस को दी गई है और जांच जारी है

### जीएमसी के 70 वर्ष पूर्ण समारोह दिसंबर में

**भोपाल।** जीएमसी वर्ष 2025 में अपने स्थापना के 70 वर्ष पूरे कर रहा है। जीएमसी के 70 वर्ष पूरे होने पर कालेज प्रशासन 20 और 21 दिसंबर को दो दिवसीय प्लेटिनम जुबली समारोह मनाएंगा। भव्य कार्यक्रमों की श्रृंखला तैयार की है। समारोह के मीडिया प्रभारी डॉ आईके चुघ ने बताया कि 20 दिसंबर को सुबह से ही गतिविधियां शुरू होंगी। मुख्य आयोजन दोपहर 11 बजे से दोपहर एक बजे तक रखा गया है, जिसमें पूर्व छात्र, वरिष्ठ चिकित्सक और विभिन्न बैचों के पूर्व विद्यार्थी शामिल होंगे।

एनएचआरएम पर धरना देकर किया प्रदर्शन

## आशा ऊषा कार्यकर्ता को नहीं मिला चार महीने से वेतन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



प्रदर्शन करतीं आशा-ऊषा कार्यकर्ताएं

पिछले चार महीने से वेतन नहीं मिलने से परेशान आशा-उषा कार्यकताओं ने मंगलवार को एनएचआरएम कार्यालय पर धरना देकर प्रदर्शन किया। धरने पर बैठी आशा ऊषा कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी है कि अगर सात दिन में वेतन का भुगतान नहीं किया गया तो भूख हड़ताल की जाएगी। आशा कार्यकर्ताओं ने वेतन नहीं मिलने पर लिखित ज्ञापन मुख्यमंत्री और एनआरएचएम की एमडी को ज्ञापन सौंपा है। जिसमें उन्होंने पिछले चार महीने से वेतन नहीं मिलने की शिकायत की है। आशा उषा कार्यकर्ता संघ की प्रदेशाध्यक्ष विभा श्रीवास्तव ने बताया कि पिछले चार महीने से वेतन नहीं मिलने की वजह से उन्हें और उनके परिवार को आर्थिक तंगी से जूझना पड़ रहा है।

पुलिस रही मौजूद, भवन अनुज्ञा शाखा ने की कार्रवाई

## गांधी नगर में पांच दुकानों ने अवैध रूप से बना लिए थे पक्के पिलर, जेसीबी से तोड़े



अवैध निर्माण तोड़ा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

शहर के गांधी नगर क्षेत्र में मंगलवार को निगम अमले ने झूलेलाल मार्केट के पास पांच दुकानों द्वारा अवैध रूप से बनाए गए सात पिलर तोड़ने की कार्रवाई की गई। भवन अनुज्ञा शाखा की इस कार्रवाई के दौरान निगम का अतिक्रमण अमला और पुलिस बल मौजूद रहा। जेसीबी के माध्यम से पक्के पिलर को तोडा गया। जबकि उक्त अवैध निर्माण की कार्रवाई के पूर्व अवैध निर्माण करने वालों को भवन अनुज्ञा शाखा से नोटिस जारी किए गए थे। निगम के अमले ने कोलार सलैया, चूना भट्टी, मिसरोद, बागसेवनिया, नारायण नगर, होशंगाबाद रोड, कटारा हिल्स, लहारपुर, राजीव नगर, बावड़ियि कलां, न्यू अदालत, गवर्मेंट प्रेस, बोट क्लब, जिंसी चौराहा, बुधवारा, चार बत्ती चौराहा, मछली मार्केट, इतवारा, गिन्नौरी सिंधी कालोनी, रायसेन रोड पर कार्रवाई करते हुए ठेले, गुमठी, पान पार्लर, सब्जी की दुकानें व दुकानों के बाहर रखा सामान हटवाया।

## एसआईआर में हो रही अनियमितताओं के विरोध में शुक्ला मैदान में उतरे



कांग्रेस नेता शुक्ला ने जताया विरोध।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मतदाता सूची के चल रहे एसआईआर में मतदाताओं और बीएलओ दोनों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। भाजपा नेता जहां केवल बयानबाजी कर रहे हैं, वहीं कांग्रेस नेता मनोज शुक्ला स्कूटी पर सवार होकर क्षेत्र में बीएलओ के बीच स्कूटी से पहुंचे। कांग्रेस नेता मनोज शुक्ला भोपाल के नरेला में स्कूटी से दर्जनों बूथ पर जाकर SIR में आ रहीं कठिनाइयों और परेशानियों को बीएलओ को दूर करने की समझाइश देकर और कार्य कर रहे बीएलओ जो महिला थीं उनको नारियल और पुरुष बीएलओ को गुलाब का फूल देकर सम्मानित किया और उनके कार्यों का निरीक्षण किया। शुक्ला ने साथियों सहित स्कूटी लेकर पूरे क्षेत्र में भ्रमण किया और जगह जगह जहाँ बीएलओ कार्य कर रहे हैं वहा जाकर बीएलओ और आम जानता को जागरूक किया, और अल्पसंख्यक समुदाय में जो SIR को लेकर डर का वातावरण है उसे दूर करने की समझाईश दी, साथ ही लोगों को एसआईआर SIR को लेकर जागरूक कर एसआईआर की पूरी प्रक्रिया की जानकारी दी।

## बीएलओ और पत्रक की शिकायत लेकर पहुंची कांग्रेस, चुनाव आयोग में दर्ज कराई शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

कांग्रेस ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी से शिकायत करते हुए कई विषयों पर सुझाव भी दिया है। पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा ने कहा कि जिस प्रकार 22 वर्ष बाद फिर स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य 27 अक्टूबर 2025 से प्रारंभ हुआ है। जिसमें 27 से 3 तारीख तक प्रशिक्षण और अन्य कार्यक्रम तय थे और 4 नवंबर से 4 दिसंबर तक बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर गणना पत्र इंडिविजुअल दो कॉपी में वितरित करना था। जो की हमारे कार्यकर्ता और हमारे जमीनी स्तर के बीएलओ द्वारा जो हमारे पास जानकारी आई। उसमें में ना तो बीएलओ अभी तक घर-घर पहुंचे हैं और नहीं कई जगह गणक पत्रक वितरित हुए है।

## जिलाध्यक्ष बनने पर शाक्य का किया स्वागत



स्वागत समारोह का दृश्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भारतीय मजदूर संघ के संस्थापक दत्तोपंत ठेंगड़ी के जन्मदिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मप्र राज्य कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष के पद पर निर्वाचित होने पर जितेंद्र शाक्य का भारतीय मजदूर संघ प्रदेश कार्यालय में प्रदेश महामंत्री कुलदीप सिंह गुर्जर द्वारा स्वागत किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश के उपाध्यक्ष हरेंद्र चंदेल, वनवासी ग्रामीण मजदूर संघ के अखिल भारतीय संगठन मंत्री जितेंद्र गुर्जर, प्रदेश के मंत्री राजन नायर, डॉ अनिल एडविन, कमलेश नागपुर, संदीप त्रिपाठी, डॉ. ब्रीज त्रिपाठी, नीतू शर्मा, माया यादव सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

खनिज विभाग को दर्ज कराई शिकायत, शहरी क्षेत्र में अवैध उत्खनन

# बिल्डर ने 16 हजार वर्गफीट एरिया से निकाला 400 डंपर पत्थर-मुरम

### मामले की शिकायत कलेक्टर के यहां कराई दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

शाहजहांनाबाद स्थित बारह महल एरिया के मेन रोड पर बिल्डर ने 16 हजार वर्गफीट एरिया को कवर्ड कर लाखों रुपए के खनिज का अवैध उत्खनन किया है। यहां से पोकलेन मशीनों से खुदाई कर करीब चार सौ से अधिक बोल्डर और मुरम के डंपर निकाले गए हैं। यही नहीं बिल्डर ने यहां पंद्रह से बीस फीट गहरी खुदाई कर खनिज का अवैध परिवहन किया है। मामले की शिकायत कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह को की गई है।



बारह महल रोड की मुख्य सड़क पर अटलांटिस बिल्डर द्वारा पिछले दो महीने से 16 हजार वर्गफीट की जगह पर चारों तरफ टीनशेड लगाया गया है। यहां पर बड़ी पोकलेन मशीनों से पत्थर तोड़कर डंपरों से भरकर निकाला जा रहा है। जिससे यहां की प्लेन जगह पर पंद्रह से 20 फीट गहरा गड्ढा हो गया है। लगातार मशीनों की ड्रिल चलने की वजह से आसपास के लोगों को शोर की वजह से परेशानी हो रही है। इसके साथ इस प्लॉट के आसपास अधिकतर पुराने मकान हैं। नारियलखेड़ा निवासी इकबाल ने मामले की शिकायत कलेक्टर को दर्ज कराई है। जिसमें कहा गया है कि यहां छह मंजिला मल्टी स्टोरी बिल्डिंग बनाई जा रही है। जिसके लिए दो महीने से पत्थर की चट्टान और मुरम निकालकर गहराई की जा रही है। यहां पर पिछले दो महीने के दौरान करीब चार सौ डंपर भरकर पत्थर और मुरम भरकर निकाली गई है। साइट सुपरवाईजर आदिल का कहना है कि मल्टी स्टोरी बिल्डिंग बनाने के लिए खुदाई करने में खनिज विभाग की परमिशन की कोई जरूरत नहीं है।



AUTHORIZED NISSAN DEALERS: MADHYA PRADESH: BHOPAL: SOHUM NISSAN- 8291060887, CHHINDWARA: SHREE KRISHNA NISSAN- 8291046174, INDORE: GEETA BHAWAN SQUARE: ANAND NISSAN- 8291045843, GWALIOR: SHIVPURI LINK ROAD: SUMEDHA NISSAN- 9619894841, JABALPUR: NEAR COMMERCIAL PETROL PUMP: PLATINUM NISSAN- 8291040124, CHHATTISGARH: RAIPUR: OPPOSITE MAGNETO MALL: SHIVA NISSAN- 9167298723, BILASPUR: SHIVA NISSAN- 9167196314.

*Terms & conditions apply: The scheme/benefits mentioned are applicable on select vehicles/variants invoiced on or before 30th November 2025 or till stocks last. All prices ex-showroom Delhi. Features may vary from variant to variant. Colours, models and variant are indicative and for depiction only and may vary due to printing constraints. Accessories shown may not be part of standard fitment. Please visit your nearest Nissan dealer for more information. Finance at sole discretion of NRFSI. *Segment refers to B-SUV models with Length <4m. *Standard warranty 3 year or 100k km whichever comes first and can be extended to 10 years 200K on additional cost. ~Offer applicable on Nissan Magnite only and customer needs to provide certificate of deposit. *Government approved CNG Kit fully developed, manufactured & Quality assured by a 3rd Party. CNG kit warranty & any other related terms & conditions are applicable as specified by third party.®GNCAP rating for Nissan Magnite published in 2025 - 5 Star for Adult Safety and 3 Star for Child Safety rating from VIN: MDHFBADD0Z0037139. Detailed report available on website: www.globalncap.org/indiaresults. TBWA\39511025

NISSAN | NISSAN FINANCE

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930